जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

उदयपुर

Rashtradoot

उदयपुर, बुधवार 25 दिसम्बर, 2024

epaper.rashtradoot.com



## विचार बिन्दु

कलाकार प्रकृति का प्रेमी होता है अर्थात वह उसका दास भी है और स्वामी भी। –अज्ञात

# शास्त्रीय संगीत व पश्चिमी पॉप के घालमेल से लुभाना

अपने जीवनकाल में ऊंची सफलताएं और सम्मान पाने वाले तबला वादक ज़ाकिर हुसैन का पिछले दिनों सेन फ्रांसिस्को, अमरीका में निधन हो गया, जहां के वे रहने वाले हो गये थे। इस बड़े संगीतज्ञ ने अपने जीवनकाल में वह सब कुछ हासिल किया जिसका सपना हर कलाकार देखता है। जाकिर हुसैन की विरासत में हमें संगीत की अनोखी नवीनता तथा सांस्कृतिक मेल-जोल का महारत शामिल मिलता है, जिसे 'भारतरत्न' से अलंकृत सितारवादक पंडित रविशंकर की धारा से निकला माना जा सकता है। मनोरंजन के बाज़ार की दुनिया के चार ग्रैमी पुरस्कार उनकी अंतरराष्ट्रीय पहचान को और बुलंदियां दे गये। जैज़, रॉक और वैश्विक ताल के साथ पारंपरिक भारतीय लय का मिश्रण करके उन्होंने संगीत की आधुनिक दुनिया पर अपनी छाप बनाई जिसका प्रभाव वादकों की नई युवा पीढ़ी पर निश्चित रूप से पड़ा और इक्कीसवीं सदी की नई पीढ़ी ने उन्हें अब तक के सबसे महान तबला वादक के रूप में मनवा लिया। उनके निधन पर मीडिया में शोक की जिस प्रकार की लहर बही उसे यदि वह दिवंगत कलाकार देख पाता तो स्वयं भी गर्व करता। ऐसा लगा कि मीडिया ने अपना वह कलंक धो डाला है कि वह भारतीय शास्त्रीय कलाकार को मामूली जगह देता है तथा राजनेताओं और धनपतियों के ही मर्सिये पढ़ता है। हालांकि ज़ाकिर हुसैन को दी गई सभी श्रद्धांजलियों और श्रद्धांजलि आलेखों या चर्चाओं में वे सारे अतिरेक थे जिसमें आज का मीडिया धुरंधर है। इसलिए यह कवरेज देख कर कोई भी यह मानने लग सकता है कि ज़ाकिर हुसैन न होते तो तबला ही न होता। उनको ऊंचे तख्त पर बिठाने के लिए लोगों ने तबले के उस्ताद अल्लाह रक्खा खां को भी इसलिए याद कर लिया कि वे ज़ाकिर हुसैन के पिता थे। पंडित रविशंकर की भांति ज़ाकिर हुसैन ने भी आधुनिक समय के श्रोताओं की नब्ज पहचान ली थी कि उन्हें धूम-धड़ाका चाहिये। भारतीय शास्त्रीय संगीत का लंबा आलाप नई पीढ़ी को उबाता है। इस समझ का उन्हें भरपूर लाभ मिला, भले ही उसके लिए उन्हें परंपरागत भारतीय शास्त्रीय परंपराओं से थोड़ा हटना पड़ा। कोई पूछ सकता है कि किसी ने कभी पश्चिमी क्लासिकल के साथ पॉप संगीत की जुगलबंदी सुनी है? मगर हमारे संगीतज्ञ अपना रुतबा जमाने के लिए ऐसा करते हुए उसे भारतीय शास्त्रीय संगीत को विस्मृत होने से बचाना मानते हैं। शास्त्रीय संगीत में कुछ नया, उसके प्रतिमानों को अपनाए रख कर किया जा सकता है। अमरीका के पास अपना कोई क्लासिकल संगीत नहीं हैं। वहां सब बाहर का है जो अधिकतर अफ्रीकी फोक है या पॉप है। बाहर से लिये हुए को मिलाकर बाज़ार में बेचने का हुनर तीन सौ साल के इतिहास वाले अमरीका को खूब आता है। भारत की तरह ही हजारों सालों के इतिहास की थाती लिए यूरोप में ललित कलाओं की शास्त्रीयता मिलती है। वहां कोई घालमेल नहीं है। मगर इस समय भारतीय लोगों पर बाज़ार हावी है। इसीलिए ज़ाकिर हुसैन को हम अपने खुद के समय की चकाचौंध में खोया पाते है। ऐसे संगीतकारों का तर्क होता है कि वे ऐसा करके नई पीढ़ी को विस्मृत होते भारतीय शास्त्रीय संगीत की तरफ फिर से ला रहे हैं। ज़ाकिर हुसैन ने तबले से डमरू और शंख की ध्वनियां निकाल कर ऐसा ही किया।

भारतीय शास्त्रीय संगीत केवल एक कला रूप नहीं है, बल्कि एक व्यापक आध्यात्मिक, भावनात्मक और बौद्धिक अनुभव है, जो अत्यंत गहरा है, जिसे जीवन भर खोजा जा सकता है। एक बार बीबीसी से इसी कलाकार ने कहा भी था कि भारतीय शास्त्रीय संगीत स्टेडियम म्यूज़िक नहीं है। यह ऐसा म्यूज़िक नहीं है जिसे 50,000 लोग आपको दूर से देखें, आप स्क्रीन पर नज़र आयें। उस टाइप का नहीं है। ये एक बड़ा ही अंतरंग प्रकार का संगीत है। इसमें आंखों से आंखें मिलती हैं और संगीत का वार्तालाप होता है। मगर ग्रैमी के लिए इसकी दरकार नहीं होती। वहां बाज़ार में बिकने वाला संगीत होता है। ज़ाकिर हुसैन उन संगीतकारों में शुमार रहे, जो उसे श्रोताओं के लिए केवल मनोरंजन का एक साधन बना देने के बाज़ार के औज़ार बने। वे पहले तबला वादक नहीं थे जिन्होंने इस वाद्य को एकल वाद्य के रूप में पहचान दिलाई। पं. रविशंकर के साथ संगत करते हुए भी उनके पिता अल्लाह रक्खा खां ने एकल प्रदर्शन दिए थे। तबले को एकल वाद्य के रूप में जिस अद्भुत कलाकार ने प्रतिष्ठा दिलाई वह था अहमद जान थिरकवा (1891-1976)। मगर वह तबले पर थाप देते हुए अपने सिर को झटका देकर अपने बाल हवा में नहीं लहराता था और न वह किसी ब्रांड की चाय की पत्ती बेचने के लिए वाह उस्ताद बना था। ज़ाकिर हुसैन वाह उस्ताद थे। ज़ाकिर हुसैन ने एक बार कहा था कि उन्होंने वरिष्ठ गुरुजनों से सीखा मगर जब मैं बाहर निकला तो युवा होने के साथ-साथ मेरा दिमाग़ ज़्यादा खुला था। इस खुले दिमाग से उन्होंने सीखा कि व्यावसायिक मंच पर प्रदर्शन कैसे करना है। इस प्रदर्शन में लोकप्रियता हासिल करना प्राथमिकता होती है। वे नये ज़माने के साथ चले और नये ज़माने के सुनने वालों को वह दिया जिनकी सुनने की चॉइस बाज़ार ने तय कर रखी थी।


ऐसा भी नहीं है कि किसी काल खंड में स्थिर हो जाना ही शास्त्रीयता होती है। कम से कम भारतीय संगीत के लिए ऐसा नहीं कहा जा सकता। भारतीय शास्त्रीय संगीत की यह विशेषता है कि इसमें हमेशा नए की गुंजाइश रहती है और संगीत के पंडित और उस्ताद हमेशा नया करते रहे हैं, खासकर रागों के प्रदर्शन में। संगीतकार अक्सर हर बार जब वे किसी राग को बजाते हैं, तो हर बार उसकी अनूठी व्याख्या करते हैं, जिससे एक निश्चित ढांचे के भीतर व्यक्तिगत अभिव्यक्ति और सहजता की अनुमति होती है। यह रचनात्मक स्वतंत्रता नवाचार को बढ़ावा देती है और संगीत को गतिशील बनाए रखती है, जिससे यह अपनी पारंपरिक जड़ों को बनाए रखते हुए विकसित होता जाता है। मगर इसका अर्थ यह नहीं है कि तबले से तालियों की आवाज़ें निकाली जाए। व्यावसायिक संगीत परिदृश्य में ज़ाकिर हुसैन की लोकप्रियता ने पारंपरिक तबला शैली को व्यापक अपील देने के लिए सरलीकृत कर दिया। इससे भारतीय शास्त्रीय तबला वादन की गहन जटिलताओं और बारीकियों के क्षरण के साथ आकर्षक या सुलभ लय को ही बढ़ावा मिला है। जाकिर हुसैन की प्रसिद्धि और सफलता ने उन्हें कई महत्वाकांक्षी युवा तबला वादकों के लिए आदर्श बना दिया। इससे प्रतिभाशाली संगीतकारों की एक ऐसी पीढ़ी तैयार हुई है, जिनके प्रदर्शन में निपुणता और गति पर जोर तो होता है किन्तु संगीत की सूक्ष्मता और शास्त्रीय परंपरा के गहरे पहलू कमजोर हो जाते हैं। ज़ाकिर हुसैन ने जो दिशा अपनाई है, उसके बारे में आलोचनाएं भी हुई हैं, भले ही वे दबे स्वरों में रही। फिर भी ज़ाकिर हुसैन की डिस्कोग्राफी लय और धुन का एक समृद्ध ताना-बाना है, जो एक कलाकार के रूप में उनकी बहुमुखी प्रतिभा को जरूर दर्शाता है। 1970 के दशक में अपनी शुरुआती रिकॉर्डिंग के बाद से, हुसैन ने विभिन्न शैलियों के कई प्रसिद्ध संगीतकारों और कलाकारों के साथ संगत की। उनके कुछ शुरुआती कामों में गिटार के उस्ताद बृज भूषण काबरा के साथ 'परफेक्ट पार्टनरशिप - गिटार एंड तबला' (1978) और वसंत राय के साथ 'इवनिंग रागास' (1979) शामिल हैं। इन एल्बमों ने भारतीय शास्त्रीय संगीत को अन्य संगीत परंपराओं के साथ मिलाने के लिए भविष्य का मंच तैयार किया। आर्थिक खुलेपन की नीतियों के उभार के साथ 1980 के दशक के दौरान और उसके बाद जब सब-कुछ बदल रहा था तब हिन्दुस्तानी संगीत उससे अछूता कैसे रह सकता था। बाज़ार के कंधों पर ज़ाकिर हुसैन लगातार ऊंचाइयां छूते चले गये। हालांकि उस काल में उन्होंने राहुल सारिपुत्र के साथ 'फुटप्रिंट्स इन द स्काई' (1981) और बृज भूषण काबरा के साथ 'द मैजिक ऑफ म्यूजिक' (1982) जैसे एल्बम बनाए तथा 'सुर ताल' (1991) में प्रसिद्ध सारंगी कलाकार सुल्तान खान के साथ मिलकर मांड की खुशबू भी बिखेरी। किन्तु नई सदी में वे विदेशी बगीचों की बयार का आनंद लेने लगे। मिकी हार्ट के साथ मिलकर बनाए गए 'ग्लोबल ड्रम प्रोजेक्ट' (2007) जैसे एल्बमों ने दुनिया भर की लय और ताल का मिश्रण के प्रति हुसैन के वैश्विक दृष्टिकोण को उड़ान दी। इस एल्बम ने ग्रैमी पुरस्कार जीता और विश्व संगीत के नवप्रवर्तक के रूप में उन्हें प्रतिष्ठा दी। बाद में बेला फ्लेक और एडगर मेयर के साथ रिकॉर्ड किए गए 'द मेलोडी ऑफ़ रिदम' (2009) और डेव हॉलैंड और क्रिस पॉटर के साथ 'गुड होप' (2019) जैसे एल्बमों के जरिए वे संगीत की अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं के पार दूर तक चले गये।

सिने संगीत की अपनी जरूरत होती है वहां भी इस कलाकार ने अपनी इसी क्षमता को दर्शाया। फिल्म स्कोर में अपने प्रत्यक्ष योगदान के अलावा, हुसैन कई संकलनों और सहयोगी कार्यों में भी दिखाई दिए, जैसे कि 'द रफ गाइड टू रविशंकर' (2003) और 'द रफ गाइड टू इंडियन क्लासिकल म्यूजिक' (2014)। वे ऐसे रफ गाइड के रूप में बाज़ार की पहली पसंद थे। इसी बाज़ार के लिए उन्होंने बेला फ्लेक और एडगर मेयर के साथ 'एज़ वी स्पीक' (2023) में ब्लूग्रास, जैज़ और शास्त्रीय भारतीय लय को जोड़ कर बाजार को निहाल किया। हुसैन सात बार बाज़ार के सिरमौर ग्रैमी पुरस्कार के लिए नामांकित हुए और चार बार ग्रैमी जीते। उन्होंने 2024 में वह 66वें ग्रैमी पुरस्कार में एक ही रात में तीन ग्रैमी पुरस्कार जीतने वाले पहले भारतीय संगीतकार बनकर इतिहास भी रचा।

**अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

**जाकिर हुसैन की प्रसिद्धि और सफलता ने उन्हें कई महत्वाकांक्षी युवा तबला वादकों के लिए आदर्श बना दिया। इससे प्रतिभाशाली संगीतकारों की एक ऐसी पीढ़ी तैयार हुई है, जिनके प्रदर्शन में निपुणता और गति पर जोर तो होता है किन्तु संगीत की सूक्ष्मता और शास्त्रीय परंपरा के गहरे पहलू कमजोर हो जाते हैं। ज़ाकिर हुसैन ने जो दिशा अपनाई है, उसके बारे में आलोचनाएं भी हुई हैं, भले ही वे दबे स्वरों में रही।**

# राष्ट्र निर्माण के ''अटल'' आदर्श की शताब्दी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

मैं जी भर जिया, मैं मन से मरूं...लौटकर आऊंगा, कूच से क्यों डरूं? अटल जी के ये शब्द कितने साहसी हैं...कितने गूढ़ हैं। अटल जी, कूच से नहीं डरे...उन जैसे व्यक्तित्व को किसी से डर लगता भी नहीं था। वो ये भी कहते थे... जीवन बंजारों का डेरा आज यहां, कल कहां कूच है..कौन जानता किधर सवेरा...आज अगर वो हमारे बीच होते, तो वो अपने जन्मदिन पर नया सवेरा देख रहे होते। मैं वो दिन नहीं भूलता जब उन्होंने मुझे पास बुलाकर अंकवार में भर लिया था...और जोर से पीठ में धौल जमा दी थी। वो स्नेह...वो अपनत्व...वो प्रेम...मेरे जीवन का बहुत बड़ा सौभाग्य रहा है।

आज 25 दिसंबर का ये दिन भारतीय राजनीति और भारतीय जनमानस के लिए एक तरह से सुशासन का अटल दिवस है। आज पूरा देश अपने भारत रत्न अटल को, उस आदर्श विभूति के रूप में याद कर रहा है, जिन्होंने अपनी सौम्यता, सहजता और सहृदयता से करोड़ों भारतीयों के मन में जगह बनाई। पूरा देश उनके योगदान के प्रति कृतज्ञ है। उनकी राजनीति के प्रति कृतार्थ है।

21वीं सदी को भारत की सदी बनाने के लिए उनकी एनडीए सरकार ने जो कदम उठाए, उसने देश को एक नई दिशा, नई गति दी। 1998 के जिस काल में उन्होंने पीएम पद संभाला, उस दौर में पूरा देश राजनीतिक अस्थिरता से घिरा हुआ था। 9 साल में देश ने चार बार लोकसभा के चुनाव देखे थे। लोगों को शंका थी कि ये सरकार भी उनकी उम्मीदों को पूरा नहीं कर पाएगी। ऐसे समय में एक सामान्य परिवार से आने वाले अटल जी ने, देश को स्थिरता और सुशासन का मॉडल दिया। भारत को नव विकास की गारंटी दी।

वो ऐसे नेता थे, जिनका प्रभाव भी आज तक अटल है। वो भविष्य के भारत के परिकल्पना पुरुष थे। उनकी सरकार ने देश को आईटी, टेलीकम्यूनिकेशन और दूरसंचार की दुनिया में तेजी से आगे बढ़ाया। उनके शासन काल में ही, एनडीए ने टेक्नॉलजी को सामान्य मानवी की पहुंच तक लाने का काम शुरू किया। भारत के दूर-दराज के इलाकों को बड़े शहरों से जोड़ने के सफल प्रयास किये गए।

वाजपेयी जी की सरकार में शुरू हुई जिस स्वर्णिम चतुर्भुज योजना ने भारत के महानगरों को एक सूत्र में जोड़ा वो आज भी लोगों की स्मृतियों पर अमिट है। लोकल कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए भी एनडीए गठबंधन की सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसे कार्यक्रम शुरू किए। उनके शासन काल में दिल्ली मेट्रो शुरू हुई, जिसका विस्तार आज हमारी सरकार एक वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के रूप में कर रही है। ऐसे ही प्रयासों से उन्होंने ना सिर्फ आर्थिक प्रगति को नई शक्ति दी, बल्कि दूर-दराज के क्षेत्रों को एक-दूसरे से जोड़कर भारत की एकता को भी सशक्त किया।

जब भी सर्व शिक्षा अभियान की बात होती है, तो अटल जी की सरकार का जिक्र जरूर होता है। शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मानने वाले वाजपेयी जी ने एक ऐसे भारत का सपना देखा था, जहां हर व्यक्ति को आधुनिक और गुणवत्ता वाली शिक्षा मिले। वो चाहते थे भारत के वर्ग, यानि ओबीसी, एससी, एसटी, आदिवासी और महिला सभी के लिए शिक्षा सहज और सुलभ बने।

उनकी सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए कई बड़े आर्थिक सुधार किए। इन सुधारों के कारण भाई-भतीजावाद में फंसी देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिली। उस दौर की सरकार के समय में जो नीतियां बनीं, उनका मूल उद्देश्य सामान्य मानवी के जीवन को बदलना ही रहा।

उनकी सरकार के कई ऐसे अद्भुत और साहसी उदाहरण हैं, जिन्हें आज भी हम देशवासी गर्व से याद करते है। देश को अब भी 11 मई 1998 का वो गौरव दिवस याद है, एनडीए सरकार बनने के कुछ ही दिन बाद पोकरण में सफल परमाणु परीक्षण हुआ। इसे 'ऑपरेशन शक्ति' का नाम दिया गया। इस परीक्षण के बाद दुनियाभर में भारत के वैज्ञानिकों को लेकर चर्चा होने लगी। इस बीच कई देशों ने खुलकर नाराजगी जताई, लेकिन तब की सरकार ने किसी दबाव की परवाह नहीं की। पीछे हटने की जगह 13 मई को न्यूक्लियर टेस्ट का एक और धमाका कर दिया गया। 11 मई को हुए परीक्षण ने तो दुनिया को भारत के वैज्ञानिकों की शक्ति से परिचय कराया था। लेकिन 13 मई को हुए परीक्षण ने दुनिया को ये दिखाया कि भारत का नेतृत्व एक ऐसे नेता के हाथ में है, जो एक अलग मिट्टी से बना है।

उन्होंने पूरी दुनिया को ये संदेश दिया, ये पुराना भारत नहीं है। पूरी दुनिया जान चुकी थी, कि भारत अब दबाव में आने वाला देश नहीं है। इस परमाणु परीक्षण की वजह से देश पर प्रतिबंध भी लगे, लेकिन देश ने सबका मुकाबला किया। वाजपेयी सरकार के शासन काल में कई बार सुरक्षा संबंधी चुनौतियां आईं। करगिल युद्ध का दौर आया। संसद पर आतंकियों ने कायरना प्रहार किया। अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हुए हमले से वैश्विक स्थितियां बदलीं, लेकिन हर स्थिति में अटल जी के लिए भारत और भारत का हित सर्वोपरि रहा।

जब भी आप वाजपेयी जी के व्यक्तित्व के बारे में किसी से बात करेंगे तो वो यही कहेगा कि वो लोगों को अपनी तरफ खींच लेते थे। उनकी बोलने की कला का कोई सानी नहीं था। कविताओं और शब्दों में उनका कोई जवाब नहीं था। विरोधी भी वाजपेयी जी के भाषणों के मुरीद थे। युवा सांसदों के लिए वो चर्चाएं सीखने का माध्यम बनतीं। कुछ सांसदों की संख्या लेकर भी, वो कांग्रेस की कुनीतियों का प्रखर विरोध करने में सफल होते। भारतीय राजनीति में वाजपेयी जी ने दिखाया, ईमानदारी और नीतिगत स्पष्टता का अर्थ क्या है। संसद में कहा गया उनका ये वाक्य... सरकारें आएंगी, जाएंगी, पार्टियां बनेंगी, बिगड़ेंगी मगर ये देश रहना चाहिए...आज भी मंत्र की तरह हम सबके मन में गूंजता रहता है।

वो भारतीय लोकतंत्र को समझते थे। वो ये भी जानते थे कि लोकतंत्र का मजबूत रहना कितना जरुरी है। आपातकाल के समय उन्होंने दमनकारी कांग्रेस सरकार का जमकर विरोध किया, यातनाएं झेली। जेल जाकर भी संविधान के हित का संकल्प दोहराया। की स्थापना के साथ उन्होंने गठबंधन की राजनीति को नए सिरे से परिभाषित किया। वो अनेक दलों को साथ लाए और को विकास, देश की प्रगति और क्षेत्रीय आकांक्षाओं का प्रतिनिधि बनाया।

पीएम पद पर रहते हुए उन्होंने विपक्ष की आलोचनाओं का जवाब हमेशा बेहतरीन तरीके से दिया। वो ज्यादातर समय विपक्षी दल में रहे, लेकिन नीतियों का विरोध तर्क और शब्दों से किया। एक समय उन्हें कांग्रेस ने गद्दार तक कह दिया था, उसके बाद भी उन्होंने कभी असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया।

उन में सत्ता की लालसा नहीं थी। 1996 में उन्होंने जोड़-तोड़ की राजनीतिना चुनकर, इस्तीफा देने का रास्ता चुन लिया। राजनीतिक षड्यंत्रों के कारण 1999 में उन्हें सिर्फ एक वोट के अंतर के कारण पद से इस्तीफा देना पड़ा। कई लोगों ने उनसे इस तरह की अनैतिक राजनीति को चुनौती देने के लिए कहा, लेकिन पीएम अटल बिहारी वाजपेयी शुचिता की राजनीति पर चले। अगले चुनाव में उन्होंने मजबूत जनादेश के साथ वापसी की।

संविधान के मूल्य संरक्षण में भी, उनके जैसा कोई नहीं था। डॉ. श्यामा प्रसाद के निधन का उन पर बहुत प्रभाव पड़ा था। वो आपात के खिलाफ लड़ाई का भी बड़ा चेहरा बने। इमरजेंसी के बाद 1977 के चुनाव से पहले उन्होंने 'जनसंघ' का जनता पार्टी में विलय करने पर भी सहमति जता दी। मैं जानता हूं कि ये निर्णय सहज नहीं रहा होगा, लेकिन वाजपेयी जी के लिए हर राष्ट्रभक्त कार्यकर्ता की तरह दल से बड़ा देश था, संगठन से बड़ा, संविधान था।

हम सब जानते हैं, अटल जी को भारतीय संस्कृति से भी बहुत लगाव था। भारत के विदेश मंत्री बनने के बाद जब संयुक्त राष्ट्र संघ में भाषण देने का अवसर आया, तो उन्होंने अपनी हिंदी से पूरे देश को खुद से जोड़ा। पहली बार किसी ने हिंदी में संयुक्त राष्ट्र में अपनी बात कही। उन्होंने भारत की विरासत को विश्व पटल पर रखा। उन्होंने सामान्य भारतीय की भाषा को संयुक्त राष्ट्र के मंच तक पहुंचाया।

राजनीतिक जीवन में होने के बाद भी, वो साहित्य और अभिव्यक्ति से जुड़े रहे। वो एक ऐसे कवि और लेखक थे, जिनके शब्द हर विपरीत स्थिति में व्यक्ति को आशा और नव सृजन की प्रेरणा देते थे। वो हर उम्र के भारतीय के प्रिय थे। हर वर्ग के अपने थे।

मेरे जैसे भारतीय जनता पार्टी के असंख्य कार्यकर्ताओं को उनसे सीखने का, उनके साथ काम करने का, उनसे संवाद करने का अवसर मिला। अगर आज बीजेपी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है तो इसका श्रेय उस अटल आधार को है, जिस पर ये दृढ़ संगठन खड़ा है।

उन्होंने बीजेपी की नींव तब रखी, जब कांग्रेस जैसी पार्टी का विकल्प बनना आसान नहीं था। उनका नेतृत्व, उनकी राजनीतिक दक्षता, साहस और लोकतंत्र के प्रति उनके अगाध समर्पण ने बीजेपी को भारत की लोकप्रिय पार्टी के रूप में प्रशस्त किया। श्री लालकृष्ण आडवाणी और डॉ. मुरली मनोहर जोशी जैसे दिग्गजों के साथ, उन्होंने पार्टी को अनेक चुनौतियों से निकाल कर सफलता के सोपान तक पहुंचाया। जब भी सत्ता और विचारधारा के बीच एक को चुनने की स्थितियां आईं, उन्होंने इस चुनाव में विचारधारा को खुले मन से चुन लिया। वो देश को ये समझाने में सफल हुए कि कांग्रेस के दृष्टिकोण से अलग एक वैकल्पिक वैश्विक दृष्टिकोण संभव है। ऐसा दृष्टिकोण वास्तव में परिणाम दे सकता है।

आज उनका रोपित बीज, एक वटवृक्ष बनकर राष्ट्र सेवा की नव पीढ़ी को रच रहा है। अटल जी की 100वीं जयंती, भारत में सुशासन के एक राष्ट्र पुरुष की जयंती है। आइए हम सब इस अवसर पर, उनके सपनों को साकार करने के लिए मिलकर काम करें। हम एक ऐसे भारत का निर्माण करें,जो सुशासन, एकता और गति के अटल सिद्धांतों का प्रतीक हो। मुझे विश्वास है, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के सिखाए सिद्धांत ऐसे ही, हमें भारत को नव प्रगति और समृद्धि के पथ पर प्रशस्त करनें की प्रेरणा देते रहेंगे।

**– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।**

# शिल्पग्राम महोत्सव "एक भारत श्रेष्ठ भारत" का प्रतीक है : गुलाब चंद कटारिया

- पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने शिल्पग्राम का दौरा किया
- राजस्थानी गुर्जर समुदाय के चरी डांस में सिर पर जलती आग वाली चरी लिए नृत्यांगनाओं ने रोमांचित किया


**उदयपुर,** (कासं)। पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि शिल्पग्राम महोत्सव जहां "एक भारत श्रेष्ठ भारत" का प्रतीक है, वहीं यहा देश के कोने-कोने से अपने उत्पाद लेकर आने वाले आर्टिजन कई वर्षों से "वोकल फॉर लोकल" का संदेश देते हैं। कटारिया मंगलवार शाम यहां हवाला रानी रोड स्थित शिल्पग्राम में मुक्ताकाशी मंच पर सांस्कृतिक समारोह में जुटे सैकड़ों लोक कला प्रेमियों को संबोधित कर रहे थे।

कटारिया ने कहा कि यहां आने वाले कलाकार भी सम्मानीय हैं, जो प्राचीन भारतीय संस्कृति को आज भी अक्षुण्ण रखे हुए हैं। इतना ही नहीं, ये लोक संस्कृति पीढ़ी दर पीढ़ी देने वाली अहम कड़ी भी हैं। कटारिया ने कहा कि मुझे उदयपुर ने पाल-पोसकर बड़ा किया है, उदयपुर की जनता के प्यार की बदौलत ही आज मैं महामहिम बना हूं। मैं वादा करता हूं कि मैं कहीं भी रहूं, उदयपुर और मेवाड़ का गौरव नहीं गिरने दूंगा।

कार्यक्रम में शिल्पग्राम के मुक्ताकाशी मंच पर राजस्थानी गुर्जर समुदाय के चरी डांस में सिर पर जलती आग वाली चरी लिए नृत्यांगनाओं ने दर्शकों को खूब रोमांचित किया। उनको सिर पर चरी के साथ बैठकर, आगे की ओर झुक कर नृत्य करते देख दर्शकों ने खूब तालियां बजाकर दाद दी। वहीं, गुजराती आदिवासी डांस राठवा की धूम और रोमांचक प्रदर्शन पर दर्शक झूमने लगे। हिमाचल प्रदेश के सिरमौरी नाटी और कर्नाटक के देवी उपासना के नृत्य पूजा कुनिथा ने जहां शिल्पग्राम का माहौल भक्तिरस से सराबोर कर दिया। कश्मीर के लोक नृत्य रौफ में डांसर्स के सुंदर समन्वय और 'बुमरो बुमरो श्याम रंग बुमरो' के गीत-संगीत पर दर्शकों ने खूब लुत्फ उठाया। गुजरात के तलवार रास ने जहां देश की आजादी के लिए कुर्बानी देने वाले शहीदों के युद्ध कौशल के प्रदर्शन से दर्शक खूब रोमांचित हुए, तो मणिपुरी लाई हारोबा डांस ने लोगों का मन जीतने के साथ ही खूब तालियां बटोरी। इनके साथ ही उत्तर प्रदेश के ढेडिया डांस में डांसर्स की सुंदर भाव-भंगिमाओं ने दर्शकों को खूब रिझाया। प्रसिद्ध भवाई नृत्य में डांसर्स के रोमांचक करतब देख लोक कला प्रेमी हतप्रभ ही नहीं हुए, बल्कि जमकर हर खूबसूरत करतब पर जमकर तालियां बजाई।

वहीं, आदिवासी सहरिया स्वांग और पंजाबी लुड्डी ने भी दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। तो पश्चिम बंगाल के पुरुलिया छाऊ लोक नृत्य ने भी कला प्रेमियों का दिल जीत लिया।

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि शिल्पग्राम में बुधवार को ओडिशा का भगवान जगन्नाथ को रिझाने के लिए किया जाने वाला नृत्य गोटीपुआ, रेगिस्तान का मांगणियार गायन, मणिपुर का पुंग ढोल चेलम और पश्चिम बंगाल का राय बेंस दर्शकों का मन मोहेंगे। इन लोक नृत्यों में गोटीपुआ और राय बेंस डांस में दर्शकों को एक्रोबेटिक एक्शन भी रिझाएंगे। इनके आलावा भारतीय पारंपरिक खेल मलखंभ के करतब देख कर भी मेलार्थी रोमांचित होंगे।



उदयपुर के शिल्पग्राम महोत्सव कलाकारों ने विभिन्न लोक कला नृत्यों की प्रस्तुति दी।


# प्रारंभिक शिक्षा पूरी होने से पहले छात्र को स्कूल से नहीं निकाल पायेगा प्रशासन

**बीकानेर,** (निसं)। स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने निशुल्क व अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार (संशोधन) नियम-2024 जारी किया है। इस संशोधित अधिनियम के तहत अब स्कूल प्रशासन किसी भी छात्र को प्रारंभिक शिक्षा पूरी होने से पहले विद्यालय से नहीं निकाल पाएगा।

जानकारी के अनुसार निशुल्क व अनिवार्य शिक्षा अधिनियम-2010 के भाग में छात्रों की परीक्षा और कक्षा में रोके जाने के नियम में परिवर्तन किया गया है। अब हर शैक्षणिक वर्ष में पांचवीं व आठवीं कक्षा की परीक्षा अनिवार्य होगी। वहीं संशोधित अधिनियम में यह भी स्पष्ट किया गया है कि अगर कोई छात्र पदोन्नति से वंचित रहता है तो परिणाम जारी होने के दो माह के अंदर ही उसकी दोबारा से परीक्षा दिलवानी होगी। इसके बाद भी अगर छात्र परीक्षा को पास नहीं कर पाता तो उसे पांचवीं या आठवीं कक्षा में रोका जा सकता है। अब स्टूडेंट्स की सक्षमता को देखते हुए परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा।

केंद्र सरकार की ओर से जारी राजपत्र में यह स्पष्ट किया गया है कि रोके गए छात्रों की एक सूची विद्यालय प्रशासन को बनानी होगी। स्कूल प्रशासन व शिक्षकों को उन छात्रों पर विशेष ध्यान देना होगा। समय-समय पर उनकी प्रगति की समीक्षा करनी होगी। छात्रों के लर्निंग गैप को दूर करने की जिम्मेदारी शिक्षकों की ही होगी। प्रारंभिक शिक्षा अनिवार्य होगी। इसी वजह से प्रारंभिक शिक्षा को पूरा करने पर जोर दिया गया है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 25 दिसम्बर, 2024**

पौष मास, कृष्ण पक्ष, दशमी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2081, चित्रा नक्षत्र दिन 3:22 तक, अतिगंड योग रात्रि 9:46 तक, वणिज करण प्रात: 9:11 तक, चन्द्रमा आज तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-तुला, मंगल-कर्क, बुध-वृश्चिक, गुरू-वृष, शुक्र-मकर, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज भद्रा प्रात: 9:11 से रात्रि 10:30 तक है। आज श्री पार्श्वनाथ जयन्ती, क्रिसमस दिवस, ईसा जयन्ती और बड़ा दिन है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:52 तक। शुभ 11:09 से 12:27 तक, चर 3:01 से 4:19 तक, लाभ 4:19 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 7:17, सूर्यास्त 5:36

**मेष**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**कर्क**
घर-परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक मामलों में संयम रखना ठीक रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**सिंह**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। शुभ-मांगलिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

**वृश्चिक**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में आज असंतोष बना रहेगा।

**धनु**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा संभव है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक परेशानियां दूर होने लगेंगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**मीन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा नहीं है। यात्रा में परेशानी का भय है।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर

Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 वर्षः 32 संख्याः 53 प्रभात | उदयपुर, बुधवार 25 दिसम्बर, 2024 | आर.जे. 7202 | पृष्ठ 8 | मूल्य 2.50 रु.

# 'पनामा कैनाल अमेरिका द्वारा अमेरिकी पैसे से बनाई गयी'

## ट्रम्प ने इस तर्क के साथ, पनामा कैनाल का संचालन व नियंत्रण हथियाने का इरादा जताया

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- जैसा कि विदित ही है, अमेरिका ने पिछली शताब्दी के प्रारंभ में, एक राजनीतिक आंदोलन को फण्ड करके व पनामा व कोलंबिया का विभाजन करवाया था तथा एक नये देश पनामा का जन्म हुआ था।
- पनामा के स्वतंत्र होने के बाद, अमेरिका ने कैनाल का निर्माण किया था तथा काफी अर्से तक कैनाल पर अमेरिका का कंट्रोल था।
- 1964 में पनामा में आंदोलन व अशांति के बाद कैनाल का कंट्रोल पनामा को सौंप दिया गया था।
- अब ट्रम्प अमेरिका के व्यापार व ट्रेड के हित में कैनाल का नियंत्रण पुनः अपने हाथ में लेना चाहता है, क्योंकि ट्रम्प के अनुसार, पनामा बहुत भारी दाम वसूल कर रहा है कैनाल के उपयोग के लिये और यह अमेरिका के ट्रेडिंग व व्यापार के हित में नहीं है।
- ट्रम्प की ''मेक अमेरिका ग्रेट अगेन'' (अमेरिका को पुनः महान बनाओ) नीति के अंतर्गत अमेरिका ग्रीनलैंड का भी अधिग्रहण करने की मंशा रखता है। जैसे अलास्का को रूस ने उन्नीसवीं शताब्दी में खरीदा था, उसी तरह अमेरिका ग्रीनलैंड को खरीदना चाहता है।
- ट्रम्प के विस्तारवादी इरादों से प्रेरित होकर रूस ने भी यूरोप के छोटे-मोटे देशों पर कब्ज़ा करने का इरादा अपनाया है।

नई दिल्ली, 24 दिसम्बर। अब तक उपलब्ध प्रारंभिक संकेतों से स्पष्ट है कि नया साल -2025- सभी देशों के लिए परेशानी भरा होने वाला है। भारत को आने वाले असमंजस भरे साल को समझदारी से निपटने के लिए हरसंभव कदम उठाना चाहिए।

डॉनल्ड ट्रंप ने अमेरिका की नई कार्य व्यवस्था के बारे में अपने विचार व्यक्त किए हैं, जिसमें पनामा नहर, जो अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण जलमार्ग है, को फिर से अमेरिका के नियंत्रण में लाने की बात कही है। इसके साथ-साथ, कैनडा को अमेरिका का 51 वां राज्य बनाने की बात कहने के बाद, अब ट्रंप ने समुद्र के पार ग्रीनलैंड खरीदने की बात भी कही है। उन्होंने कहा है कि विश्व शांति तथा फ्री वर्ल्ड के सरवाइवल के लिए ग्रीनलैंड अमेरिका का हिस्सा होना चाहिए।

दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति की, अन्य देशों पर कब्जा करने की नीति, अन्य देशों की इस प्रवृत्ति को लगभग वैध बना देती है। इसे नए अमेरिकी राष्ट्रपति का सबसे अच्छा तोहफा मानकर, व्लादिमिर पुतिन ने, यूक्रेन के क्षेत्रों को छीनकर रुस का हिस्सा बनाने के अपने कदम के लिए यूरोप में समर्थन जुटाने के प्रयास शुरु कर दिए हैं।

पुतिन ने सार्वजनिक गलत सूचना अभियान के साथ-साथ, यूरोप की कुछ सरकारों को अस्थिर करने के भी प्रयास शुरु कर दिए हैं। पुतिन के सहायक कह चुके हैं कि यूक्रेन अपनी संप्रभुता बनाए रखने के लिए जो संघर्ष कर रहा है, उसे समर्थन देने को लेकर यूरोप के देशों में भारी मतभेद हैं।

ट्रम्प के तथाकथित ''मेक अमेरिका ग्रेट अगेन'' प्लान में, पनामा कैनाल पर कब्जा करना सबसे भयावह व गंभीर है। ट्रम्प ने कहा है कि यह नहर, जो पहले अमेरिका के नियंत्रण में थी, अमेरिका के व्यापारिक व आर्थिक हितों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे फिर अमेरिका के नियंत्रण में लाना चाहिए।

पनामा के राष्ट्रपति होसे राउल मुलिनो ने कहा है कि नहर का प्रत्येक मीटर पनामा का है और नहर और आस-पास की भूमि पर कोई सौदा नहीं किया जा सकता। लेकिन ट्रम्प इससे हतोत्साहित नहीं हैं और उन्होंने युवा अमेरिकी कंज़र्वेटिव्स के एक समूह से कहा है कि राष्ट्रपति कार्टर द्वारा पनामा सरकार को नहर पर नियंत्रण देने का कदम एक गलती थी।

डोनाल्ड ट्रम्प ने पनामा के लोगों के खिलाफ अभियान जारी रखा है। उनका कहना है कि पनामा नहर का उपयोग करने के लिए पनामा अमेरिका से बहुत अधिक शुल्क ले रहा है। ट्रम्प का दावा है कि पनामा नहर को अमेरिकी धन से बनाया गया था।

दोनों देशों के बीच उलझे हुए रिश्तों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# चुनाव नियमों में संशोधन, सुप्रीम कोर्ट पहुँची कांग्रेस

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 24 दिसम्बर। सी.सी.टी.वी. कैमरा तथा वैबकास्टिंग फुटेज के साथ-साथ उम्मीदवारों की रिकॉर्डिंग्स जैसे इलैक्ट्रॉनिक डॉक्युमैंट्स का सार्वजनिक निरीक्षण रोकने के लिए सरकार ने गत शुक्रवार को चुनाव नियमों में बदलाव किया था। एक अधिसूचना द्वारा किए गए इस संशोधन के बाद चुनाव से संबंधित सभी दस्तावेज़ अब जनता के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने

- केन्द्र सरकार ने सी.सी.टी.वी. और वैबकॉस्टिंग फुटेज की जाँच पर रोक लगाने के लिए गत शुक्रवार को चुनाव नियमों में बदलाव कर दिया था।

पोल पैनल पर आरोप लगाया है कि उन्होंने एकतरफा निर्णय लेकर ''जल्दबाजी'' में संशोधन किया है। उन्होंने यह उम्मीद जताई है कि सुप्रीम कोर्ट ''नष्ट हो रही'' चुनाव प्रक्रिया को बहाल करेगा। कांग्रेस ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की, जिसमें पार्टी ने ''कन्डक्ट ऑफ इलैक्शन रुल्स, 1961'', में हाल ही में किए गए संशोधनों को चुनौती दी है तथा पुरजोर ढंग से कहा है कि चुनावी प्रक्रिया में सत्यनिष्ठा तेजी से कम हो रही है।

जयराम रमेश ने कहा कि चुनाव आयोग, जिस पर स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव करवाने की जिम्मेवारी है, ऐसे महत्वपूर्ण कानून में बदलाव करने का जल्दबाजी में एकतरफा निर्णय नहीं ले सकता।

# जे.पी. नड्डा के आवास पर आज होगी एन.डी.ए. की मीटिंग

## शाह की टिप्पणी के मुद्दे पर उग्र विपक्ष के खिलाफ जवाबी रणनीति तैयार करने के लिए बैठक बुलाई गई है

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- प्र.मंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल को लोकसभा में समीकरण बदल गए हैं। अब घटक दलों पर निर्भरता बढ़ गई है। यही कारण है कि भाजपा एन.डी.ए. की बैठक बुला रही है, ताकि घटक दलों को छिटकने से रोका जा सके।
- भाजपा को ''एक राष्ट्र एक चुनाव बिल'' और वक्फ संशोधन बिल पर सहयोगी दलों की सख्त जरूरत है।
- इसके अलावा भाजपा को आशंका है कि शाह की अंबेडकर संबंधी टिप्पणी पर कहीं सहयोगी दल विपक्षी दलों की बातों में न आ जाएं।

नई दिल्ली, 24 दिसम्बर। डॉ. भीमराव अम्बेडकर पर गृहमंत्री अमित शाह की टिप्पणी को लेकर विवाद के बीच, एन.डी.ए. के सभी पार्टनर बुधवार को भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के निवास पर इकट्ठे होकर मीटिंग करेंगे तथा विवाद की काट करने की रणनीति पर विचार करेंगे।

इस समय, भाजपा के सामने कई बड़े मुद्दे हैं। भाजपा को कुछ महत्वपूर्ण एवं निर्णायक मुद्दों पर एन.डी.ए. पार्टनर्स के साथ मित्रता के माहौल में एक एकीकृत रणनीति की आवश्यकता है। इन मुद्दों में शामिल हैं- ''एक राष्ट्र एक चुनाव'' विधेयक तथा ''वक्फ संशोधन'' विधेयक। ये दोनों ही विधेयक विस्तृत संवीक्षा के लिये संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजे हुये हैं।

प्रधानमंत्री के रुप में नरेन्द्र मोदी के इस तीसरे कार्यकाल में लोकसभा की संरचना बदली हुई है। इस वजह से भाजपा नेतृत्व छोटे-बड़े सभी मुद्दों पर अपने सभी मित्र दलों को साथ लेकर चलने की जरुरत के विषय में बहुत सावधानी से काम लेता प्रतीत हो रहा है। भाजपा ज्यादा सचेत खासतौर से इसलिये भी है क्योंकि विपक्षी नेता अम्बेडकर पर शाह की टिप्पणी के सम्बंध में भाजपा और एन.डी.ए. पार्टनरों के बीच दरार पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।

पूर्व प्रधानमंत्री तथा भाजपा के दिग्गज नेता रहे अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं वर्षगाँठ वाले दिन हो रही इस मीटिंग में, भाजपा गठबन्धन पार्टनरों के सम्मुख एक समझौता प्रस्ताव रखने की तैयारी में दिखाई दे रही है। सूत्रों का कहना है कि ऐसी संभावना है कि आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिये, भाजपा अपने गठबन्धन पार्टनरों - जनता दल यूनाइटेड (जे.डी.यू.) तथा चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) को कुछ सीटों की पेशकश करेगी। भाजपा के लिये बिहार की इन दोनों पार्टियों को प्रसन्न रखना बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि बिहार के विधानसभा अगले वर्ष ही होने हैं।

जहाँ प्रधानमंत्री के रुप में मोदी के प्रथम दो कार्यकालों में एन.डी.ए. की मीटिंग बहुत की कम हुई थीं, वहीं, भाजपा नेतृत्व इस बार, तर्कसंगत कारणों से, इस प्रकार की मीटिंगें करने पर विशेष ध्यान दे रहा है। अभी -अभी समाप्त हुये संसद के शीतकालीन सत्र में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एन.डी.ए. पार्टनरों से कहा था कि बेहतर समन्वय बनाये रखने के लिये हर महीने मीटिंग हुआ करेगी।

इस वर्ष हुये लोकसभा चुनावों में, अपने बलबूते पर लोकसभा में बहुमत लाने में भाजपा की असफलता मानसिक रुप से पार्टी को सहज नहीं होने दे रही, जबकि अभी हाल ही में, उसने हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव जीते हैं। विपक्ष, लोकसभा में अच्छे संख्याबल के चलते, भाजपा के सामने चुनौतियाँ खड़ी करता आ रहा है। अगर आगामी महीनों और वर्षों में कुछ राज्यों में भाजपा को हार का मुँह देखना पड़ा, तो उसकी हालत और ज्यादा खराब हो जायेगी।

# बेलगांव में 26 दिसम्बर 1924 को महात्मा गांधी कांग्रेस अध्यक्ष बने थे

## पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने बताया, सभी जिलों में कांग्रेस सप्ताह भर आंदोलन करेगी, फिर राष्ट्रपति मुर्मू को ज्ञापन देकर शाह के इस्तीफे की मांग करेगी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- बेलगांव में कांग्रेस कार्य समिति की नव सत्याग्रह बैठक हो रही है। इसके अगले दिन ''जय बापू, जय भीम, जय संविधान'' रैली होगी।
- कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि बेलगांव का कांग्रेस के लिए ऐतिहासिक महत्व है। सौ साल पहले 26 दिसम्बर 1924 को यहीं महात्मा गांधी कांग्रेस अध्यक्ष बने थे और सेवा दल की शुरुआत भी यहीं से हुई थी।

नई दिल्ली, 24 दिसम्बर। बेलागावी (अब बेलगाँव) में कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में महात्मा गांधी के चुनाव का स्मरणोत्सव मनाने के उद्देश्य से, कांग्रेस बेलगाँव में कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सी.डब्ल्यू.सी.) की विस्तृत मीटिंग आयोजित कर रही है। इस ऐतिहासिक मीटिंग में करीब 200 पार्टी-नेता शामिल होंगे।

कांग्रेस महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि 26 दिसम्बर को अपरान्ह 2:30 बजे बेलगाँव के महात्मा गांधी नगर में ''नव सत्याग्रह बैठक'' होगी। इससे एक दिन बाद 27 दिसम्बर को वहाँ ''जय बापू, जय भीम, जय संविधान'' सभा होगी, जिसमें लाखों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे। वेणुगोपाल ने कहा कि वस्तुतः यह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का एक अविस्मरणीय कार्यक्रम होने जा रहा है, जब पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में अपने महान नेता महात्मा गांधी की अध्यक्षता के 100वें वर्ष का सुखद स्मरणोत्सव मनायेगी।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि महात्मा गांधी ने 100 वर्ष पूर्व बेलगांव से ही सत्याग्रह की घोषणा की थी और 100 वर्ष बाद, उसी दिन कांग्रेस 'नव सत्याग्रह'' का प्रस्ताव पेश करने जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेस सांसद और पार्टी कार्यकर्ता 27 दिसम्बर को वहाँ उपस्थित होंगे।

उन्होंने कहा कि यह मीटिंग, ढाई साल पहले उदयपुर में हुये चिन्तन शिविर की तरह, एक ऐतिहासिक मीटिंग का रूप लेने जा रही है। ज्ञातव्य है कि ''भारत जोड़ो यात्रा'' का विचार उसी चिन्तन शिविर की देन था।

पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं ने सभी जिलों में एक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# आरिफ मोहम्मद खान बिहार के राज्यपाल बने

नई दिल्ली, 24 दिसंबर। भारत के राष्ट्रपति ने कुछ राज्यों के राज्यपालों की नियुक्तियां की हैं। डॉ हरि बाबू कंभमपति, जो मिज़ोरम के राज्यपाल थे, अब ओडिशा के राज्यपाल नियुक्त किए गए हैं।

पूर्व सेना प्रमुख, जनरल वीके सिंह को मिजोरम का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। आरिफ मोहम्मद खान अब बिहार के राज्यपाल होंगे।

बिहार के राज्यपाल राजेंद्र

- पांच राज्यों के राज्यपाल बदले।

विश्वनाथ अर्लेकर को केरल का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वहीं, केरल के पूर्व राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान अब बिहार के राज्यपाल होंगे। इसके अलावा, अजय कुमार भल्ला को मणिपुर का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

इन नियुक्तियों के साथ, संबंधित राज्यों में प्रशासनिक ढांचे में बदलाव आएगा और राज्यपाल नए पदभार संभालेंगे।

# भारत अमेरिका के उद्योगपतियों को भारी रियायतें देने की तैयारी में है

## भारत अमेरिका से आयातित ''पोर्क'' (सूअर का मांस) मेडिकल उपकरण, लग्ज़री मोटर साइकिल आदि, पर, वर्तमान में लगी भारी कस्टम ड्यूटी को घटायेगा

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- जैसा कि विदित ही है, ट्रम्प का चीन से अमेरिका में आयात होने वाले माल पर 60 प्रतिशत कस्टम ड्यूटी लगाने का इरादा है। इससे चीन का माल महंगा हो जायेगा अमेरिका में।
- भारत, चीन के इस महंगे माल की तुलना में अपने उपकरण व उत्पाद आदि को अमेरिकी औद्योगिक श्रृंखला का हिस्सा बनाना चाहता है।
- अमेरिका को लुभाने के लिये भारत, अमेरिका से भारत में आयातित होने वाले सामान पर कस्टम ड्यूटी कम कर देना चाहता है।
- अगर, भारत का अमेरिका से आयात बढ़ेगा, तो स्वतः ही व्यापारिक संतुलन बनाये रखने के लिये, अमेरिका भी भारत से आयात बढ़ायेगा और, अमेरिका की औद्योगिक शृंखला में भारत में उत्पन्न सामान को हिस्सा मिल जायेगा।

नई दिल्ली, 24 दिसम्बर। अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प जब पद ग्रहण करेंगे, उस समय भारत अमेरिकन निर्माताओं के लिए महत्वपूर्ण राहत का प्रस्ताव देने की तैयारी कर रहा है। कुछ खास प्रकार के अमेरिकी सामानों पर शुल्क घटाने की भी योजना है, जैसे पोर्क, चिकित्सकीय उपकरण और लग्ज़री मोटर साईकिल आदि। इसका उद्देश्य संभावित प्रतिस्पर्धी करों को संबोधित करना और व्यापक व्यापार और निवेश समझौते की राह आसान करना।

ग्लोबल ट्रेड गतिशीलता के संभावित बदलाव को पहचान कर खासकर चीन के आयात पर ट्रम्प द्वारा 60 प्रतिशत टैक्स लगाने की घोषणा करने को ध्यान में रखते हुए भारत का उद्देश्य खुद को निर्माण निवेशों के लिए अनुकूल विकल्प के रूप में स्थापित करना है।

अमेरिकन निवेशकों को आकर्षित करने के लिए भारत विमानों के रख रखाव, सेमी कंडक्टर्स और अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रोत्साहन देने पर विचार कर रहा है। जो कंपनियां अपने निर्माण को नए आयामों पर ले जाना चाहती हैं, उनके लिए भारत को आकर्षक विकल्प बनाने का लक्ष्य है।

भारत सरकार बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफ.डी.आई. की अनुमति देने पर भी विचार कर रही है और अर्थव्यवस्था को ज्यादा उदार बनाकर अमेरिकन निवेश को आकर्षक बनाने की प्रतिबद्धता का संकेत दे रही है।

व्यापारिक असंतुलन को ठीक करने के लिए भारत अमेरिका से हर साल 5 से 10 अरब डॉलर की लिक्विफाइड नैचुरल गैस और रक्षा उपकरणों का आयात करने पर विचार कर रही है। इससे द्विपक्षीय व्यापारिक रिश्ते मजबूत होंगे और भारत की इस इच्छा का भी संकेत मिलता है कि वह प्रतिस्पर्धी व्यापार में दिलचस्पी रखता है।

भारत का लक्ष्य अमेरिका की आपूर्ति शृंखला से गहरा जुड़ाव रखना और दोनों देशों के बीच परस्पर आर्थिक निर्भरता को बढ़ाना है। ये प्रोत्साहन देना भारत उन अमेरिकी निर्माताओं को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# विवाहिता बेटी को अनुकंपा नियुक्ति देने का आदेश बरकरार

जयपुर, 24 दिसंबर। राजस्थान हाईकोर्ट की खंडपीठ ने विवाहिता बेटी को पिता की जगह अनुकंपा नियुक्ति का हकदार मानने वाले एकलपीठ के आदेश को बरकरार रखा है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में दायर राज्य सरकार

- हाई कोर्ट की खंडपीठ ने एकल पीठ के आदेश को कायम रखते हुए इसके खिलाफ दायर सरकार की अपील को खारिज कर दिया है।

की अपील को खारिज कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव और जस्टिस उमाशंकर व्यास की खंडपीठ ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'हमने तो जस्टिस रोहिन्टन एफ. नरीमन और जस्टिस के. मैथ्यु जोसफ के नाम दिए थे'

## राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति पर विरोध जताते हुए राहुल गांधी ने कहा, सरकार ने हमारे प्रस्ताव पर विचार तक नहीं किया

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे, जो चयन समिति के सदस्य हैं, ने कहा कि सरकार ने पहले ही तय कर रखा था किसे अध्यक्ष बनाना है।
- प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली इस समिति के सदस्य हैं, गृह मंत्री शाह, लोकसभा स्पीकर बिड़ला, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और राज्यसभा में विपक्ष के नेता खड़गे।
- केन्द्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश वी. रामासुब्रमण्यम को नियुक्त किया है।

नई दिल्ली, 24 दिसम्बर। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे तथा राहुल गांधी ने ''राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग'' के सदस्यों और अध्यक्ष के चयन पर अपना विरोध दर्ज करा दिया था।

उन्होंने आयोग के अध्यक्ष पद के लिये जस्टिस रोहिन्टन फली नरीमन तथा जस्टिस कुट्टियिल मैथ्यू जोसफ के नाम प्रस्तावित किये थे। लेकिन विपक्ष के सुझाव की उपेक्षा करते हुये, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने एन.एच.आर.सी. के नये अध्यक्ष पद के रूप में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज वी. रामासुब्रमन्यम को नियुक्त कर दिया है।

एन.एच.आर.सी. के अध्यक्ष एवं सदस्यों के चयन के लिये चयन समिति की मीटिंग 18 दिसम्बर को संसद भवन में हुई थी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली इस हाई पावर कमेटी में सदस्य के रूप में शामिल थे- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, गृह मंत्री अमित शाह, लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तथा राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे।

खड़गे और राहुल का आरोप है कि विचार-विमर्श को प्रोत्साहित करने तथा सामूहिक निर्णय सुनिश्चित करने के बजाय, कमेटी ने नाम को अंतिम रूप देने के लिये संख्यात्मक बहुमत पर भरोसा किया तथा मीटिंग के दौरान उठाये गये वाजिब सरोकारों तथा परिप्रेक्ष्यों पर ध्यान ही नहीं दिया।

असहमति की टिप्पणी में कहा गया कि मैरिट निश्चित रूप से प्राथमिक शर्त होती है, लेकिन राष्ट्र की क्षेत्रीय, जातीय, समुदया संबंधी तथा धार्मिक विविधता को दर्शाने वाला संतुलन बनाये रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है।

अठारह दिसम्बर को दिये गये विरोध सूचना टिप्पणी (डिसेन्ट नोट) में कहा गया, ''अंत में, आज की मीटिंग में चयन समिति द्वारा अपनाया गया विचार-विमर्श पर ध्यान नहीं देने का तौर-तरीका अत्यधिक दुखद है। एन.एस.आर.सी. की विश्वसनीयता तथा प्रभावकारिता, विविधतापूर्ण एवं समावेशी होने, जो भारत के संविधान की प्रकृति को परिभाषित करते हैं, की सामर्थ्य पर निर्भर होती है।''

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय के रिटायर्ड जज रामासुब्रमण्यम को एन.एच.आर.सी. का अध्यक्ष नियुक्त कर दिया।

प्रियांक कानूनगो तथा डॉ. जस्टिस बिद्युत रंजन सारंगी (रिटायर्ड) एन.एच.आर.सी. के सदस्य नियुक्त किये गये।

# कार और बस की आमने-सामने भिड़ंत

करौली, 24 दिसम्बर (निस)। गंगापुर सड़क मार्ग पर सलेमपुर गांव के पास स्विफ्ट डिज़ायर कार और बस में आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिससे कार में सवार 5 महिला -पुरुषों की मृत्यु हो गई।बस में सवार करीब डेढ़ दर्जन महिला पुरुष घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, करौली की ओर से कार गंगापुर की तरफ जा रही थी। प्राइवेट बस गंगापुर से करौली की तरफ आ रही थी। गंगापुर और सलेमपुर के बीच स्थित छात्रावास के पास दोनों वाहन आमने-सामने से टकरा गए। हादसे में कार चालक सहित

- गंगापुर रोड पर सलेमपुर गाँव के पास हुए इसे हादसे में कार में सवार 5 महिला-पुरुषों की मौत हो गई, डेढ़ दर्जन बस यात्री घायल हो गए।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पालिका ने देवली की गौशाला के नाम 50 लाख का टेंडर जारी कर अन्य स्थान पर निर्माण करवाया

## गौशाला में निर्माण कार्य करवाने को लेकर पालिका ने चार माह पहले टेंडर प्रक्रिया लागू कर दी थी

**देवली, (निसं)।** यहां गणेश रोड स्थित गौशाला में निर्माण कार्य करवाने को लेकर पालिका ने लगभग चार माह पहले 17 अगस्त 2024 को 50 लाख की राशि स्वीकृत जारी करके टेंडर प्रक्रिया लागू कर दी गई थी।

इसी क्रम में 27 अगस्त 2024 को संवेदकों ने पालिका की शर्तों और नियमों के तहत टेंडर प्रक्रिया में हिस्सा लिया था। उक्त दौरान 28 अगस्त 2024 को पालिका प्रशासन ने देवली शहर के गणेश रोड स्थित गौशाला में चारदीवारी, पशु चिकित्सालय एवं टीनशेड निर्माण के लिए अनुमति की प्रक्रिया शुरू कर दी थी और इसके बाद उक्त कार्य को प्राप्त करने वाले संवेदक को कार्य आदेश जारी भी कर दिए गए थे। इसी के बीच सोमवार को मामला यह सामने आया कि चारदीवारी, चिकित्सालय और टीनशेड का निर्माण तो दूर की बात, यहां गणेश रोड स्थित पंजीयन गौशाला में देवली पालिका की ओर से अब तक एक भी ईट नहीं लगाई गई है। जबकि सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार गणेश रोड स्थित गौशाला में निर्माण के नाम भुगतान तक किया जा रहा है।

**■ देवली में गणेश रोड स्थित गौशाला के नाम 50 लाख रुपए की निविदा जारी हुई थी, लेकिन रजिस्टर्ड गौशाला में एक ईंट भी नहीं लगाई गई है**

यहां गणेश रोड स्थित रजिस्टर्ड गौशाला कमेटी के मंत्री अरविंद शर्मा ने जानकारी में बताया कि देवली में गणेश रोड स्थित सार्वजनिक गौशाला में नगर पालिका की ओर से कोई निर्माण कार्य नहीं करवाया जा रहा है। इसी मामले को लेकर यहां लोगों के बीच कई समय से चर्चा बनी हुई है कि आखिरकार पालिका प्रशासन यहां और किस रजिस्टर्ड गौशाला में 50 लाख रुपए की लागत का निर्माण करवा रही है। इसलिए की देवली के गणेश रोड पर केवल एक ही रजिस्टर्ड गौशाला संस्था है। जिसकी देखरेख गौशाला कमेटी द्वारा ही की जा रही है।

ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिरकार गणेश रोड स्थित गौशाला के नाम स्वीकृत 50 लाख की राशि की पूर्ति कहां की जा रही है। यहां देखने वाली बात तो यह भी सामने आई है कि उक्त दौरान निकल गई ई-निविदा सूचना संख्या (02/2024-25) निविदा प्रपत्र पर कोई दिनांक अंकित नहीं की हुई है। ऐसे में लोगों को यह भी आशंकाएं व्याप्त हो रही है कि शायद कहीं ना कहीं सरकारी कोष को चूना लगाने की नीयत से पालिका प्रशासन ने गणेश रोड स्थित रजिस्टर्ड गौशाला के नाम की आड में सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए उक्त धन को अन्य क्षेत्र में खर्च करने करने की नीति बना दी गई हो।

इस मामले जानकारी लेने के लिए जब पालिका अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा से मोबाइल पर संपर्क किया गया तो उन्होंने पहले तो अपने आप को जनसुनवाई मीटिंग में बैठे होना बताया। फिर बाद में मीडिया के फोन को रिसीव करना तक उचित नहीं समझा।

ऐसे में उक्त मामला कहीं ना कहीं जांच का विषय बनता है तो वहीं उल्लेखनीय है कि पालिका द्वारा के यहां करवाए जा रहे विकास कार्य में भ्रष्टाचार की परत दर परत साफ तौर पर देखी जा सकती है।

# थानाधिकारी एवं कांस्टेबल के कहने पर प्राईवेट व्यक्ति ने रिश्वत ली

## प्राईवेट व्यक्ति को परिवादी से 45 हजार रुपये रिश्वत के रूप में लेते हुये पकड़ा

**ब्यावर/जयपुर।** ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की स्पेशल यूनिट अजमेर इकाई द्वारा सोमवार देर रात ब्यावर के बदनौर पुलिस थाना में कार्रवाई करते हुये नारायण सिंह खिड़िया, उपनिरीक्षक थानाधिकारी एवं अशोक कुमार कांस्टेबल, पुलिस थाना बदनौर, जिला ब्यावर के लिये उनके परिचित कैलाश गुर्जर (प्राईवेट व्यक्ति) को परिवादी से 45 हजार रुपये रिश्वत के रूप में लेते हुये पकड़ा है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की स्पेशल यूनिट अजमेर इकाई को परिवादी द्वारा एक शिकायत इस आशय की दी गई कि उसके भाई व भतीजे के विरूद्ध दर्ज एन.डी.पी.एस. के मुकदमे में गिरफ्तार करने पर मारपीट नहीं करने एवं जे. सी. कराने की एवज में आरोपी नारायण सिंह खिड़िया, उपनिरीक्षक थानाधिकारी एवं अशोक कुमार कांस्टेबल द्वारा 3 लाख

**■ उपनिरीक्षक थानाधिकारी एवं कांस्टेबल मौके से फरार, तलाश जारी**

रुपये रिश्वत मांगकर परेशान किया जा रहा है तथा ब्यूरो द्वारा शिकायत के सत्यापन के दौरान आरोपी 1 लाख रुपये रिश्वत लेने पर सहमत हुये थे। जिस पर एसीबी अजमेर के उप महानिरीक्षक पुलिस कालूराम रावत के सुपरवीजन में ए.सी.बी. की अजमेर इकाई की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना भाटी के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज स्पेशल यूनिट अजमेर इकाई के उप अधीक्षक पुलिस राकेश कुमार वर्मा द्वारा मय टीम के देर रात जिला ब्यावर के बदनौर में ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी अशोक कुमार कांस्टेबल के कहने पर उसके परिचित कैलाश गुर्जर (प्राईवेट व्यक्ति) को परिवादी से 45 हजार रुपये (5 हजार रुपये प्रचलित भारतीय मुद्रा एवं 40 हजार के डमी केरेंसी नोट) रिश्वत के रूप में लेते पकड़ा।

मौके पर जानकारी करने पर पता चला कि आरोपी के परिचित कैलाश गुर्जर की रिश्वत मांग में संलिप्तता नहीं थी तथा रिश्वत राशि के बारे में वह अनभिज्ञ था, अतः मौके पर उसके कथन लेखबद्ध कर एवं पूछताछ के बाद छोड़ा गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी शिकायत के सत्यापन के दौरान भी परिवादी से 40 हजार रुपये रिश्वत के रूप में वसूल चुके थे। आरोपी नारायण सिंह खिड़िया, उपनिरीक्षक थानाधिकारी एवं अशोक कुमार कानिस्टेबल ए.सी.बी. कार्यवाही की भनक लगने पर मौके से फरार हो गये, जिनकी तलाश की जा रही है। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के सुपरवीजन में आरोपी की तलाश एवं कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

## सर्दी से जन जीवन प्रभावित

**निवाई, (निसं)।** उपखण्ड क्षेत्र सहित शहर में पिछले एक सप्ताह से पड़ रही कड़ाके की सर्दी व शीतलहर से जनजीवन प्रभावित होने लगा है।

इस दौरान कड़ाके की सर्दी से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिसके चलते लोगों को अब धूप सुहावनी लगने लगी है। कड़ाके की सर्दी व शीतलहर से बाजारों में शाम के समय जल्दी ही सन्नाटा होने लगा है। सर्दी से बचाव के लिए लोग घंटों तक अलाव जलाकर तापते हुए नजर आए। बाजारों में स्थित दुकानों पर गरम कपड़ों की खरीददारी हो रही है। बाजारों एवं राष्ट्रीय राजमार्ग पर घूमने वाले दुपहिया वाहन चालक सर्दी के बचाव के लिए सुबह-शाम के समय हाथों के दस्ताने एवं गरम कपड़े पहने हुए दिखाई देते हैं। वहीं गांवों में भी घने कोहरे के साथ ठण्डी हवा चलने से कड़ाके की सर्दी से लोग कंपकंपा उठे। घने कोहरे के चलते यातायात सहित ट्रेनें भी प्रभावित होने लगी है।

# लेपर्ड ने मां के सामने बेटी पर हमला किया

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर में लेपर्ड का आंतक दिनों-दिन बढ़ता ही जा रहा है। मंगलवार को आदिवासी अंचल गोगुंदा क्षेत्र में एक बार फिर से लेपर्ड ने मां के सामने बेटी पर हमला कर दिया। मां के चिल्लाने पर लेपर्ड भाग गया। हमले में घायल युवती को हॉस्पिटल ले जाया गया।

घटना गोगुंदा पंचायत समिति मुख्यालय से करीब आठ किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत भूताला के गांव पाचावतों की भागल की है। वहीं दूसरी और शहर से सटे सीसारमा गांव जाने वाले सड़क पर देर रात लेपर्ड सड़क पार करता हुआ दिखाई दिया। कार चालक के सामने से सड़क पार करते लेपर्ड का वीडियो सामने आया है। दूधतलाई से सीसारमा जाने वाली रोड पर इससे पहले भी लेपर्ड देखा जा चुका है।

ग्राम पंचायत भूताला के गांव पाचावतों की भागल की रहने वाली घीसी बाई और उसकी बेटी अनिता कुंवर (17) खेत में घास काट रही थी। इस दौरान अचानक लेपर्ड आया और अनिता पर हमला कर दिया। लेपर्ड ने युवती पर झपट्टा मारा। ये देखकर मां चीखने लगी हालांकि मां के चीखने से लेपर्ड युवती को छोड़कर भाग गया लेकिन पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल

**■ वहीं शहर से सटे सीसारमा गांव जाने वाली सड़क पर देर रात लेपर्ड सड़क पार करता दिखाई दिया**

गई। आवाज सुनने के बाद ग्रामीण इकठ्ठा हो गए। इसके बाद युवती के पिता घायल युवती को गोगुंदा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। वहां पर प्राथमिक उपचार के जिला अस्पताल रेफर किया गया। ग्राम पंचायत के लोगों द्वारा लेपर्ड के हमले की जानकारी वन विभाग को दी गई। इस पर वन विभाग की एक टीम मौके पर पहुंची। लेपर्ड के बढ़ते मूवमेंट को देखते हुए ग्रामीणों ने वन विभाग ने पिंजरा लगाने की मांग की है।

भूताला पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने बताया कि दो दिन पहले भी नेतावलों की भागल में एक बाडे में लेपर्ड आया था। लोगों के शोर मचाने पर भाग गया था। सरपंच ने बताया कि वन विभाग की टीम ने एक दिन पहले ही यहां आकर निरीक्षण किया था। उसके बाद एक बार फिर से लेपर्ड ने युवती पर हमला कर दिया।

# क्रिकेट स्टेडियम निर्माण में करोड़ों का घोटाला उजागर

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर के महाराणा प्रताप खेलगांव, चित्रकूट नगर में क्रिकेट स्टेडियम निर्माण में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने 2011 में दर्ज प्रकरण की गहन जांच के बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों में सरकारी अधिकारी और एक प्रमुख ठेकेदार शामिल हैं।

प्रकरण के अनुसार एसीबी की जांच में निर्माण कार्यों में निर्धारित मापदंडों और गुणवत्ता मानकों की गंभीर अनदेखी सामने आई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों देवेश कुमार शर्मा, तत्कालीन सहायक अभियंता नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर (वर्तमान में अजमेर विकास प्राधिकरण में अतिरिक्त मुख्य अभियंता), विमल कुमार मेहता तत्कालीन कनिष्ठ अभियंता नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर (सेवानिवृत्त) व मुकेश जानी तत्कालीन सहायक अभियंता, नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर (सेवानिवृत्त) तथा हेमराज वरदार ठेकेदार और निदेशक मैसर्स

**■ एसीबी ने एक ठेकेदार व तीन इंजीनियरों को गिरफ्तार किया**

**■ महाराणा प्रताप खेलगांव के क्रिकेट स्टेडियम निर्माण का है मामला**

**■ 12 साल जांच के बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने खुलासा किया**

प्रमाण कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड उदयपुर शामिल है।

तकनीकी समिति की रिपोर्ट, फॉरेंसिक साइंस लैब जयपुर की जांच और पीडब्ल्यूडी उदयपुर की गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला की रिपोर्ट के अनुसारए स्टेडियम के निर्माण कार्य में निम्न गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग हुआ और निर्माण प्रक्रिया में भारी खामियां पाई गईं। निर्माण कार्यों में खर्च किए गए धन और जमीन पर हुए काम के बीच बड़े अंतर का भी खुलासा हुआ। यह दर्शाता है कि अधिकारियों और ठेकेदार की मिलीभगत से सरकारी धन का दुरुपयोग किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि मामले में अभियोजन स्वीकृति प्राप्त होने के बाद एसीबी उदयपुर की टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई एसीबी के उप महानिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद गोयल और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनंत कुमार के नेतृत्व में हुई। चारों आरोपियों को विशेष न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम), उदयपुर के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक, स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में मामले की विस्तृत जांच जारी है। एसीबी अन्य संदिग्ध व्यक्तियों की भूमिका का पता लगाने और घोटाले में शामिल धनराशि की वसूली के लिए प्रयासरत है।

## साइबर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा, (निसं)।** भीलवाड़ा पुलिस ने ऑपरेशन एंटीवायरस के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना भीमगंज से साइबर ठगी के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

एसपी धर्मेन्द्र सिंह यादव के निर्देशन में भीलवाड़ा पुलिस द्वारा ऑपरेशन एंटीवायरस के तहत साइबर ठगी की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान जतिन जैन आई.पी.एस. (प्रो.) के नेतृत्व में महाराष्ट्र, ओड़िशा व उत्तराखंड में साइबर ठगी की शिकायतों में वांछित आरोपी वाहिद हुसैन पिता हाफिज मोहम्मद सद्दीक निवासी अनमोल नगर, पुलिस थाना भीमगंज, जिला भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी से 29 डेबिट/क्रेडिट कार्ड, 9 स्कैनर, 11 बैंक पासबुक/चेक बुक, 3 पेनड्राइव, 1 कार्ड रीडर, 5 सिम, 3 मोहर व अन्य कागजात मिले हैं, जिनमे फ्रॉड ट्रांजेक्शन का पता चला है। इस दौरान ग्लोबल बुक के नाम से भी एक क्यूआर कोड मिला है, जिसके बैंक के पूल अकाउंट पर 10036 शिकायतें व 223 एफआईआर होना ज्ञात हुआ है। ऐसे पूल अकाउंट के सम्बन्ध में सम्बंधित बैंक नोडल से संपर्क कर जांच की जा रही है।

# महाराजा गंगासिंह युनिवर्सिटी में खुलेआम रिश्वत बांटने का मामला सामने आया

## परीक्षा करवाने वाली फर्म के प्रतिनिधि सात लाख रुपए लेकर पहुंचे, एबीसी ने फर्म कर्मचारी को दबोचा

**बीकानेर, (निसं)।** महाराजा गंगासिंह युनिवर्सिटी में खुलेआम रिश्वत बांटने का मामला सामने आया है। एंटी करप्शन ब्यूरो ने एक प्राइवेट फर्म के एक कर्मचारी को दबोचा है, जिनसे सात लाख रुपए बरामद हुए हैं। ये रुपए यहां कर्मचारियों में बांटने की बात सामने आ रही है। ये फर्म पिछले दो साल से यहां परीक्षा सहित अनेक काम कर रही है। फर्म अजमेर की है और इसी फर्म के कर्मचारी मनोज सांखला से पूछताछ की जा रही है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के एडिशनल एसपी आशीष कुमार ने बताया कि माइक्रोटिक टेक्नोलॉजी कंपनी को विश्वविद्यालय से परीक्षा संबंधित काम का टेंडर मिला हुआ है। इस कंपनी का प्रतिनिधि यहां रिश्वत की राशि देने के लिए आया था। इसी

**■ यह फर्म पिछले दो साल से यहां परीक्षा सहित अनेक काम कर रही है, फर्म अजमेर की है और इसी फर्म के कर्मचारी मनोज सांखला से पूछताछ की जा रही है**

**■ 'माइक्रोटिक टेक्नोलॉजी कंपनी को विश्वविद्यालय से परीक्षा संबंधित काम का टेंडर मिला हुआ है, इस कंपनी का प्रतिनिधि यहां रिश्वत की राशि देने आया था'**

संबंध में सडन चैकिंग की गई थी। कंपनी के प्रतिनिधि से हमें लगभग सात लाख रुपए बरामद हुए हैं। ये रुपए किसे देने थे इसकी जांच की जा रही है। रुपए आगे किसे-किसे दिए जाने हैं, ये अभी जांच का विषय है। कंपनी का जो कर्मचारी पकड़ा गया है, उसने बताया कि दो कर्मचारियों को रुपए देने के लिए आया था। परीक्षा से जुड़े कार्यों के लिए रुपए देने आए थे या फिर किसी अन्य कार्य के लिए देने थे, इस बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं है। इस बारे में कुलपति मनोज दीक्षित से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन उनका मोबाइल स्वीच ऑफ मिला।

वहीं परीक्षा नियंत्रक राजाराम चोयल का कहना है कि ये फर्म परीक्षा से जुड़ा काम ही नहीं करती, बल्कि प्रवेश सहित सभी आउट सोर्स के काम करती है। कार्रवाई के संबंध में एसीबी के अधिकारी ही जानकारी दे सकते हैं, हमारे से संबंधित कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

जानकारी के अनुसार महाराजा गंगासिंह युनिवर्सिटी में परीक्षा से जुड़े सभी काम अजमेर की प्राइवेट फर्म करती है। इसमें ऑनलाइन एडमिशन फॉर्म भरवाने से लेकर परीक्षा के बाद कॉपी जांच और नंबर तक चढ़ाने के काम प्राइवेट फर्मों के पास ही है। अब इन फर्मों की भूमिका संदिग्ध होती जा रही है। उधर, सूचना मिल रही है कि युनिवर्सिटी में कई बाहरी लोगों का जबर्दस्त दखल पिछले कुछ समय में बढ़ गया है। ये लोग ही तय करते हैं कि किस काम का ठेका किसे मिलेगा और किस कॉलेज के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा से जुड़ी फर्म के कर्मचारी से सात लाख रुपए की घटना के बाद युनिवर्सिटी में हडकंप मच गया है।


राजस्थान सरकार
कार्यालय सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग करौली
वीणा मैमोरियल डिग्री कॉलेज के पास, बडौदा स्वरोजगार संस्थान के सामने, करौली
क्रंमाक: जि.बा.सं.इ./करौली/2024/1354 दिनांक-16.12.2024
ई-निविदा आंमत्रण सूचना 01/2024-2025
मिशन वाल्सल्य योजना अंतर्गत "चाइल्ड हेल्पलाईन सर्विस (1098)" (24x7) के संचालन के तहत् चाईल्ड हेल्प यूनिट (जिला स्तर-करौली) के संचालन हेतु 01 वर्ष के लिए जॉब बेसिस पर आवश्यकतानुसार मानव संसाधन उपलब्ध करवाने हेतु ई-निविदा पंजीकृत सवेदको / बोलीदाता से दिनांक 18.12.2024 से दिनांक 27.12.2024 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत सूचना वेबसाईट http:/eproc.rajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा अपलोड करने की दिनांक 18.12.2024 को 2.00 बजे।
UBN NO-CED2425SLRC00076
सहायक निदेशक
जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग करौली
DIPR/C/13378/2024



कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता एवं पदेन परियोजना प्रबन्धक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर जिला परिषद धौलपुर
SEWDSC.DHOLPUR @RAJASTHAN.GOV.IN
क्रमांक-एमजेएसए/निविदा/2024-25/1406-09 दिनांक-16.12.2024
NOTICE INVITING BID
NIB No 08 YEAR 2024-25
Bids for NRM Works (MPT etc. under MJSA 2.0 Project Area in Block Rajakhera of Distt. Dholpur of estimated value INR 50.41 Lacs are invited from interested bidders up to 6.00 PM, 26-12-2024. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state.
UBN-WSC2425WSOB00876
NIB NO-WSC2425A0434
(लाखन सिंह मीना)
अधीक्षण अभियन्ता एवं पदेन परियोजना प्रबन्धक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर जिला परिषद धौलपुर
DIPR/C/13352/2024



जयपुर विकास प्राधिकरण
इन्दिरा सर्किल, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, जयपुर- 302004
क्रमांक : JDA/IT (1377126)/ILL/2024/D-354 दिनांक: 24.12.2024
निविदा सूचना
NIB No.: JDA-IT-12:2024-25
UBN No.: - JDA2425SLOB00436
जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा "Hiring Services of Internet Lease Line" के लिए ऑनलाईन बिड्स दिनांक 29/01/2025 को 03:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र का ऑनलाईन आवेदन व भूगतान जविप्रा पोर्टल पर करने की अन्तिम तिथि 27/01/2025 को 05:00 बजे तक है। निविदा की अनुमानित लागत रु 30.00 लाख है। निविदा प्रपत्र के दस्तावेजों का विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in and https://www.jda.rajasthan.gov.in/ पर देखा जा सकता है।
निविदा में भाग लेने हेतु निविदादाता को अनिवार्य रूप से निम्न प्रक्रिया अपनानी होगी:-
1. निविदा में भाग लेने एवं भुगतान जमा कराने हेतु निविदादाता को जविप्रा के 'Online Tender Participation' पोर्टल https://www.jda.rajasthan.gov.in या http://service.jaipurjda.org पर जविप्रा के सिंगल साईन ऑन के माध्यम से करना होगा।
2. राजस्थान सरकार के ई-प्रॉक्यूमेंट पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करनी होगी। राज.संवाद/सी/24/9528
सिस्टम एनालिस्ट



राजस्थान सरकार
निदेशालय आयुर्वेद विभाग, राजस्थान-अजमेर
क्रमांक-प.1/आ.मि./निविदा/2024-25/7842-44
ई-बोली विज्ञप्ति वर्ष 2024-25
राजस्थान के महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से राजस्थान राज्य में स्थित, भारत सरकार/राजकीय मान्यता प्राप्त एवं एन.एबी.एल. अधिस्वीकृत औषध परीक्षण प्रयोगशालओं से निम्न विवरणानुसार कार्य हेतु अनुमाति रशि रू. 30.00 लाख में आयुर्वेद औषधियों के सेम्पल का परीक्षण कार्य हेतु ई-प्रोक्यूरमेनट प्रक्रिया से ऑनलाईन बोली आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन बोली फार्म डाउनलोड प्रारम्भ करने की दिनांक 17.12.2024 प्रात: 11.00 बजे से बोली फार्म अपलोड करने की अन्तिम दिनांक 26.12.2024 को दोपहार 1.00 बजे तक है।
राज्य वार्षिय कार्य योजना वर्ष 2024-25 के तहत 50 बेडेड राजकीय एकीकृत आयुश चिकित्सालय, अजमेर, भीलवाड़ा, जयपुर, सीकर, चुरू व बीकानेर के लिए उपकरण क्रय हेतु अनुमानित राशि 400 लाख एवं फर्नीचर क्रय हेतु 100 लाख की ई-प्रोक्यूरमेनट प्रक्रिया से ऑनलाईन बोली आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन बोली फार्म डाउनलोड प्रारम्भा करने की दिनांक 17.12.2024 प्रात: 11.00 बजे से बोली फार्म अपलोड करने की अन्तिम दिनांक 08.01.25 को दोपहर 1.00 बजे तक है।
बोली से सम्बन्धित समस्त: विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, www.dipr.rajasthan.gov.in.,sppp.rajasthan.gov.in एवं health.rajasthan.gov.in/ayurvad पर भी देखी जा सकती है।
1. आयुर्वेद औषधियों के सेम्पल का परीक्षण कार्य-UBN NO: AYU2425SLOB00222
2. फर्नीचर क्रय हेतु AYU2425GLOB00221
3. उपकरण क्रय हेतु AYU2425GLOB00220
DIPR/C/13241/2024 निदेशक



CHILD LINE 1098 NIGHT & DAY
आज़ादी का अमृत महोत्सव
राजस्थान सरकार
कार्यालय सहायक निदेशक, बाल अधिकारिता विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई धौलपुर (राज.)
पता:- प्रथम तल, सान्याअवि परिसर, आर.ए.सी. के पास, बजरिया रोड, धौलपुर, पिनकोड-328001
टेलिफोन नंबर- 05642-299112, ईमेल आईडी:- dlo.dcpudho@rajasthan.gov.in
क्रमांक:- 450 दिनांक:- 17.12.2024
ई-निविदा आमंत्रण सूचना 02/2024-25
निदेशालय बाल अधिकारिता विभाग जयपुर के आदेशानुसार जिले में चाइल्ड हैल्पलाईन 1098 यूनिट एवं रेल्वे चाइल्ड हैल्प डैस्क के संचालन के लिए प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट यूनिट (पीएमयू) संबंधित निविदा प्रक्रिया कर मानवसंसाधन जॉब बेसिस पर लिया जाना है, जिसके लिए Rajasthan Transparency In Public Procurement Act 2012 तथा Rajasthan Transparency In Public Procurement Rules 2013 के तहत् जॉब बेसिस पर कार्य कराने के लिए इच्छुक संवेदकों से निम्नानुसार ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | जॉब कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत रूपये | अमानत राशि रूपये | निविदा शुल्क | RISL प्रोसेस शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चाइल्ड हैल्प लाईन यूनिट हेतु प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर, काउंसलर, CHL सुपरवाईजर, केस वर्कर एवं रेल्वे चाइल्ड हैल्प डैस्क हेतु- CHLसुपरवाईजर, केस वर्कर। | 3564000/- | 71280/- | 500/- रूपये | 500/- रूपये |

| | |
|---|---|
| ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निविदा प्रपत्र बिड डाटासीट इत्यादि अपलोड करने की अंतिम तिथि व समय | दिनांक 28.12.2024 10:30 PM तक |
| अमानत राशि, निविदा शुल्क एवं RISL प्रोसेस शुल्क प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | दिनांक 28.12.2024 11:30 PM तक |

निविदा शर्ते एवं दस्तावेज पोर्टल sppp.rajasthan.gov.in एवं eproc.rajasthan.gov.in पोर्टल पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।
NIB No.:- CED2425A00097
UBN No:- CED2425SLRC00073
(विश्व देव)
सहायक निदेशक
बाल अधिकारिता विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाइ धौलपुर
DIPR/C/13331/2024



कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड बाडी
क्रमांक :- 1496 दिनांक :- 17/12/24
निविदा सूचना संख्या: 07/2024-25
NIB code PWD2425A3344 and UBN is: PWD2425WSOB12299, PWD2425WSOB12300, PWD2425WSOB12301, PWD2425WSOB12302, PWD2425WSOB12303
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड बाडी जिला धौलपुर में कुल 5 नं. पर भवन कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों, राज्य सरकार के अन्य विभागों में पंजीकृत "एए, "ए"बी"सी" एवं "डी" श्रेणी संवेदकों एवं केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "एए, "ए"बी"सी" एवं "डी" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण बेवसाईट "www.eproc.dipronlineorg" व http://www.pwd.rajasthan.gov.in/, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

| क्र.सं. | मुख्यालय का नाम | कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड बाडी |
|---|---|---|
| 1 | निविदा का कार्य | भवन मरम्मत कार्य |
| 2 | निविदा की कुल लागत | रु. 58.34 लाख |
| 3 | निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क एवं धरोहर राशि जमा कराने की प्रक्रिया | वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र प. (5) / वित्त/साविलेनि/2018 दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ई-ग्रास चालान पर ऑनलाइन एक ही चालान द्वारा निम्न बजट मद में जमा करानी है। 1) निविदा शुल्क 0075-00-800-52-01 2) प्रोसेसिंग शुल्क 8658-00-102-(16)-02 (निर्माण विभाग) (RISL Fees) 3) धरोहर राशि 8443-00-108-00-00 |
| 4 | निविदा आवेदन/डाउनलोड करने की तारीख (बेवसाइट पर) | दिनांक 17.12.2024 प्रातः 11:00 बजे दिनांक 27.12.2024 सायं 3:00 बजे तक |
| 5 | निविदा फार्म जमा कराने की तारीख (बेवसाइट पर) | दिनांक 17.12.2024 प्रातः 11:00 बजे दिनांक 27.12.2024 सायं 3:00 बजे तक |
| 6 | निविदा खोलने की तारीख (बेवसाईट पर) | दिनांक 27.12.2024 सायं 06:00 बजे |

(सौरभ शर्मा)
अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि.खण्ड बाडी
DIPR/C/13279/2024



कार्यालय नगर निगम, उदयपुर
टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001
दुरभाष स. 0294-2421255, 2420013, Helpline no.0294-2426262 वेबसाइट- www-udaipurmc.org
क्रमांक : निविजा/2024-25/ई-27 दिनांक :- 24.12.2024
(ई-भुगतान) बोली आमन्त्रण सूचना संख्या - ई 27/2024-25
नगर निगम कार्यालय उदयपुर द्वारा विभिन्न विकास कार्यो हेतु कुल राशि रु0 79.51 लाख के कुल 07 कार्यो हेतु इच्छुक निविदादाताओं से निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा के कार्यो की प्रारम्भ तिथि 24.01.2024 एवं अंतिम तिथि 02.01.2025 तथा निविदा खुलने की तिथी 03.01.2025 रहेगी निविदा से संबंधित अन्य समस्त विवरण इंटरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते है। UBN No. UNP2425WSOB00155
राज.संवाद/सी/24/9480 अधीक्षण अभियन्ता, नगर निगम, उदयपुर



कार्यालय उपवन संरक्षक, करौली (राज.)
(गदका की चौकी करौली Phone & Fax No. 07464-297003
Email: dcf.kroli.forest@rajasthan.gov.in)
Notice Inviting Bid
Bid for Boundry Wall Construction in Range Masalpur are invited from interested bidders. other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in and http://www.eproc.rajasthan.gov.in of the state.

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | यू.बी.एन.नम्बर | लागत लाखों में | जारी दिनांक | जमा व खोलने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दीवार निर्माण कार्य | UBN No FOR2425WSRC02964 | 29.78 | 16.12.2024 | 26.12.2024 व 27.12.2024 |

(सुमित बंसल)
उप वन संरक्षक, करौली
DIPR/C/13286/2024



राजस्थान सरकार
कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड सवाई माधोपुर
राजकीय आयुर्वेद औषधालय के पास, सामान्य चिकित्सालय परिसर, सवाई माधोपुर
फोन: 07462-233169 email-eemhswm@gmail.com
क्रमाक : 1978 दिनांक: 16/12/2024
ई-टेन्डिरिंग निविदा सूचना 23/2024-25
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर सें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत राज्य के स.माधोपुर, बूंदी व गंगापुरसिटी में विभिन्न स्थानों पर रू. 208 लाख के 4 निर्माण कार्य / विद्युत कार्य हेतु राजस्थान सरकार के समकक्ष उपयुक्त श्रेणी में विद्युत कार्य / निर्माण कार्य हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट www.dipronline.org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।
UBN- 1. MHS2 425 WS0B04305, 2. MHS2425WSOB04306
3. MHS2425WSOB04307, 4. MHS2425WSOB04308
अधिशाषी अभियन्ता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य खण्ड सवाई माधोपुर
DIPR/C/13202/2024



राजस्थान सरकार
कार्यालय अधिशाषी अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, बीकानेर
स्वाथ्य भवन, त्यागी वाटिका,जेल वैल, बीकानेर, email-eemhbikaner@ymail.com
क्रमांक:- EE/MSH/BKN/2024-25/2162 दिनांक:-16/12/24
ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना संख्या:-26/2024-25
निम्नहस्ताक्षरकर्ता द्वारा राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला बीकानेर में कुल रू. 775.58 लाख के 17 कार्य हेतु निविदा में बताये अनुसार श्रेणी के संवेदको के समकक्ष उपर्युक्त सिविल श्रेणी मे सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/ केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे/एमईएस इत्यादि मे पंजीकृत संवेदको जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त सिविल श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र मे ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेबसाईट www.dipronline.org http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.inc.in पर देखा जा सकता है।
अधिशाषी अभियन्ता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, बीकानेर
UBN:- 1.NRH42425WSOBP1793, 2.NRH42425WSOBP1794, 3.NRH42425WSOBP1795
4.NRH42425WSOBP1797, 5.NRH42425WSOBP1799, 6.NRH42425WSOBP1800
7.NRH42425WSOBP1801, 8.NRH42425WSOBP1802, 9.NRH42425WSOBP1803
10.NRH42425WSOBP1804, 11.NRH42425WSOBP1805, 12.NRH42425WSOBP1807
13.NRH42425WSOBP1809, 14.NRH42425WSOBP1812, 15.NRH42425WSOBP1814
16.NRH42425WSOBP1817, 17.NRH42425WSOBP1820
DIPR/C/13197/2024



राजस्थान सरकार
कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग
प्रथम तल, स्वास्थ्य भवन, भीनमाल रोड़, जालोर
क्रमांक : अ.अ./चि.एव.स्वा/ 2024-25/3 ./चि.एव.स्वा/2024-25/3365-74 दिनांक : 16.12.2024
ई-निविदा सूचना संख्या 18/2024-25
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस खण्ड के अन्तर्गत विभिन्न चिकित्सालयों पर रू. 644.80 लाख के 13 सिविल कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार / केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग/ रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्माण कार्य हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डिरिंग प्रक्रिया ऑन लाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधि विवरण डीआईपीआर की वैबसाईट www.dipronline.org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वैबसाईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है। NIB No. NRH2425A0456
1. NRH2425WSOB01806
2. NRH2425WSOB01808
3. NRH2425WSOB01810
4. NRH2425WSOB01811
5. NRH2425WSOB01813
6. NRH2425WSOB01815
7. NRH2425WSOB01816
8. NRH2425WSOB01818
9. NRH2425WSOB01819
10. NRH2425WSOB01821
11. NRH2425WSOB01822
12. NRH2425WSOB01823
13. NRH2425WSOB01824
(रणवीरसिंह कछवाहा)
अधिशाषी अभियंता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, जालोर
DIPR/C/13194/2024

# चोरी व नकबजनी की कजोड़ गैंग का फर्दाफाश, दो गिरफ्तार

## सरसों से भरी चोरी की पिकअप व रैकी में काम ली गई कार बरामद

**मालपुरा, (निसं)।** अनाज मंडीयों व सुनसान इलाकों में बने गोदामों की चौपहिया वाहन से रैकी कर चोरी व नकबजनी की वारदातों को अंजाम देने वाली अंतरराज्य कजोड़ गैंग का मालपुरा थाना पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने चुराई गई सरसों से भरी पिकअप व रैकी के लिये उपयोग मे ली जा रही कार को बरामद कर कजोड गैंग के दो आरोपियो को गिरफ्तार किया।

मालपुरा थाने में प्रेस कॉन्फ्रेस के जरिये अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक मोटाराम बेनिवाल ने अंतरराज्य कजोड़ गैंग का खुलासा करते हुये बताया कि 19 अक्टूबर को मालपुरा शहर के रिको एरिया स्थित गर्ग उद्योग के ताले तोड़कर फैक्टरी से 9 से 10 क्विंटल मूंग चुरा ले जाने तथा इसी फैक्टरी से 27 नवम्बर को दूसरी बार ताले तोड़ सरसो के 80 कट्टे चुरा ले जाने की हुई वारदात पर पीड़ित ओमप्रकाश जैन की ओर से मामला दर्ज करवाया गया था। वहीं उनियारा कस्बे में परचून के गोदाम से लाखों रूपयों का सामान चुरा ले जाने की वारदात का मामला दर्ज हुआ। दो स्थानों पर एक ही तरीके से की गई चोरी की वारदात पर मालपुरा में व्यापारियों ने कृषि मंडी व रिको में व्यापार बंद कर दो दिन हड़ताल व धरना प्रदर्शन किया था।

एसपी विकास सांगवान के निर्देशों पर डीएसपी आशीष प्रजापत के सुपरविजन मे थानाधिकारी चेनाराम बेडा के नेतृत्व में 13 सदस्यों की विशेष टीम का गठन कर रैकी कर इस प्रकार की वारदातों को अंजाम देने वाली गैंग एवं चालानशुदा अपराधियों को चिन्हित कर उनके रहन-सहन आदि की सूचना जुटाकर सीसीटीवी फुटेज व साइबर टीम के जरिये जुटाई जानकारी में कजोड़ गैंग की सक्रियता सामने आने पर गैंग का पता लगाया गया। यह कजोड़ गैंग ज्यादातर जयपुर शहर में सिरसी, बिन्दायका, कनकपुरा रेलवे स्टेशन की तरफ अपने ठिकाने बनाने की सूचना मिली। जिस पर मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम में शामिल अधिकारी व जवानों ने अपना हुलिया बदलकर कजोड़ गैंग को डिटेन कर कुडियों की ढाणी आकोदा थाना फुलेरा जयपुर ग्रामीण से कार में सवार आरोपी रूडमल उर्फ कजोड़ जाट निवासी हिरनोदा थाना फुलेरा हाल निवासी ओम वाटिका सिरसी थाना बिन्दायका व राजाराम उर्फ राजू जाट निवासी सुनारी थाना निवाई को गिरफ्तार किया। पूछताछ मे उनकी बताई निशानदेही से मालपुरा से चुराई गई सरसों से भरी पिकअप को बरामद कर चोरी के 80 कट्टे सरसों व रैकी मे उपयोग में ली जाने वाली कार भी बरामद की गई।



चोरी व नकबजनी की वारदातों को अंजाम देने वाली गैंग का मालपुरा पुलिस ने खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

■ **गैंग के मुख्य सरगना रूड़मल उर्फ कजोड़ के विरूद्ध प्रदेश के कई थानों में 29 मामले दर्ज हैं**

एएसपी बेनिवाल ने बताया कि बरामद की गई पिकअप को शातिर चोरों ने हिण्डोली जिला बूंदी से चुराया था। गैंग के मुख्य सरगना रूडमल उर्फ कजोड़ के विरूद्ध नरेना, कुचामन, रिंगस, जोबनेर, परबतसर, बगरू, खाटूश्यामजी, फुलेरा, सांभरलेक, भांकरोटा, जयपुर, नागौर, अजमेर व उदयपुर थानों में 29 मामले चोरी व नकबजनी के दर्ज हैं।

# महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों को मिलेंगे शिक्षक

■ **पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं राजस्थान बीकानेर ने अंग्रेजी माध्यम स्टॉफ चयन परीक्षा-2024 का परिणाम घोषित किया**

■ **राज्य के महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में करीब 17500 पद रिक्त, इन पदों को बढ़ाने के लिए 25 अगस्त को चयन परीक्षा करवाई थी**

**बीकानेर, (निसं)।** राज्य के 3737 महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों को नए साल में शिक्षक मिल जाएंगे। पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं राजस्थान बीकानेर ने 25 अगस्त 2024 को हुई अंग्रेजी माध्यम स्टॉफ चयन परीक्षा-2024 की परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया है। शिक्षक शाला दर्पण पोर्टल पर स्टॉफ लॉगिन के जरिए अपना परीक्षा परिणाम देख सकेंगे। 100 नम्बर के प्रश्न पत्र में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाले टीचर महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में पोस्टिंग के लिए पात्र होंगे। राज्य के महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में करीब 17500 पद रिक्त चल रहे हैं। इन पदों को बढ़ाने के लिए शिक्षा विभाग में 25 अगस्त को चयन परीक्षा आयोजित करवाई थी। इस परीक्षा के लिए प्रदेशभर से 79275 शिक्षकों ने आवेदन किया। जबकि परीक्षा में 51870 शिक्षक शामिल हुए।

जानकारी के अनुसार जिले के शिक्षकों को पोस्टिंग में 10 प्रतिशत बोनस अंकों के प्रावधान को लेकर मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण परीक्षा परिणाम जारी होने में विलंब हुआ। न्यायालय से हरी झंडी मिलने के बाद शिक्षा विभाग में मंगलवार को परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। संभावना जताई जा रही है कि शीतकालीन अवकाश के बाद चयनित शिक्षकों को महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में पदस्थापन दिया जाएगा। चयन परीक्षा का रिजल्ट घोषित होने के साथ ही माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में शिक्षकों के पदस्थापन की तैयारी शुरू कर दी है। शिक्षा निदेशालय ने संभाग के सभी संयुक्त निर्देशकों से इंग्लिश मीडियम स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पदों की सूचना मांगी है। दरअसल, 7 दिसंबर को हुए सरप्लस शिक्षकों के समायोजन के बाद महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में भी रिक्त पदों की संख्या में बदलाव हुआ है।

महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में शिक्षकों की पोस्टिंग मेरिट के आधार पर की जाएगी। 100 अंकों के पेपर के आधार पर मेरिट तैयार की जाएगी। मेरिट के आधार पर शिक्षकों को जिला आवंटन होगा। जिला आवंटन के लिए जल्द ही ऑनलाइन विकल्प की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

नरेंद्र कुमार सोनी, पंजीयक, शिक्षा विभागीय परीक्षा राजस्थान, बीकानेर का कहना है कि महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यमिक स्कूलों में शिक्षकों की पोस्टिंग के लिए 25 अगस्त को ही स्टॉफ चयन परीक्षा 2024 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। शिक्षक शाला दर्पण पोर्टल के जरिए अपना परीक्षा परिणाम देख सकेंगे।

# महिला पर जलती लकड़ी से हमला कर आंख फोड़ी

**उदयपुर, (कासं)।** सास से मिलने गई एक महिला पर उसकी देवरानी ने मारपीट कर जलती लकड़ी से हमला कर एक आंख नष्ट कर दी।

पुलिस से मिली जानकार के अनुसार कुशाबाई पत्नी कावाराम सौलंकी निवासी गडला ओगणा ने रिपोर्ट ने दी कि मेरी सासु वनीबाई पत्नी दीताराम मेरे देवर अम्बालाल के साथ रहती है, जो बीमार होने से मैं 20 दिसम्बर को शाम छह बजे उनको मिलने गई तो पता चला कि वो मेरे दूसरे देवर प्रेम सौलंकी के यहां ताप रही है। तब मैं अपनी सासु के पास गई, उनके पास बैठ बात ही कर रही थी कि इतने में मेरी देवरानी गीता पत्नी प्रेम सौलंकी निवासी गडला जो गाली-गलोज करती आई और आते ही चूल्हे में से जलती लकड़ी ले कर मेरे पर वार कर दिया, जो मेरे आंख पर जलती लकड़ी लगने व मेरी आंख के अंदर अंगारा चला जाने से आंख पूरी तरह नष्ट हो गई।

फिर गीता ने मुझे रोते हुए को बाल पकड़ नीचे गिराकर घसीटा। मेरे हाथ की अंगुली को मुंह से काट खाया व लातों मुक्कों से मारपीट की। मेरे ससुर दीताराम पुत्र नवा भी पास ही थे, परन्तु उन्होंने बचाव के बजाय उल्टे गीता को ही उकसाकर मेरे साथ यह घटना करवाई। मैं किसी प्रकार गीता के चंगुल से छूटकर अपने घर भागी। मेरे पति मजदूरी पर बाहर होने से उनको सूचित किया। उनके आने पर पीड़िता ने थाने पर जाकर रिपोर्ट दी। रिपोर्ट पर ओगणा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चलती वैन में आग लगी, चालक बचा

**मालपुरा, (निसं)।** जयपुर-भीलवाड़ा स्टेट हाईवे के मालपुरा-जयपुर सड़क मार्ग पर डिग्गी थाना क्षैत्र के डेंचवास मोड़ के पास मंगलवार को जयपुर की और जा रही एक मारूति वैन मे अचानक आग लग गई। वैन में लगी आग को देख चालक ने वैन को बीच सड़क पर ही छोड़कर कूदकर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते विकराल हुई आग से वैन जलकर राख हो गई। मालपुरा नगरपालिका दमकल लेकर पहुंचे चालक अशोक व अन्य ने मौजूद ग्रामीणों के सहयोग से वैन मे लगी आग पर काबू पाया। आग के चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लाइन लग गई। आग बुझने के बाद यातायात सुचारू करवाया गया। डिग्गी पुलिस जली हुई वैन को सुरक्षा मे ले आग लगने के कारणों की जांच शुरू की।

# नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

■ **एसएससी में नौकरी लगाने के नाम पर चार लाख हड़पे थे**

**खेतड़ी, (निसं)।** पचेरीकलां पुलिस ने ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए एसएससी में नौकरी लगाने के नाम पर चार लाख रूपए हड़प लेने के फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था, जो काफी समय से फरार चल रहा था।

थानाधिकारी राजपाल सिंह यादव ने बताया कि भालोठ निवासीकृष्ण कुमार ने थाने पर रिपोर्ट दी कि वह भिर्र निवासी सुनिल के साथ बुहाना की निजी स्कूल में 2012-13 में साथ में पढ़ता था। इस दौरान एक दूसरे के घर पर आना-जाना भी था व एक दूसरे पर विश्वास था। इस दौरान उसने अपनी एसएससी में जानकारी होने व भर्ती करवाने का आश्वासन दिया व उससे एसएससी एमटीएस 2020 का फार्म भरवा दिया, जिसका पेपर 14 अक्टूबर 2021 को जयपुर में हुआ। सुनिल ने उसे परीक्षा से एक दिन पहले जयपुर बुलाया सिंधि कैम्प किसी होटल में ठहराया। इसके बाद सुनिल ने आठ लाख रू. में एसएससी एमटीएस के पद पर भर्ती करने का आश्वासन दिया व चार लाख रूपये पहले देने को कहा। जिस पर प्रार्थी ने 3.95 लाख रूपए उसके खाते मे तथा पांच हजार 5000 रूपए नगद दिए, लेकिन ना ही उसको को नौकरी लगाया व रूपए वापस मांगने पर देने से मना कर दिया।

जिस पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर भिर्र निवासी सुनिल कुमार पुत्र रमेश मान, मुरलीपुरा जयपुर निवासी सुनिल कुमार बैरवा पुत्र रामकरण बैरवा को पहले गिरफ्तार कर लिया था जबकि आरोपी ठिमाऊ निवासी सोनू शर्मा फरार होने पर काफी तलाश करने पर नहीं मिला। इस दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर फरार आरोपी सोनू शर्मा पुत्र देवकरण शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा वारदात में शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

## कलेक्टर ने रैन बसेरों का निरीक्षण किया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** ज़िले में कड़ाके की सर्दी को देखते हुए जिला कलेक्टर नमित मेहता ने शहर के अस्थायी आश्रय स्थल और रैन बसेरों का निरीक्षण किया। उन्होंने सत्यम कॉम्प्लेक्स और प्राइवेट बस स्टैंड स्थित रैन बसेरे और आश्रय स्थल का निरीक्षण किया और जरूरतमंदों के लिए कंबल, पेयजल, शौचालय और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की उचित उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यूआईटी और नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्थायी आश्रयों और रैन बसेरों में रहने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। प्राइवेट बस स्टैंड स्थित आश्रय स्थल के निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने नगर निगम के अधिकारी को आश्रय स्थल में अतिरिक्त कार्मिक की नियुक्ति और शौचालय में नल दुरूस्त करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने रैन बसेरों में आने वाले जरूरतमंदों के नजदीक के अन्नपूर्णा रसोई में भोजन, स्वास्थ्य सेवाओं और सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने रैन बसेरों में ठहरे लोगों से भी संवाद किया।

## अवैध मादक पदार्थ सहित दो गिरफ्तार

**टोंक, (निसं)।** देवली वृत्ताधिकारी रामसिंहव थानाधिकारी देवली राजकुमार द्वारा गठित टीम द्वारा देवली में अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु इलाका थाने में सघन चैकिंग अभियान चलाया गया, जिस दौरान बस स्टेण्ड के पिछे गठित टीम ने एक मोटरसाईकिल सवार जो गौरव पथ की तरफ वापिस जा रहा था, उससे पूछताछ के दौरान दोनों बाईक सवार गिरधारी लाल पुत्र जगदीश प्रसाद एवं कालूराम साहू पुत्र घीसालाल से पूछताछ कर तलाशी के दौरान काले रंग के बैग को छिपाने लगे तो पुलिस ने बैग को खोलकर चेक किया तो एक नीले रंग की थैली में 4 किलो 5 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया।


# जोधपुर में कोहरा छाया, सर्द हवा से धूजणी छूटी

**जोधपुर, (कासं)।** मारवाड़ में मौसम पूरी तरह बदल गया है। यहां सर्दी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। जोधपुर शहर में मंगलवार को सुबह कोहरा नजर आया। दोपहर तक कोहरा छाया रहा। सुबह से ही सर्द हवाओं ने धूजणी छुड़ा दी।

शहर में अब मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। शहर के परकोटा और आसपास का क्षेत्र मंगलवार सुबह धुंध की चादर ओढ़े नजर आया। कड़ाके की ठंड की वजह से आम जनजीवन भी खासा प्रभावित हुआ। सुबह का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं रात के समय तापमान 10 से 12 डिग्री के बीच रहा है। तेज ठंड की वजह से लोग सर्दी से बचने के लिए तरह-तरह के जतन करते नजर आए। कई जगहों पर कोहरे के कारण वाहन चालकों को भी परेशानी हुई। मौसम विभाग की ओर से जोधपुर, जालोर, पाली सहित आसपास के जिलों में 27 दिसंबर को बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान की ओर से घना कोहरा छाने का येलो अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही 26 दिसंबर से बारिश का दौर भी शुरू होने की संभावना है।

## हादसे में असिटेंट प्रोफेसर की मौत

**मानपुरा माचेड़ी, (निसं)।** चंदवाजी थाना इलाके के चंदवाजी-चौमू रोड पर चंदवाजी में एक तेज रफ्तार स्कार्पियो कार ने मोटरसाइकिल के टक्कर मार दी, जिससे मोटरसाइकिल सवार निम्स यूनिवर्सिटी में कार्यरत एक असिटेंट प्रोफेसर की मौत हो गई। पुलिस सहायक उपनिरीक्षक रामस्वरुप सैनी ने बताया कि यूपी के बुलन्दशहर निवासी मनोज कुमार (30) पुत्र मानसिंह जो कि निम्स यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत था व चंदवाजी के पास किराया का कमरा लेकर रहता था। मंगलवार को बाइक पर सवार होकर घर से यूनिवर्सिटी जा रहा था कि चंदवाजी में चौमू रोड पर ईंट भट्टों के पास एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार ने बाइक के टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर घायल हो गया व अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक व स्कार्पियो कार को जब्त कर लिया।



**तीन दिवसीय कोटा महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को प्रातः हैरिटेज वॉक का आयोजन किया गया। जन प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं रंग-बिरंगी पोशाकों में सजे आमजन ने उत्साह के साथ हैरिटेज वॉक में हिस्सा लिया। शान से निकली हैरिटेज वॉक के माध्यम से कोटा शहर के हैरिटेज, यहां की संस्कृति एवं प्राचीन स्थलों को पर्यटन मानचित्र पर लाने का सार्थक प्रयास किया गया। पाटनपोल स्थित मथुराधीशजी मंदिर में दर्शन के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, जिला कलेक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी, जन प्रतिनिधि राकेश जैन एवं गणमान्य लोगों का हुजूम रंग-बिरंगी पगड़ियां एवं साफे पहनकर हैरिटेज वॉक लिए निकल पड़ा।**

# उच्च स्तरीय जांच के आश्वासन पर माने परिजन

**उदयपुर, (कासं)।** तीन दिन से घर से लापता एक युवक का शव देबारी में एक प्लानिंग में लटकने के मामले में उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर शव नहीं उठाने पर एसपी कार्यालय में मृतके के परिजन और पुलिस के बीच वार्ता हुई, जिसमें एसपी ने सुखेर थानाधिकारी को इस प्रकरण में निष्पक्ष जांच के आदेश दिए, तब जाकर परिजन माने और मृतक का शव लिया और अंतिम संस्कार करवाया।

जानकारी के अनुसार शुभम (25) पुत्र शंभूलाल कुमावत निवासी नाकोडा नगर प्रतापनगर जो 20 दिसम्बर को घर से बिना बताए निकल गया था। परिजनों ने इसकी काफी तलाश पर पता नहीं चला। इस पर परिजनों ने प्रतापनगर थाने में रिपोर्ट दी थी। पुलिस जांच के दौरान सोमवार को इस युवक का शव नए सिक्सलेन हाईवे पर एक निजी प्लानिंग में एक पोल से लटका मिला। परिजनों व समाज जनों ने हत्या का आरोप लगाया। पुलिस समझाइश से भी नहीं मानने पर समाजजन और परिजनों ने सोमवार को कलेक्ट्री पर नारेबाजी और प्रदर्शन किया। एसपी योगेश गोयल के निर्देश पर सोमवार को मृतक का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया।

पोस्टमार्टम के बाद परिजन इस बात पर अड़ गए कि मामले की उच्च स्तरीय जांच हो, पर पुलिस की ओर से आश्वासन नहीं देने पर सोमवार को परिजनों ने शव नहीं लिया। मंगलवार को एसपी कार्यालय में समाज के मौतबीरों व एसपी के बीच वार्ता हुई। जिसमें समाज जनों ने उच्च स्तरीय जांच करवाने के साथ ही मृतक की कॉल डिटेल निकलवाकर जांच करवाने की मांग की। इस पर एसपी योगेश गोयल ने सुखेर थानाधिकारी हिमांशु सिंह राजावत को इसकी जांच सौंपी। इसके बाद समाजजन माने। इसके बाद समाजजनों ने एडीएम सिटी को मृतक के परिजनों ने 50 लाख रूपए मुआवजा देने और मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी देने का ज्ञापन सौंपा। इसके बाद मृतक का शव परिजन लेकर गए और अंतिम संस्कार करवाया।

# काटी जा रही खेजड़ियों के विरोध में कल बीकानेर बंद का आव्हान

■ **'सोलर कंपनियों की ओर से जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में खेजड़ियां काटी जा रही है'**

**बीकानेर, (निसं)।** जिलेभर में काटी जा रही खेजड़ियों से आहत सर्व समाज की ओर से 26 दिसंबर को बीकानेर बंद का आव्हान किया है।

महासभा से जुड़े सुभाष ने पत्रकारों को सर्किट हाउस में जानकारी देते हुए हुए बताया कि सोलर कंपनियों की ओर से लगातार जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में खेजड़ियां काटी जा रही है। इसको लेकर विश्नोई समाज के लोगों व सर्वसमाज की ओर से कई बार धरने प्रदर्शन किये गये। इतना ही नहीं बीकानेर कलेक्ट्रेट के सामने करीब दो महीने तक धरना दिया गया, जिसके बाद 9 नवम्बर को नागौर आगमन पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने समाज के संतों के साथ गणमान्य जनों को लेकर आश्वस्त किया कि इसको लेकर कानून बनाया जाएगा तथा सोलर कंपनियों को पाबंद किया जाएगा, लेकिन प्रदेश के मुखिया भी हमारी मांग की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसके परिणााम स्वरूप फिर 21 दिसम्बर की रात को जयमलसर के नोखा दैया गांव में 172 खेजड़ियां काट दी गई। इस कृत्य को करने वालों के खिलाफ न तो नाल थाने में एफआईआर दर्ज की गई और न ही खेजड़ियों को काटने वालों की गिरफ्तारी हुई। ऐसे में अगर 26 दिसम्बर तक 172 खेजड़ियों को काटने वालों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो बीकानेर बंद कि या जाएगा।

पूर्व पार्षद मनोज विश्नोई ने कहा कि बीकानेर बंद के बाद 30 दिसंबर को अमावस्या के दिन मुकाम में महासभा, पर्यावरण बचाने में लगी संस्थाओं के पदाधिकारियों की एक बैठक कर आरपार की लड़ाई पर मंथन किया जाएगा। इस अवसर पर मोखराम धारणियां, रामगोपाल विश्नोई, रिछपाल फौजी, कृष्णा गोदारा, बुधराम, सज्जन बेनीवाल, श्याम खीचड़, हनुमान बेनीवाल, विजयपाल, हड़मानाराम, शंकर चौधरी, नर्सिंग भाटी, शिवदान मेघवाल, ओमप्रकाश, रामप्रताप वर्मा, लालचंद, अशोक, रामेश्वर, सहीराम पूनिया, मनीष सोलंकी, हंसराज धायल, मुरली गोदारा, एम ताहिर खान, सत्यनारायण कुलडिया, अर्जुन डेलू, रामनिवास सियाग, हरिराम धायल सहित बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोग मौजूद रहे। उधर रासीसर में भी महापड़ाव की तैयारी पर मंथन किया जा रहा है। रामगोपाल विश्नोई ने बताया कि सीएम के आश्वासन के बाद रासीसर महापड़ाव स्थगित कर उपचुनावों में भाजपा को सपोर्ट किया, लेकिन सीएम व भाजपा ने विश्नोई समाज के साथ धोखा किया है। जिसके चलते तीस तारीख की बैठक के बाद गांव-गांव इस अभियान को चलाकर एक बार फिर रासीसर में महापड़ाव डाला जाएगा और वहीं पर ही खेजड़ी वृक्ष को नहीं काटने संबंधित कानून बनाने के लिये आन्दोलन कर आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। साथ ही विधानसभा का घेराव भी किया जाएगा।

# लाखों के आभूषण चोरी, चार आरोपी गिरफ्तार

## मकान में चोरी का मास्टरमाइंड पड़ौसी युवक ही निकला

**कोटा, (निसं)।** रेलवे कॉलोनी पुलिस टीम ने एक मकान में लाखों के जेवरात चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए फरियादी के पड़ौसी युवक सहित उसके तीन अन्य साथियों को गिरफ्तार किया। मकान मे चोरी का मास्टरमाइंड फरियादी का पड़ौसी युवक बंटी निकला। पुलिस ने पकडे गये आरोपियो के कब्जे से चुराये हुए सोने चांदी के जेवरात बरामद किये हैं। पकड़े गये आरोपियों के विरूद्ध शहर के अन्य थानों में कई अपराधिक मामले दर्ज हैं।

शहर पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने बताया कि रेलवे कॉलोनी इलाके के सोगरिया में मकान में हुई चोरी की वारदात सामने आने पर अज्ञात चोरों की तलाश के लिये पुलिस उप अधीक्षक गंगासहाय शर्मा के सुपरविजन एवं रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा के नेतृत्व में टीम का गठन किया। गठित टीम ने कार्यवाही करते हुए संदेह के आधार पर फरियादी के पड़ौसी युवक बंटी से पूछताछ की जिसने पूछताछ में अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर नशे की लत को पूरा करने के लिये चोरी की वारदात को करना कबूला। पुलिस टीम ने मामले मे कार्यवाही करते हुए सोगरिया निवासी बंटी, कुन्हाडी निवासी विष्णु उर्फ नासा, शिवराज केवट और गामच फाटक निवासी अजय केवट को गिरफ्तार किया।



नकबजनी के चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

■ **तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर नशे की लत को पूरा करने के लिये चोरी की थी**

शहर एसपी ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी बंटी जो फरियादी कृष्णगोपाल का पड़ौसी है। जिसे अपने पडौसी के परिवार सहित उत्तरप्रदेश शादी मे जाने का पता था। बंटी ने अपने तीन अन्य साथी विष्णु, शिवराज, अजय के साथ मिलकर पडौसी कृष्ण गोपाल के मकान मे चोरी करने की योजना बनाई। शहर एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपियों से पूछताछ मे सामने आया कि 13 दिसम्बर की रात्रि को चोरी की वारदात करने से पहले बंटी ने मकान में सो रहे रवि को फोन लगाया जब रविशंकर ने फोन नहीं उठाया तो बंटी को विश्वास हो गया कि रविशंकर नीचे कमरे में सो गया है। शहर एसपी ने बताया कि आरोपियों ने बताया कि चारों फरियादी के घर के पिछले दरवाजे से मकान मे प्रवेश कर दूसरी मंजिल छत पर पहुंचकर कुंडी तोड़कर दूसरी मंजिल पर बने कमरे में प्रवेश कर अलमारी का ताला तोड़कर सोने चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गये।

रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा ने बताया कि फरियादी सोगरिया निवासी कृष्ण गोपाल तिवारी ने 15 दिसम्बर को थाने में रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में कहा था कि अपने एक बेटे रवि को छोड़कर पूरा परिवार उत्तरप्रदेश में विवाह समारोह में शामिल होने के लिये गया था। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि उसके बेटे रवि ने 13 दिसम्बर को फोन पर मकान के ऊपर वाले कमरे में चोरी होने की सूचना दी। जिस पर वह कोटा पहुंचे फरियादी ने रिपोर्ट में अज्ञात चोरों के खिलाफ अलमारी का ताला तोडकर आभूषण चोरी का मामला दर्ज कराया था।

## सार-समाचार

### युवक ने फंदे से लटककर दी जान

**डूंगरपुर, (कासं)।** कोतवाली थाना क्षेत्र ने नया बस स्टैंड पर स्थित एक होटल के गैलरी में एक युवक ने फंदे से लटककर जान दे दी। उदयपुर के तीतरडी का रहने वाला युवक 4 दिन से होटल में ठहरा हुआ था। युवक सीसीटीवी में फँदा लगाने के लिए हाथों में रस्सी लेकर जाते हुए भी दिखाई दे रहा है। पुलिस ने शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। जहां परिजनों के आने के बाद पोस्टमॉर्टम हो सकेगा। कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि मंगलवार सुबह सूचना मिली कि बस स्टैंड पर स्थित एक होटल पर युवक ने सुसाइड किया है। इस सीआई के साथ एएसआई अशोक कुमार, बस स्टैंड चौकी प्रभारी लक्ष्मण सिंह, प्रह्लाद सिंह सहित टीम मौके पर पहुंची। होटल के तीसरी मंजिल की गैलरी में लगी रेलिंग से युवक ने रस्सी बांधकर फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। पुलिस ने होटल के रजिस्टर में दर्ज नाम विजेंद्र सुहालका निवासी गोकुल नगर तीतरडी उदयपुर के रूप में पता लगाया। जिस पर युवक की पहचान हो गई। युवक 20 दिसंबर से होटल में ठहरा था। कोतवाली थाना सीआई ने बताया कि युवक दिन के समय अपने काम से जाता था और शाम को वापस आता था। पुलिस ने होटल के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले। जिसमें युवक मंगलवार सुबह करीब 4 बजकर 25 मिनट के बाद कमरे से बाहर रस्सी लेकर जाते हुए नजर आ रहा है। युवक सीधे ही गैलेरी में गया और फंदा लगाया। घटना को लेकर पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है। वहीं शव को उतारकर डूंगरपुर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।

### बैंक ऑफ बड़ौदा साबली ब्रांच के ताले टूटे

**डूंगरपुर, (कासं)।** बिछीवाडा थाना क्षेत्र के साबली गांव में सोमवार रात चोरों ने बैंक ऑफ बडोदा ब्रांच को अपना निशाना बनाया, लेकिन बैंक के मैन लॉकर का लॉक नहीं टूटने से लोकर में रखा 4 लाख 29 हजार का कैश चोरी होने से बच गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।बिछीवाडा थाना पुलिस के अनुसार चोरों ने सोमवार रात साबली गांव स्थित बैंक ऑफ बडौदा ब्रांच के ताले तोडे। ताले तोडकर चोर अंदर घूसे और बैंक में रखी एक-एक अलमारी को खोला और सामान बिखेर दिया। वहीं, चोरों ने बैंक के मैन लॉकर को भी खोलने की कोशिश की, लेकिन चोर लोकर का लॉक नहीं तोड पाए, जिसके चलते चोरों के कुछ हाथ नहीं लगा। सुबह जब बैंक कार्मिक पहुंचे तब वारदात का पता चला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। बैंक मैनेजर के अनुसार बैंक लोकर में 4 लाख 29 हजार का कैश रखा था। चोरों से लोकर का लॉक नहीं टूटने से कैश चोरी होने से बच गया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक की पिकअप की टक्कर से मौत

**उदयपुर, (कासं)।** जयसमंद स्टेट मेगा हाईवे पर सोमवार देर रात बेकाबू पिकअप की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं हादसे को लेकर गांव में शोक छा गया। पुलिस के अनुसार सेरिया सलूंबर निवासी प्रवीण (30) पुत्र रामजी मेहता स्कूटी पर उदयपुर से अपने घर लौट रहा था। रात करीब नौ बजे मार्ग पर स्थित ढीमडा फाटक के समीप वह लघुशंका के लिए रुका। इस दौरान आई बेकाबू पिकअप युवक को रौंदती हुई करीब बीस फीट दूर खेत में उतर गई। हादसे की सूचना मिलने पर जयसमंद चौकी प्रभारी राजेंद्र प्रसाद मीणा, हेड कांस्टेबल देवेंद्र सिंह व कांस्टेबल महेंद्र सिंह मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और गंभीर हालत में युवक को अस्पताल के लिए रवाना किया। लेकिन युवक की रास्ते में ही मौत हो गई।इधर घटनास्थल पर लोगों की भीड एकत्रित हो गई। थोडी देर के लिए मार्ग पर वाहनों का आवागमन बाधित रहा। हादसे के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को सलूंबर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। सूचना मिलते ही एडवोकेट गेबीलाल मेहता व मनोज कुमार सहित कई ग्रामीण अस्पताल पहुंचे।

### विधिक सहायता शिविर का आयोजन

**उदयपुर, (कासं)।** टाइगर हिल्स के समीप कच्ची बस्ती में विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पेसिफिक स्कूल ऑफ लॉ, पेसिफिक यूनिवर्सिटी द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उदयपुर एवं रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर वसुधा के सहयोग से आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि संजय भटनागर विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट, उदयपुर द्वारा बाल अपराधों की जानकारी देते हुए स्थानीय निवासियों को जागरूकता प्रदान की। मुख्य वक्ता के तौर पर श्री कुलदीप शर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संविधान द्वारा प्रदत्त शिक्षा के अधिकार की जानकारी देते हुए बच्चों को स्कूल भेजने की अपील की। उन्होंने स्थानीय निवासियों की समस्याएं सुनकर यथासंभव विधिक सहायता प्रदान करने का आश्वासन प्रदान किया। डॉ पुष्पा मेहडू, प्रिंसिपल पेसिफिक स्कूल ऑफ लॉ द्वारा महिलाओं को उनके विभिन्न अधिकारों से अवगत करवाते हुए उन्हें जागरूकता प्रदान की। कार्यक्रम में विधि विद्यार्थियों द्वारा मनोरंजक एवं शिक्षाप्रद नुक्कड नाटक का आयोजन किया गया जिसमें उत्पीडन, नशा, रैगिंग तथा पॉक्सो कानूनों से संबंधित जागरूकता प्रदान करने का प्रयास किया कार्यक्रम के दौरान स्थानीय कलाकारों ने कला का प्रदर्शन करते हुए कठपुतली का प्रदर्शन किया गया।

### विकास कार्यों का निरीक्षण

**उदयपुर, (कासं)।** पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने शहर के पर्यटक स्थल सज्जनगढ़ लॉयन सफारी, रेपटा हाउस जैविक उद्यान सज्जनगढ़ एवं उबेश्वर जी में जारी विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने लॉयन सफारी वॉच टावर से शहर के महत्वपूर्ण झील फतहसागर तथा 20 हैक्टर वन क्षेत्र में विकसित किये गये लॉयन सफारी के मेनगेट, फैन्सिंग कार्य, इको ट्रेल, बडे पौधो का पौधारोपण कार्य, चारागाह विकास, पौधों को पानी पिलाने हेतु स्प्रिंकलर सिस्टम, हॉल्डिंग एरिया आदि का निरीक्षण किया। लॉयन सफारी के वन क्षेत्र में चीतल भी घुमते हुए नजर आये। उन्होंने इन कार्यो को अतिशीध्र पूर्ण कर आम पर्यटकों के लिए लॉयन सफारी शुरू करने के निर्देश दिये।जैविक उद्यान सज्जनगढ़ में विकसित किये जा रहे रेपटा ल हाउस में ड्रिजा न अनुसार सांपों की प्रजातियाँ एवं कछुएं डिसप्ले हेतु टफन ग्लास से निर्मित एनक्लोजर का अवलोकन किया।

# जमीन हड़पने में झूठी गवाही देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** जमीन हड़पने के लिए फर्जी दस्तावेज बनाकर गवाहों की सहायता से जमीन को अपने नाम पर करवाने के मामले में झूठी गवाही देने के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार किशनलाल पुत्र उदा डांगी निवासी तुरकिया विठोली घासा और शंकरलाल पुत्र भग्गा डांगी निवासी तुरकिया विठोली घासा ने अमरलाल पुत्र दौला डांगी निवासी तुरकिया घासा, शंकरलाल पुत्र चैनराम डांगी निवासी नान्दवेल वल्लभनगर और सोहनलाल पुत्र लोगरलाल रावत निवासी रातारेला वल्लभनगर और अन्य के खिलाफ 7 नवम्बर को रिपोर्ट दी कि विठोली रख्यावल घासा में जमीन राजस्व रिकार्ड में वर्तमान में अमरलाल पुत्र दौला डांगी के नाम पर दर्ज है। यह जमीन में पूर्व में भंवरलाल पुत्र नाथूलाल एवं मांगीलाल पुत्र नाथुलाल महाजन निवासी देलवाडा के नाम पर दर्ज थी। यह जमीन वर्ष 1945 में भंवरलाल, मांगीलाल पुत्र नाथुलाल महाजन से पदमा पुत्र दौला डांगी ने खरीदी थी। पदमा पुत्र दौला डांगी का निधन हो चुका है तथा परिवादीगण इसके वारिस है। पूर्व में वर्ष 1945 में इस जमीन के पडोस एवं पुराने नम्बर लिखते हुऐ अपने आपको वयस्क बताते हुऐ भंवरलाल एवं मांगीलाल ने पदमा के पक्ष में रजिस्ट्री करवाई थी। तब से यह जमीन पदमा एवं उनके निधन के बाद बंटवाडे अनुसार वारिसों के कब्जे में चली आ रही है, परन्तु राजस्व रिकार्ड में भंवरलाल एवं मांगीलाल का नाम दर्ज होने का नाजायज फायदा उठा कर वर्ष 1945 में वयस्क हो चुके भंवरलाल एवं मांगीलाल को 50 एवं 44 वर्ष का व्यक्ति बता कर इनकी जगह डमी आदमी खडे कर अमरलाल पुत्र दौला डांगी निवासी तुरकिया ने 1 जुलाई 2024 को अपने पक्ष में रजिस्ट्री करवा दी, जिसमें शंकरलाल पुत्र चैनराम डांगी निवासी नान्दवेल वल्लभनगर एवं सोहनलाल पुत्र लोगरलाल रावत निवासी रातारेला वल्लभनगर ने गवाही दी जो व्यक्ति वष्र 1945 में वयस्क थे, उनकी उम्र करीब 70 वर्ष बाद भी 50 एवं 44 वर्ष अंकित कर अपराध किया है।

आरोपी अमरलाल के पक्ष में भंवरलाल एवं मांगीलाल बन कर जिन लोगो ने रजिस्ट्री करवाया वो दोनो असल में भंवरलाल एवं मांगीलाल नहीं है और जो भँवरलाल और मांगीलाल बने है उनके बारे में अमरलाल एवं गवाहो से पता कर उनके खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किया जाए। आरोपी अमरलाल आपराधिक प्रवृति है और लोगो को जमीने हडपने का कार्य करता रहता है। इसने पूर्व में भी तेजा डांगी पुत्र हीरा डांगी की जगह गलत व्यक्ति को खडा कर तेजा डांगी की भूमि को अपने नाम पर दर्ज करवा ली थी। आरोपी अमरलाल ने 1 जुलइाई को भंवरलाल एवं मांगीलाल की जगह डमी व्यक्ति को खडा कर शंकरलाल एवं सोहनलाल की गवाही में हमारे हिस्से व कब्जे की जमीन को हडपने के लिए गलत एवं फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन अपने नाम दर्ज करवा ली। रिपोर्ट पर घासा थाना पुलिस ने मामला दर्ज जांच करते हुए शंकर पुत्र चैना डांगी निवासी ओरडी नान्दवेल डबोक को गिरफ्तार किया है, जिससे पूछताछ की जा रही है।

# संगोष्ठी का आयोजन

**उदयपुर, (कासं)।** अधिकार प्राप्त करने के लिए लडना होगा, जागरूक होना होगा। आज हर व्यक्ति उपभोक्ता है और वह किसी न किसी परेशानी का शिकार अवश्य ही हुआ है, लेकिन जागरूकता के अभाव में वह अपने अधिकारों से वंचित है, आवश्यकता है सरकार अपने स्तर पर अभियान चला आमजन को जागरूक करें। व्यक्ति अपनी शिकायत जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर कर सकता है। उक्त विचार मंगलवार को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ एवं मारुति सेवा समिति की ओर से आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधीश शिव सिंह चौहान ने व्यक्त किए।

कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने युवाओं को संकल्प दिलाते हुए कहा कि हम ऐसा कोई कृत्य नहीं करेंगे जो नैतिकता से परे हो। हमारी प्राचीन परम्परा समृद्ध रही है जहां मूल्यों पर आधारित व्यापार होता था लेकिन भौतिकवाद के कारण आम व्यक्ति इससे भटक गया और निहित स्वार्थो के कारण कई प्रकार के अपराध कर बैठा।


प्रारूप-10 (नियम-6 (7) देखिए)

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद, राजसमन्द**

सं. 6285 दिनांक :24/12/2024

**लोक-सूचना**

श्रीनारायण लाल पिता श्री वरदा गुर्जर निवासी गुर्जरों का गुड़ा वार्ड नं.2 राजनगर एवं श्री निखिल निष्कलंक पिता श्री कैलाश निष्कलंक निवासी वत्सल्या भवन 100 फीट रोड़ आचार्य भिक्षु निलयम के पास राजनगर द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र.स. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजसमन्द | सनवाड़ | 2071/1725 | रकबा 0.2570 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ................ को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द


# युवा महोत्सव आरोहण शुरू

■ **विकसित भारत के लिए वैचारिक आरोहण जरूरी : मन्नालाल रावत**

**उदयपुर, (कासं)।** गायत्री परिवार की युवा इकाई डिवाइन इंडिया यूथ एसोसिएशन (दिया) राजस्थान के संयोजन में मोहनलाल सुखाडिया विवि और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में सुखाडिया विवि कैम्पस के स्वामी विवेकानंद सभागार में दो दिवसीय युवा महोत्सव आरोहण का शुभारंभ हुआ।

डिवाइन इंडिया यूथ एसोसिएशन (दिया) राजस्थान कार्यसमिति प्रांतीय संयोजक लोकेश शर्मा ने बताया कि आरोहण का शुभारंभ प्रातः 9.30 बजे हुआ। प्रवक्ता दिया उदयपुर के चयन त्रिपाठी ने बताया कि उद्घाटन सत्र में अतिथियों द्वारा देव मंच पर दीप प्रज्वलन के पश्चात गणेश वंदना और संगीतमय योग प्रस्तुति दी गई। अतिथियों द्वारा स्मारिका का विमोचन किया गया तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। किरण और टीम ने आरोहण थीम गीत प्रस्तुत किया।समारोह में विभिन्न आकर्षक प्रतियोगिताओं में सैकडों युवाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। इस दौरान सभी ने भविष्य में आने वाली चुनौतियों से मुकाबले का संकल्प लिया। आदित्य देशमुख के निर्देशन में सोशल मीडिया के उपयोग विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता में निर्णायक चिराग और मनीषा, हेमांग जोशी के निर्देशन में निर्णायक वरुण सुराणा और हिम्मत सिंह द्वारा आईडियाथॉन प्रतियोगिता, आदित्य कुमार के निदेशन में संस्कृतिक विरासत प्रश्नोत्तरी, अंकिता जोशी के निर्देशन में पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने समग्र स्वास्थ, सोशल मीडिया, पारिवारिक और सामाजिक दबाव, मानसिक तनाव आदि विषयों पर अपने विचार और समाधान प्रस्तुत किए। आरोहण महोत्सव के संयोजक प्रणय त्रिपाठी ने बताया कि शाम को मुख्य अतिथि सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, पेसिफिक विवि के अध्यक्ष बी.पी. शर्मा, वनवासी कल्याण आश्रम के भगवान सहाय, सुविवि की कुलपति सुनीता मिश्रा, यूनिसेफ प्रतिनिधि शफकत हुसैन, देव संस्कृति विश्विद्यालय के प्रोफेसर डॉ. इप्सित प्रताप सिंह ने भारत माता पूजन के साथ किया।

## युवक पर हमला

**उदयपुर, (कासं।** समाज की क्रिकेट प्रतियोगिता की मिटिंग दौरान एक युवक ने अपने साथियों को बुलाकर एक युवक पर तलवार व धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया।

पुलिस के अनुसार प्रदीप यादव पुत्र चन्द्रप्रकाश यादव निवासी अम्बावगढ कच्ची बस्ती अम्बामाता ने रिपोर्ट दी कि हमारे समाज की होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता के संबंध मे 22 दिसम्बर को 9 बजे पर मिटिगं रामपुरा मे चिरमी रेस्टोरेंट मे हो रही थी। वहाँ पर राहुल यादव पुत्र नन्दकिशोर यादव निवासी हरिदास जी की मंगरी आया और वहां मुझे देखकर उसने फोन करके 5-10 लडको को बुलाया। में हॉल के अंदर था तो राहुल ने गाली गलोच कर मुझे बाहर बुलाया। मै बाहर गया तो देखा कि राहुल के हाथ में तलवार थी और उसके दोस्तो के हाथ मे धारदार हथियार थे।


**कार्यालय नगर परिषद सलूम्बर, जिला-सलूम्बर (राज.)**

क्रमांक:-न.प.स./तामीर/2024-25/2522 दिनांक : 24/12/2024

**(राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 194 के तहत )**

सर्व साधारण एवं आम-खास को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदकों द्वारा आवासीय भुखण्ड पर ऑनलाईन तामीर स्वीकृती चाही गई है। जिनकाविवरणनिम्नानुसार है:-

| क्र.सं. | नाम आवेदनकर्ता | भुखण्ड के पड़ौस |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती मसीदा बानो पत्नि श्री महबुब खान नि.सालवी मोहल्ला सलूम्बर तह.सलूम्बर भूखण्ड का स्थान:- सालवी मोहल्ला सलूम्बर | पूर्व-5 फिट गली। पश्चिम- आम रास्ता। उत्तर-श्री सिराज खान का मकान। दक्षिण-श्री राम लाल जी पिता श्री नाथु जी मेघवाल का मकान। |

अत: उक्त व्यक्तियों के नाम आवेदन अनुसार नगर परिषद द्वारा ऑनलाईन तामीर स्वीकृती की कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति की कोई भी आपत्ति/उजरदारी हो तो प्रकाशन तिथि से 7 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करें। बाद मियाद किसी प्रकार की उजरदारी/आपत्ती मान्य नहीं होगी।

आयुक्त, नगर परिषद सलूम्बर


## अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर शहर एवं उदयपुर देहात जिला कांग्रेस ने मंगलवार को संयुक्त रूप से ष्बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च निकाल कर जिलाधीश कार्यालय के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप कर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग की।

उदयपुर देहात जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ संजीव राजपुरोहित ने बताया कि संसद के शीतकालीन सत्र में संविधान पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का पर आपत्तिजनक और असम्मानजनक टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग की तथा इस मांग को मजबूती से उठाने का निर्णय लिया। इसी क्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्णयानुसार उदयपुर शहर एवं उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा संयुक्त रूप से मंगलवार प्रातः 11.30० बजे बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च किया। सम्मान मार्च कोर्ट चौराहा स्थित डॉ अंबेडकरजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शास्त्री सर्कल होते हुए जिलाधीश कार्यालय तक निकाला गया एवं साथ ही जिलाधीश कार्यालय के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौप कर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग कर निंदनीय टिप्पणी करने पर देश से माफी मांगने के लिए आदेशित करने की मांग की गई।


**SRG HOUSING FINANCE LIMITED**

**एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

CIN: L65922RJ1999PLC015440

321, एस.एम. लोढ़ा कॉम्प्लेक्स, शास्त्री सर्किल के पास, उदयपुर - 313001 (राजस्थान)

दूरभाष : 0294-2412609, ईमेल: info@srghousing.com, वेबसाइट: www.srghousing.com

**परिशिष्ट - 4 {नियम 8 (1)} सांकेतिक की सूचना (स्थावर संपत्ति के लिए)**

अधोहस्ताक्षरी, जो एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी है, ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अंतर्गत निम्न ऋणी/सहऋणी/जमानतियों/बन्धककर्ता को एक मांगपत्र जिसमें उल्लेखित रकम, जो उक्त सूचना पत्र की प्राप्ति की तारीख से 60 दिवस के भीतर प्रतिदाय करने के लिए "मांग पत्र" जारी किया था। ऋणी/सहऋणी/जमानतियों/बन्धककर्ता द्वारा रकम का प्रतिदाय करने में असफल रहने पर ऋणी, सहऋणी, बन्धककर्ता, उनके जमानतदारों एवं जनसाधारण को यहाँ सूचना दी जाती है की अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम धारा 13(4) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002, के नियम 8 के अंतर्गत निम्न संपत्तियों का सांकेतिक कब्ज़ा उल्लेखित दिनांक को ले लिया है। ऋणी सहऋणी, बन्धककर्ता व जमानतदारो को विशिष्ट रूप से एवं जनसाधारण को सामान्य रूप से इसके द्वारा सावधान किया जाता है की वह नीचे वर्णित संपत्तियों के सम्बन्ध में कोई व्यवहार नही करे। इन संपत्तियों के सबंध में किया गया कोई भी व्यवहार नीचे सांकेतिक कब्ज़ा पत्र में वर्णित रकम, और सांकेतिक कब्ज़ा पत्र की दिनांक से आगे के ब्याज, खर्चो, अन्य खर्चो आदि के लिए एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड 321, एस.एम. लोढ़ा कॉम्प्लेक्स, शास्त्री सर्किल के पास, उदयपुर - 313001 (राजस्थान) के प्रभार के अधीन होगा। अधोहस्ताक्षरी उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के अंतर्गत सुरक्षित (सिक्योर्ड) प्रतिभूति के उन्मोचन के लिए उपलब्ध समय के प्रावधानों की ओर ऋणी, सहऋणी, बन्धककर्ता व उनके जमानतदारो का ध्यान आकृष्ट करता है।

| क्र. सं. | ऋण खाता संख्या/ ऋणी/ सहऋणी/ जमानती | 1) मांग पत्र की दिनांक 2) सांकेतिक कब्जे की दिनांक 3) मांग राशि मांग पत्र अनुसार | स्थावर संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | HLR00000000012286 श्री बद्री नंदा पुत्र श्री नंदा (ऋणी) श्रीमती रतनी देवी भील पत्नी श्री बद्री लाल भील (सह-ऋणी-2) श्री पप्पू लाल भील पुत्र श्री भेरू लाल (जमानती) | 1) मांग पत्र की दिनांक- सितम्बर 09, 2024 2) सांकेतिक कब्जे की दिनांक- दिसम्बर 19,2024 3) मांग राशि मांग पत्र अनुसार- ₹ 3,22,030/- रुपये तीन लाख बाईस हजार तीस मात्र दिनांक सितम्बर 09, 2024 तक एवं सितम्बर 10, 2024 से आगे के ब्याज, खर्चे अतिरिक्त। | श्री बद्री नंदा पुत्र श्री नंदा की सम्पति जो की पट्टा नं.- 39, ग्राम पंचायत-बोलो का संवाता, ग्राम-भील मगरी (एरा) तहसील-गंगरार, जिला-चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 930 वर्ग फिट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व- आम रास्ता और स्वयं की भूमि, पश्चिम-रमा/ नाडा भील का मकान, उत्तर- तरन/ नाडा भील का मकान, दक्षिण- नंदा / झोघा भील का मकान |
| 2. | HLR00000000010976 श्री राम लाल जाट पुत्र श्री हेमा राम (ऋणी) श्रीमती नोसर देवी पत्नी श्री हेमा राम (सह-ऋणी-1) श्रीमती मैना जाट पत्नी श्री रामलाल जाट (सह-ऋणी-2) श्री टीकम चंद पुत्र श्री जमना जाट (जमानती-1) श्री धनराज जाट पुत्र श्री रूपलाल जाट (जमानती-2) | 1) मांग पत्र की दिनांक -मई 11, 2024 2) सांकेतिक कब्जे की दिनांक- दिसम्बर 19, 2024 3) मांग राशि मांग पत्र अनुसार- ₹ 4,97,330/- रुपये चार लाख सीतान्वे हजार तीन सौ तीस मात्र दिनांक अप्रैल 24, 2024 तक एवं अप्रैल 25, 2024 से आगे के ब्याज, खर्चे अतिरिक्त। | श्रीमती नोसर देवी पत्नी श्री हेमा राम की सम्पति जो की पट्टा नं. -27, ग्राम-हनोतिया, ग्राम पंचायत -हनोतिया, तहसील-मसुदा, जिला-अजमेर (राजस्थान) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 1127 वर्ग फिट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व-सार्जनिक नाला और I.T. सेंटर, पश्चिम -आम रास्ता 15', उत्तर-महादेव का मकान, दक्षिण-आम रास्ता 20' |
| 3. | HLR00000000014790 श्री गोपाल लाल मीना पुत्र श्री नन्दलाल मीना (ऋणी) श्रीमती प्रेम बाई पत्नी श्री गोपाल लाल मीना (सह-ऋणी) श्री दीपक मीना पुत्र श्री भंवर लाल मीना (जमानती) | 1) मांग पत्र की दिनांक- सितम्बर 03, 2024 2) सांकेतिक कब्जे की दिनांक- दिसम्बर 20, 2024 3) मांग राशि मांग पत्र अनुसार- ₹ 4,34,120/- अक्षर रुपये चार लाख चौंतीस हज़ार एक सौ बीस रुपये मात्र दिनांक अगस्त 31, 2024 तक एवं सितम्बर 01, 2024 से आगे के ब्याज, खर्चे अतिरिक्त। | श्रीमती प्रेम बाई पत्नी श्री गोपाल लाल मीना सम्पति जो की पट्टा नं.-064, पुस्तक संख्या-01, आराजी नं.-220, ग्राम- बसेरा, तहसील-छोटी सादड़ी, जिला- प्रतापगढ (राजस्थान) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 960 वर्ग फिट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व- आम रास्ता, पश्चिम- जीवन लाल पुत्र श्री मन्ना लाल मीना, उत्तर- रामी बाई पुत्र श्री कंवर लाल मीना, दक्षिण- भोनी राम पुत्र श्री भेरूलाल मीना |
| 4. | HLR00000000009766 श्री महेंद्र लाल पुत्र श्री नंदा राम (ऋणी) श्रीमती टीना रेगर पुत्र श्री महेंद्र लाल (सह-ऋणी) श्री श्याम लाल रेगर पुत्र राम लाल (जमानती) | 1) मांग पत्र की दिनांक- मई 22, 2024 2) सांकेतिक कब्जे की दिनांक- दिसम्बर 20, 2024 3) मांग राशि मांग पत्र अनुसार- ₹3,97,420/- अक्षर रुपये तीन लाख सित्यांवे हज़ार चार सौ बीस रुपये मात्र दिनांक मई 13, 2024 तक एवं मई 14, 2024 से आगे के ब्याज, खर्चे अतिरिक्त। | श्री महेंद्र लाल पुत्र श्री नंदा राम और सम्पति जो की पट्टा नं.-20, झारला, ग्राम-रघुनाथपुरा, तहसील - आसींद, जिला - भीलवाड़ा (राजस्थान) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 767.90 वर्ग फिट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व - सामान्य रास्ता, पश्चिम - सोहन रेगर, उत्तर- प्रकाश रेगर, दक्षिण-सोहन रेगर |
| 5. | HLR00000000009767 श्री श्याम लाल पुत्र श्री रामा लाल (ऋणी) श्रीमती कांता देवी पत्नी श्री श्याम लाल (सह-ऋणी) श्री महेंद्र लाल पुत्र श्री नन्दा राम (जमानती) | 1) मांग पत्र की दिनांक- मई 07, 2024 2) सांकेतिक कब्जे की दिनांक- दिसम्बर 20, 2024 3) मांग राशि मांग पत्र अनुसार- ₹ 4,66,920/- अक्षर रुपये चार लाख छासठ हज़ार नो सौ बीस रुपये मात्र दिनांक अप्रैल 24, 2024 तक एवं अप्रैल 25, 2024 से आगे के ब्याज, खर्चे अतिरिक्त। | श्री श्याम लाल पुत्र श्री रामा लाल सम्पति जो की पट्टा नं.-16/236, मिसल नं.- 116/21-22, गांव - झारला, ग्राम पंचायत-रघुनाथपुरा, पंचायत समिति-आसींद, तहसील-आसींद, जिला-भीलवाड़ा (राजस्थान) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 1933.5 वर्ग फिट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व - नंदा/गोपी का बाड़ा, पश्चिम - भाग / राम का मकान, उत्तर - आम रास्ता, दक्षिण-सोहन/बालू |
| 6. | HLR00000000011113 श्री हेमराज खारोल पुत्र श्री गोपी लाल (ऋणी) श्रीमती पूजा खारोल पत्नी श्री हेमराज खारोल (सह-ऋणी) श्री विमल खारोल पुत्र श्री गंगाराम (जमानती) | 1) मांग पत्र की दिनांक- जून 21, 2024 2) सांकेतिक कब्जे की दिनांक- दिसम्बर 20, 2024 3) मांग राशि मांग पत्र अनुसार- ₹ 3,18,440/- अक्षर रुपये तीन लाख अठारह हज़ार चार सौ चालीस रुपये मात्र दिनांक जून 21, 2024 तक एवं जून 22, 2024 से आगे के ब्याज, खर्चे अतिरिक्त। | श्री हेमराज खारोल पुत्र श्री गोपी लाल सम्पति जो की पट्टा नं.-12, मिसल नं.-12/2022-23, ग्राम-रघुनाथपुरा, ग्राम पंचायत-रघुनाथपुरा, तहसील-आसींद, जिला-भीलवाड़ा (राजस्थान) पर स्थित है जिसमे भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 1670.50 वर्ग फिट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व - संपत/जोगाराम, पश्चिम - भोजराज, पप्पू/गोपी खारोल उत्तर - नंदा/दयाराम, दक्षिण - पारस/गोपी खारोल, आम रास्ता |
| 7. | HLR00000000013240 श्री जगदीश गायरी पुत्र श्री मोहन लाल गायरी (ऋणी) श्रीमती मधु गायरी पत्नी श्री जगदीश गायरी (सह-ऋणी) श्री मोहन लाल मीना पुत्र श्री छगन लाल मीना (जमानती) | 1. मांग नोटिस की दिनांक- 17 जून, 2024 2. सांकेतिक कब्जे की तिथि - 20 दिसंबर, 2024 3. मांग राशि मांग पत्र अनुसार- ₹ 3,15,930/- अक्षर रुपये तीन लाख पंद्रह हजार नौ सौ तीस रुपये मात्र दिनांक 17 जून, 2024 तक एवं 18 जून, 2024 से आगे के ब्याज, खर्चे अतिरिक्त। | श्री जगदीश गायरी पुत्र श्री मोहन लाल गायरी के नाम पर पट्टा संख्या 18, महुडिया, ग्राम- बसेरी कुंडल, तहसील- छोटी सादडी, जिला- प्रतापगढ (राजस्थान) पर स्थित है जिसका क्षेत्रफल 756.00 वर्ग फीट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व में- मोहनलाल का प्लॉट, पश्चिम में- आम रास्ता और निकासी, उत्तर में- काली बावजी का स्थान, दक्षिण में- स्वयं का प्लॉट |
| 8. | HLR00000000009023 श्री फोरू लाल बैरवा पुत्र बालू बैरवा (ऋणी) श्रीमती घीसी देवी बैरवा पत्नी बालू बैरवा (सह-ऋणी) श्री गौरू लाल बैरवा पुत्र बाबू लाल बैरवा (जमानती) | 1. मांग नोटिस की तिथि- 07 मई, 2024। 2. सांकेतिक कब्जे की तिथि- 20 दिसंबर, 2024 3. मांग राशि मांग पत्र अनुसार- ₹ 2,72,180/- अक्षर रुपये दो लाख बहत्तर हजार एक सौ अस्सी रुपये मात्र 24 अप्रैल, 2024 तक एवं 25 अप्रैल, 2024 से आगे के ब्याज, खर्चे अतिरिक्त। | श्री फोरू लाल बैरवा पुत्र बालू बैरवा की सम्पति जिसका पट्टा संख्या - 30, मिसल संख्या - 166, ग्राम - जोजवा, ग्राम पंचायत - जोजवा, पंचायत समिति - मांडलगढ़, तहसील - मांडलगढ़, जिला - भीलवाड़ा (राजस्थान) पर स्थित है जिसका भूमि क्षेत्रफल 796.5 वर्ग फीट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व - शंकर / बालू बैरवा, पश्चिम - श्री किशन / रूपा, उत्तर - भोलू / गंगा बैरवा, दक्षिण - आम रास्ता |
| 9. | HLR00000000010699 श्री कालू लाल बलाई पुत्र श्री लखमा मेघवंशी (ऋणी) श्रीमती कमला बलाई पत्नी श्री कालू लाल बलाई (सह-ऋणी) श्री देवकिशन बलाई पुत्र श्री कालू लाल बलाई (जमानती) | 1. मांग नोटिस की तिथि 02 सितंबर, 2024 2. सांकेतिक कब्जे की तिथि - 20 दिसंबर, 2024 3. मांग राशि मांग पत्र अनुसार- ₹ 1,12,410/- अक्षर रुपये एक लाख बारह हजार चार सौ दस रुपये मात्र दिनांक 02 सितंबर, 2024 तक एवं 03 सितंबर, 2024 से आगे ब्याज, खर्च अतिरिक्त। | श्री कालू लाल बलाई पुत्र श्री. लखामा मेघवंशी के पास पट्टा नं. - 50, पुस्तक संख्या. - 742, ग्राम - कोठाज, ग्राम पंचायत - कोठाज, पंचायत समिति - कोटड़ी, तहसील - कोटड़ी, जिला - भीलवाड़ा (राजस्थान) पर स्थित है जिसका भूमि क्षेत्रफल 448.00 वर्ग फिट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है-पूर्व - लाली देवी पत्नी छोटू बलाई का घर, पश्चिम - आम रास्ता, उत्तर - मीठू पुत्र खाना बलाई का घर, दक्षिण - लाली देवी पत्नी छोटू बलाई का रास्ता |
| 10. | HLR00000000011435 श्री मुकेश वैष्णव पुत्र श्री भगवान दास वैष्णव (ऋणी) श्री भगवान दास वैष्णव पुत्र श्री बिहारी दास वैष्णव (सह-ऋणी-1) श्रीमती भगौती देवी पुत्र श्री भगवान दास वैष्णव (सह-ऋणी-2) श्री अमर चंद शादु पुत्र श्री बालू दास वैष्णव (जमानती) | 1. मांग नोटिस की तिथि-02 अगस्त, 2024 2. सांकेतिक कब्जे की तिथि- 20 दिसंबर, 2024 3. मांग राशि मांग पत्र अनुसार- ₹4,03,400/- अक्षर रुपये चार लाख तीन हजार चार सौ रुपये मात्र दिनांक 02 अगस्त, 2024 तक एवं 03 अगस्त, 2024 से आगे ब्याज, खर्च अतिरिक्त। | श्री भगवान दास वैष्णव पुत्र श्री बिहारी दास वैष्णव की सम्पति पर पट्टा संख्या - 04, ग्राम - दंत्र, तहसील - आसींद, जिला - भीलवाड़ा (राजस्थान) पर स्थित है जिसका भूमि क्षेत्रफल 710.00 वर्ग फीट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व - रामेश्वर की संपत्ति, पश्चिम - देवदास की संपत्ति, उत्तर - आम रास्ता, दक्षिण - जगदीश की संपत्ति |
| 11. | HLR00000000014174 श्री भरत सिंह राजपूत पुत्र श्री भान सिंह राजपूत (ऋणी) श्री भान सिंह पुत्र श्री भूरसिंह (सह-ऋणी-1) श्रीमती निर्मला कंवर राजपूत पत्नी श्री भरत सिंह राजपूत (सह-ऋणी-2) श्री उदय लाल मीना पुत्र श्री भगवान लाल (जमानती) | 1. मांग नोटिस की तिथि- 23 अगस्त, 2024 2. सांकेतिक कब्जे की तिथि- 20 दिसंबर, 2024 3. मांग राशि मांग पत्र अनुसार- ₹ 5,91,530/- अक्षर रुपये पांच लाख इक्यानबे हजार पांच सौ तीस रुपये मात्र दिनांक 23 अगस्त, 2024 तक एवं 24 अगस्त, 2024 से आगे ब्याज, खर्च अतिरिक्त। | श्री भरत सिंह राजपूत पुत्र श्री भान सिंह राजपूत की सम्पति जिसका पट्टा क्रमांक - 22, ग्राम - बंबोरी, ग्राम पंचायत - बंबोरी, पंचायत समिति - छोटी सादड़ी, तहसील - छोटी सादड़ी, जिला - चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) पर स्थित है जिसका भूमि क्षेत्रफल 2053.52 वर्ग फुट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व - आम रास्ता, पश्चिम - नारायण सिंह राजपूत, उत्तर - नारायण जी मेघवाल का मकान, दक्षिण - प्रह्लाद सिंह जी का मकान |
| 12. | HLR00000000012917 श्री जमना लाल पुत्र श्री दाल चंद (ऋणी) श्रीमती बागड़ी बाई पत्नी श्रीमान डालचंद (सह-ऋणी) श्री रघुवीर सिंह पुत्र श्री मान सिंह (जमानती) | 1. मांग नोटिस की तिथि- 04 सितंबर, 2024 2. सांकेतिक कब्जे की तिथि- 20 दिसंबर, 2024 3. मांग राशि मांग पत्र अनुसार- ₹ 3,06,170/- अक्षर रुपये तीन लाख छह हजार एक सौ सत्तर रुपये मात्र दिनांक 31 अगस्त, 2024 तक एवं 01 सितंबर, 2024 से आगे ब्याज, खर्च अतिरिक्त। | श्री जमना लाल पुत्र श्री. डाल चंद की सम्पति पट्टा क्रमांक-30, पुस्तक सं.-03, ग्राम-जालोदा जागीर, ग्राम पंचायत-जालोदा जागीर, तहसील-छोटी सादड़ी, जिला-प्रतापगढ़ (राजस्थान) पर स्थित है जिसका भूमि क्षेत्रफल 1506 वर्ग फिट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व - देवकिशन पुत्र डालचंद मेघवाल, पश्चिम - नाला, उत्तर-रास्ता, दक्षिण- गली |
| 13. | HLR00000000013150 श्री रमेश चंद्र पाराशर पुत्र श्री सोहन लाल पाराशर (ऋणी) श्रीमती संगीता देवी पत्नी श्रीमान रमेश चंद्र (सह-ऋणी) श्री भागचंद वैष्णव पुत्र श्री चंदन वैष्णव (जमानती) | 1. मांग नोटिस की तिथि- 30 मार्च, 2024 2. सांकेतिक कब्जे की तिथि - 20 दिसंबर, 2024 3. मांग राशि मांग पत्र अनुसार- ₹ 5,24,570/- अक्षर रुपये पाँच लाख चौबीस हजार पाँच सौ सत्तर रुपये मात्र दिनांक 09 मार्च, 2024 तक एवं 10 मार्च, 2024 से आगे ब्याज, खर्च अतिरिक्त। | श्री रमेश चंद्र पाराशर पुत्र श्री. सोहन लाल पाराशर के पास पट्टा नं.-1, मिसल नं. - 25, ग्राम - रोपन, ग्राम पंचायत - रोपन, पंचायत समिति - जहाजपुर, तहसील - जहाजपुर, जिला - भीलवाड़ा (राजस्थान) पर स्थित है जिसका भूमि क्षेत्रफल 1997.58 वर्ग फिट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व - सोभाग का घर, पश्चिम-जगदीश की भूमि, उत्तर-राधेश्याम वैष्णव का घर, दक्षिण - आम रास्ता |
| 14 | HLR00000000012905 श्री देवकिशन सैन पुत्र श्री प्यार चंद सैन (ऋणी) श्रीमती देउ सैन पत्नी श्रीमान देवकिशन सैनी (सह-ऋणी) श्री तेजमल सेन पुत्र श्री रतन लाल सेन (जमानती) | 1. मांग नोटिस की तिथि- 27 मई, 2024 2. सांकेतिक कब्जे की तिथि - 20 दिसंबर, 2024 3. मांग राशि मांग पत्र अनुसार- ₹ 5,79,140/- अक्षर रुपये पांच लाख उनहत्तर हजार एक सौ चालीस रुपये मात्र दिनांक 27 मई, 2024 तक एवं 28 मई, 2024 से आगे ब्याज, खर्च अतिरिक्त। | श्री देवकिशन सैन पुत्र श्री प्यार चंद सैन के पास पट्टा नं.-49, पुस्तक सं. -395, ग्राम - जामोली, ग्राम पंचायत - जामोली, तहसील - जहाजपुर, जिला - भीलवाड़ा (राजस्थान) पर स्थित है जिसका भूमि क्षेत्रफल 1408.00 वर्ग फिट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व - रामस्वरूप पुत्र देवीलाल, पश्चिम - नारायण पुत्र प्यारचंद सैन, उत्तर - भवरलाल पुत्र घीसू कीर, दक्षिण - आम रास्ता |
| 15 | HLR00000000008286 श्री लालू राम पुत्र श्री देवा राम (ऋणी) श्रीमती देवा बाई पत्नी श्रीमान लालू राम (सह-ऋणी-1) श्रीमती गुलाब बाई पत्नी श्री उदय सिंह (सह-ऋणी-2) श्री तुलसी दास पुत्र श्री रणछोड़ दस (जमानती) | 1) मांग पत्र की दिनांक- दिसम्बर 22, 2021 2) सांकेतिक कब्जे की दिनांक- दिसम्बर 20, 2024 3) मांग राशि मांग पत्र अनुसार- ₹ 3,88,270/- अक्षर रुपये तीन लाख अठासी हजार दो सौ सत्तर मात्र दिनांक 15 दिसम्बर 2021 तक एवं 16 दिसम्बर 2021 से आगे के ब्याज, खर्चे अतिरिक्त। | श्री लालू राम पुत्र श्री देवा राम की सम्पति जो की आराजी नं. -1537, पट्टा नं.-4534, ग्राम पंचायत - कनूजा, तहसील -कुम्भलगढ़, जिला- राजसमन्द (राजस्थान) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 980 वर्ग फिट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व- सवा पुत्र श्री मोदा की जमीन, पश्चिम- कृषि भूमि, उत्तर- श्री भोमा राम पुत्र श्री गाला राम का मकान, दक्षिण- रास्ता ओर कृषि भूमि |

स्थान-राजस्थान

प्रकाशन की दिनांक- 25/12/2024

अधिकृत अधिकारी

एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड


# 'लुभावने ऑफर में न खोएं विवेक, सतर्क रहकर शोषण से बचें'




**प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत करते (बीच में) जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत सिंह यादव।**

**बांसवाड़ा, (निसं)।** तकनीक के इस युग में समय सबसे महत्वपूर्ण है लेकिन लुभावने ऑफर हमें भ्रमित कर जल्दी खरीददारी के लिए मजबूर कर देते हैं और हम सीमित ऑफर, जल्दी करें अंतिम मौका जैसे शब्दों के भ्रमजाल में उलझकर विवेक खोकर खरीददारी कर शोषण का शिकार हो जाते है। ऐसे में यदि सतर्क और जागरूक रहकर खरीददारी करें तो हम शोषण से बच सकते हैं। उक्त उद्गार जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत सिंह यादव ले राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर डिजिटलाइजेशन के लिए जारी थीम को लेकर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि मोबाइल पर उपलब्ध सुविधा, ऑनलाइन की व्यवस्था और सोशल मीडिया के माध्यम से उपलब्ध सूचना और व्यवस्थाओं के बारे में पहले पूरी जानकारी ली जानी चाहिए। अतिरिक्त जिला कलक्टर अभिषेक गोयल ने कहा कि आये दिन उपभोक्ताओं को कई तरह की धोखाधडी और नुकसान होने की खबरें आती रहती है जिसे देखते हुए उपभोक्ता की सजगता महत्वपूर्ण हो जाती है। विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में हुए विकास के माध्यम से दैनिक जीवन से जुडे विभिन्न कार्य को सरल ढंग से करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है लेकिन इन सुविधाओं के उपयोग के लिए उनकी पूरी जानकारी, कार्य करने का तरीका और सूचनाओं के प्रभावी उपयोग को लेकर प्रशिक्षण आवश्यक है। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव उपाध्याय ने बताया कि अंतिम उपभोग करने वाला व्यक्ति उपभोक्ता की श्रेणी में आता है। बार सचिव हिरेन पटेल ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की जानकारी दी।

साप्ताहिक गतिविधियों में विजेता विद्यार्थियों कल्पना वर्मा, गोविन्द निनामा, अधिवक्ता प्रिया मेहता, आर्यिका पंचाल, भूमिका सिसोदिया, विनित भोई, सारा जोशी, श्वेता सिंह आदि ने कहा कि ऑनलाइन खरीदारी के साथ ही लेनदेन और विभिन्न कार्यो में ओटीपी के उपयोग को देखते हुए इन सुविधाओं के उपयोग का प्रशिक्षण आवश्यक है।

प्रारंभ में जिला रसद अधिकारी हजारीलाल आलोरिया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए साप्ताहिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि युवा वर्ग न केवल प्रेरित और सजग नजर आया वरन् ऐसी गतिविधियों के निरंतर आयोजन का भी आग्रह किया। संचालन दीपक श्रीमाल ने किया। विभागीय अधिकारी नरेश मीणा, गौरव सुथार, विनोद पाटीदार ने व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने भाषण, स्लोगन, रस्सा खीची, क्विज, हेल्पलाईन आदि प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया।



श्रृंखला के बीच में संन्यास लेने का एक कारण यह था कि मुझे अपने खेल से रचनात्मक संतुष्टि नहीं मिल रही थी। मुझे निश्चित रूप से लगता है कि रचनात्मक पक्ष के मामले में बहुत कुछ तलाशने को नहीं था। – आर. अश्विन

भारतीय गेंदबाज, संन्यास लेने के कारण के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी ▶ मनु भाकर



दो ओलंपिक पदक जीतने वाली मनु भाकर की इस साल ध्यानचंद खेलरत्न पुरस्कार के लिये उपेक्षा किये जाने की खबरों के बीच खेल मंत्रालय के एक शीर्ष सूत्र ने कहा है कि अभी नाम तय नहीं हुए हैं और एक सप्ताह में पुरस्कारों का खुलासा होने पर उसका नाम सूची में होगा। अगस्त में पेरिस ओलंपिक में मनु एक ही खेलों में दो पदक जीतने वाली आजाद भारत की पहली खिलाड़ी बन गई जब उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। मनु के परिवार ने कहा कि उन्होंने पुरस्कार के लिये आवेदन भरा था।

**क्या आप जानते हैं ?...** ट्वंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज वेस्टइंडीज के क्रिस गेल थे। दूसरा व तीसरा शतक न्यूजीलैंड के ब्रैंडन मैकुलम व भारत के सुरेश रैना ने लगाया था।

## पहले खो-खो विश्वकप के लिए ऑस्ट्रेलिया ने कस ली है कमर

नई दिल्ली, 24 दिसम्बर। सिडनी, मेलबर्न और कैनबरा शहरों में आयोजित प्रशिक्षण शिविरों में प्रशिक्षित ऑस्ट्रेलियाई खो खो टीम ने अगले महीने होने वाले विश्वकप के लिए कमर कस ली हैं। ऑस्ट्रेलियाई लोग खो-खो को 'को-को' कहते हैं। इसके लिए बस कुछ सटीक उच्चारण ( गूगलिंग) और सिडनी, मेलबर्न और कैनबरा शहरों में प्रशिक्षण सत्र आयोजित किये जाने के बाद इस खेल को लोगों ने बहुत पसंद किया। अब ऑस्ट्रेलियाई टीम 13 से 19 जनवरी 2025 के बीच दिल्ली में होने वाले पहले विश्व कप का हिस्सा बनने के लिए कमर कस रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया इस टूर्नामेंट में पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में भाग ले रहा है। 15 खिलाड़ियों वाली प्रत्येक टीम में कुछ भारतीयों के अलावा, ऑस्ट्रेलियाई मूल के छह पुरुष और आठ महिला खिलाड़ी हैं। टीम के एक सदस्य गस डॉडल ने भारत आने और इतिहास का हिस्सा बनने पर खुशी और उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, एक महान खेल राष्ट्र के रूप में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात है। हम हमेशा ऐसे खेलों को आजमाने के लिए तैयार रहते हैं जिन्हें हमने पहले नहीं खेला है और मेरे लिए यह एक अद्भुत अवसर है कि मैं ऑस्ट्रेलिया के खेल मूल्यों जैसे निष्पक्ष खेल, प्रतिस्पर्धा और दृढ़ता को विश्व कप में ला पाऊं। मैंने पाया है कि यह बहुत तेज और कठिन खेल है। साथ ही, यह बहुत मजेदार है और इस करण मैं इस ग्लोबल स्पर्धा में खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं।

## राजस्थान राज्य क्रॉस कंट्री चैम्पियनशिप आज से

### 31 जिलों के 270 बालक एवं 130 बालिका, कुल 400 एथलीट होंगे शामिल

जयपुर, 24 दिसंबर। राजस्थान राज्य क्रॉस कंट्री चैम्पियनशिप का आयोजन राजस्थान एथलेटिक्स संघ द्वारा 25 दिसम्बर को प्रातः 7:30 से 10:30 बजे तक विधानी पंचायत कार्यालय से महल रोड जगतपुरा मे किया जाएगा।आयोजन सचिव सुरेन्द्र सिंह गुर्जर ने बताया प्रतियोगिता 400 एथलीट ले रहै है हिस्सा जिनमे से 32 सदस्यीय टीम का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। सीनियर वर्ग 10 किलोमीटर महिला पुरूष 20 वर्ष महिला पुरुष में 8 किलोमीटर एवं 6 किलोमीटर।18 वर्षीय बालक एवं बालिका वर्ग में 6 किलोमीटर वह 4 किलोमीटर एवं 16 वर्षीय बालक बालिका 2 किलोमीटर की दौड़ आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों का चयन मेरठ उत्तर प्रदेश में 12 जनवरी 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा। प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु एवं एथलीटों की सुरक्षा के लिए पुलिस व्यवस्था एवं मेडिकल टीम की उचित व्यवस्था की गई है।

# चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत और पाकिस्तान के बीच 23 फरवरी को होगा मुकाबला

दुबई, 24 दिसंबर। अगले वर्ष 19 फरवरी से शुरु होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टूर्नामेंट का कार्यक्रम जारी कर दिया है और टूर्नामेंट में भारत तथा पाकिस्तान के बीच मुकाबला 23 फरवरी को दुबई में खेला जायेगा।

आईसीसी के आज यहां जारी चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम के अनुसार भारत का पहला मैच 20 फरवरी को बंगलादेश के साथ दुबई होगा है। वहीं टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच 19 फरवरी को पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच कराची के नेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात की मेजबानी में होने वाले टूर्नामेंट 19 फरवरी से नौ मार्च तक चलेगा। इसमें कुल 15 मैच खेले जाएंगे।



कार्यक्रम के अनुसार अगर भारत सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करता है तो पहला सेमीफाइनल दुबई में आयोजित होगा। इसी तरह दूसरा सेमीफाइनल पाकिस्तान खेलेगा, यदि वह क्वालीफाई करता है। फाइनल के लिए लाहौर को मेजबान शहर के रूप में चुना गया है, लेकिन अगर भारत फाइनल में पहुंचता है तो यह मैच दुबई में होगा। आईसीसी के बयान के अनुसार सेमीफाइनल और फाइनल के लिए रिजर्व दिन भी रखा गया है।

टूर्नामेंट में भारत अपने दूसरे मैच 23 फरवरी को चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा। और यह मैच भी दुबई में ही खेला जाएगा। भारत के ग्रुप में बंगलादेश, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान जैसी मजबूत टीमें शामिल हैं। ग्रुप चरण में भारत का आखिरी मैच दो मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ दुबई में खेलागा। सभी मैच भारतीय समयानुसार अपराह्न 3:30 बजे शुरू होंगे।

# भारतीय महिला टीम ने वेस्टइंडीज को दिया 359 रनों का लक्ष्य

वडोदरा, 24 दिसंबर। हरलीन देओल (115) की शतकीय, प्रतिका रावल (76), स्मृति मंधाना (53) और जेमिमाह रॉड्रिग्स (52) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारतीय महिला टीम ने मंगलवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को जीत के लिए 359 रनों का लक्ष्य दिया है। आज यहां भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 110 रन जोड़े। 17वें ओवर में स्मृति मंधाना के रनआउट होने पर इस साझेदारी का अंत हुआ। मंधाना ने 47 गेंदो में सात चौके और दो छक्के लगाते हुए (53) रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी हरलीन देओल ने



प्रतिका रावल के साथ पारी को संभाल और तेजी के साथ रन बटोरे। 29वें ओवर में जायडा जेम्स ने प्रतिका रावल को आउटकर वेस्टइंडीज को दूसरी सफलता दिलाई। प्रतिका रावल ने 86 गेंदों में 10 चौके और एक छक्के की मदद से (76) रन बनाये। कप्तान हरमनप्रीत कौर 18 गेंदों में (22) रन बनाकर तीसरे विकेट के रूप में आउट हुई।

48वें ओवर में किआना जोसेफ ने हरलीन देओल को आउट कर वेस्टइंडीज की चौथी सफलता दिलाई। हरलीन देओल ने 103 गेंदों में 16 चौके लगाते हुए (115) रनों की पारी खेली। पांचवें विकेट के रूप में जेमिमाह रॉड्रिग्स आउट हुई। उन्होंने 36 गेंदों में छह चौके और एक छक्के लगाते हुए (52) रन बनाये। भारतीय महिला टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में 358 रनों का स्कोर खड़ा किया। ऋचा घोष (13) और दीप्ति शर्मा (चार) रन बनाकर नाबाद रही। वेस्टइंडीज की ओर से जायडा जेम्स,डिएंड्रा डॉटिन,किआना जोसेफ और ऐफी फ्लेचर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## निकी प्रसाद की अगुवाई में महिला अंडर-19 टी-20 विश्वकप में खेलेगी भारतीय टीम



मुम्बई, 24 दिसंबर। अगले महीने मलेशिया में होने वाले महिला अंडर 19 टी-20 विश्वकप में भारतीय टीम की अगुवाई निकी प्रसाद करेंगी। चयनकर्ताओं ने हाल ही में अंडर-19 एशिया कप जीतने वाली 15 सदस्यीय दल में एकमात्र बदलाव वैष्णवी एस के रूप में किया गया है। वैष्णवी मध्यम गति की तेज गेंदबाज नंदना एस की जगह लेंगी। नंदना को स्टैंडबाय खिलाड़ियों के रूप में रखा गया हैं। जी तृषा, शकिल और सोनम यादव का यह दूसरा अंडर 19 विश्वकप होगा। यह टूर्नामेंट भारत 18 जनवरी से दो फरवरी तक खेला जायेगा। कुल 16 टीमों वाले इस टूर्नामेंट में टीमों को चार के समूह में चार अलग अलग ग्रुप में विभाजित किया गया है।

## रग्बी प्रीमियर लीग के लिए जीएमआर स्पोर्ट्स ने रग्बी इंडिया के साथ की साझेदारी

नई दिल्ली, 24 दिसम्बर। जीएमआर स्पोर्ट्स ने रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) को शुरू करने के लिए रग्बी के राष्ट्रीय शासी निकाय-रग्बी इंडिया के साथ दस वर्षीय रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। जीएमआर स्पोर्ट्स ने कहा कि 2025 में शुरू होने वाली आरपीएल दुनिया की पहली फ्रैंचाइजी आधारित रग्बी लीग में से एक होगी। इसमें छह शहरों की टीमें शामिल होंगी और दुनिया भर के शीर्ष रग्बी देशों की बेहतरीन प्रतिभाएं इसमें अपना दमखम दिखाएंगी।

इस लीग का लक्ष्य युवा भारतीय प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों और शीर्ष स्तरीय कोचिंग से परिचित कराकर खेल के लिए एक स्थायी इकोसिस्टम बनाना है। इस परिवर्तनकारी सहयोग पर जीएमआर स्पोर्ट्स के अध्यक्ष किरण कुमार ग्रांधी ने कहा, जीएमआर स्पोर्ट्स में, हम ऐसे प्लेटफॉर्म बनाकर भारत में खेलों के भविष्य को आगे बढ़ाने में विश्वास करते हैं जो एथलीटों और खेल प्रेमियों को समान रूप से प्रेरित करते हैं।

# गिल को खुद पर भरोसा करना होगा, उसने बल्लेबाजी में काफी बदलाव कर लिये है : पोंटिंग

मेलबर्न, 24 दिसम्बर। आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज शुभमन गिल ने अपनी बल्लेबाजी शैली में काफी बदलाव कर लिये हैं जिससे विदेश दौरों पर रन नहीं बन पा रहे लेकिन उन्हें आत्मविश्वास पैदा करना होगा। गिल अंगूठे की चोट के कारण बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का पहला टेस्ट नहीं खेल सके थे। एडीलेड में दूसरे टेस्ट में वह अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल सके। ब्रिसबेन में तीसरे टेस्ट में वह पहली पारी में जल्दी आउट हो गए लेकिन बाद में केएल राहुल और रविंद्र जडेजा ने अर्धशतक जमाकर मैच ड्रॉ कराया।



पोंटिंग ने कहा, मुझे उसे खेलते देखना पसंद है। जब आप उसे अच्छी बल्लेबाजी करते देखें तो उसका कोई सानी नहीं है। लेकिन विदेश में उसका प्रदर्शन वैसा नहीं रहा है।'' पोंटिंग ने कहा कि एडीलेड में दूसरे टेस्ट में उन्होंने गिल की तकनीक में काफी बदलाव देखे जिससे उनसे रन नहीं बन पा रहे। उन्होंने कहा ,'' मैने एडीलेड में उसे बल्लेबाजी करते देखा और लगा कि उसने काफी बदलाव कर लिया है। स्कॉट बोलैंड गेंदबाजी कर रहा था और उसे आफ स्टम्प पर पड़ती गेंद पर फ्रंट पैड आगे कर दिया। बोलैंड ने सीधी गेंद पर उसे बोल्ड कर दिया।''

पोंटिंग ने कहा कि आमूलचूल बदलाव करने की बजाय गिल को अपने आप पर भरोसा करके बल्लेबाजी में सुधार करना चाहिये था। उन्होंने कहा ,'' उसे अपनी रक्षात्मक तकनीक पर थोड़ा और काम करना होगा ताकि आस्ट्रेलिया में रन बना सके। उसने अपने देश में या दुनिया में हर जगह आक्रामक खेलकर रन बनाये हैं जब वह आउट होने के बारे में नहीं बल्कि रन बनाने के बारे में ही सोचता आया है। उसे उसी मानसिकता के साथ यहां उतरना होगा।

## स्कॉट बोलैंड की वापसी, सैम कॉन्सटास मेलबर्न टेस्ट में करेंगे पदार्पण

मेलबर्न, 24 दिसंबर। स्कॉट बोलैंड एक बार फिर मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर होने वाले टेस्ट मैच में वापसी और सैम कॉन्सटास ऑस्ट्रेलिया के लिए पदार्पण करेंगे।

कॉन्सटास 19 साल और 85 दिन में टेस्ट पदार्पण करने वाले ऑस्ट्रेलिया के चौथे सबसे युवा खिलाड़ी होंगे। इयान क्रैग, मौजूदा कप्तान पैट कमिंस और टॉम गैरेट ने ही उनसे कम उम्र में पदार्पण किया है। मक्डॉनल्ड ने मंगलवार को प्रशिक्षण के बाद संवाददाता सम्मेलन में इसकी पुष्टि की। ऑस्ट्रेलिया के चयनकर्ता टोनी डोडेमाडे ने उसी सुबह कॉन्सटास को अच्छी खबर दी, लेकिन उन्होंने कहा कि शेष एकादश की पुष्टि क्रिसमस के दिन होगी जब कमिंस मैच से पहले संवददाता सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

उन्होंने कहा, हमने गर्मियों की शुरुआत में ही कहा था कि हम पीछे नहीं हटेंगे और उम्र कोई बाधा नहीं होगी। और उसके पास शॉट्स की एक सीरीज है, विरोधियों पर दबाव बनाने की क्षमता है और वह मिले अवसर का फायदा उठाता है। हम वास्तव में उसके लिए उत्साहित हैं।

उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि बायें हाथ का बल्लेबाज ट्रेविस हेड मैच खेलने के लिए फिट होगा। हेड ने मंगलवार को नेट्स में थोड़ी दौड़ लगाई और क्षेत्ररक्षण किया।

लेकिन मेलबर्न में खेलने के लिए उन्हें फिटनेस टेस्ट देना होगा।ब्रिसबेन में ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते समय हेड को बहुत मामूली जांघ में खिंचाव का सामना करना पड़ा और बारिश के कारण मैच समाप्त होने से पहले उन्होंने भारत की दूसरी पारी के दौरान क्षेत्ररक्षण नहीं किया।

मक्डॉनल्ड ने कहा, फिलहाल कोई चिंता की बात नहीं है। उन्हें आधिकारिक तौर पर हटाया नहीं गया है। मैंने वहां उसके प्रशिक्षण सत्र का बैक-एंड नहीं देखा, लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि वह खेलेगा।



# समिति सदस्यों के अलावा अन्य को कनेक्शन जारी नहीं करे बिजली विभाग

**जयपुर**। अतिरिक्त जिला न्यायालय क्रम-18 महानगर प्रथम ने बिजली विभाग को पाबंद किया है कि वह पटेल गृह निर्माण सहकारी समिति की ओर से सृजित कुंती विहार योजना के सदस्यों के अलावा अन्य किसी को विद्युत कनेक्शन जारी नहीं करे। अदालत ने यह आदेश कुंती विहार विकास समिति की ओर से दायर प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए दिए।

प्रार्थना पत्र में अधिवक्ता विकास सोमानी ने अदालत को बताया कि पटेल गृह निर्माण सहकारी समिति ने गजसिंहपुरा में कुंती विहार योजना का चार ब्लॉक में सृजन किया था।

प्रार्थी समिति के सदस्य अपने भूखंडों पर निर्माण कर सालों से निवास कर रहे हैं। वहीं उन्हें विधि अनुसार विभाग ने बिजली कनेक्शन भी जारी कर रखे हैं।

प्रार्थना पत्र में कहा गया कि कुछ लोग फर्जी दस्तावेजों के आधार पर प्रार्थी समिति के सदस्यों के भूखंडों पर कब्जा करना चाहते हैं। प्रार्थी समिति को गत 22 अक्टूबर को जानकारी मिली कि ये लोग अपने स्वार्थ पूर्ति के लिए बिजली कनेक्शन लेना चाहते हैं। जब समिति ने विभाग में इसकी शिकायत की तो संबंधित अधिकारी ने उच्चाधिकारियों के कहने पर इन लोगों को जल्दी ही कनेक्शन देने की बात कही।

ऐसे में विभाग को पाबंद किया जाए कि वह प्रार्थी समिति के अतिरिक्त अन्य किसी को यहां बिजली कनेक्शन जारी नहीं करे।

## भजनलाल शर्मा ने गन्ना क्रय मूल्य में वृद्धि की

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गन्ना क्रय मूल्य में 10 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की स्वीकृति प्रदान की है। इस वृद्धि से श्रीगंगानगर के हजारों गन्ना उत्पादक किसानों की आय में 2 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री शर्मा के कृषक हितैषी निर्णय के अनुसार अब गन्ना की अगेती किस्म को 401 रुपये, मध्य किस्म को 391 रुपये एवं पछेती किस्म को 386 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जाएगा।वर्तमान वर्ष 2024-25 में श्रीगंगानगर जिले के 3 हजार 170 किसानों द्वारा लगभग 19 हजार 4 बीघा क्षेत्र में गन्ने की बिजाई की गई है।

## प्रखर राजस्थान की तैयारियों पर चर्चा

**जयपुर** । शिक्षा संकुल में मंगलवार को प्रखर राजस्थान के द्वितीय चरण की तैयारियों और हॉलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अविचल चतुर्वेदी ने की। इस बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत परख द्वारा विकसित एचपीसी के मुद्रण, शिक्षकों के लिए संदर्शिका सामग्री की उपलब्धता और प्रखर राजस्थान के तहत अगले तीन माह की कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान आरएससीईआरटी द्वारा तैयार एचपीसी फाउंडेशन स्टेज और प्रिपरेटरी स्टेज के विद्यालय स्तर पर क्रियान्वयन की रणनीति पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने विद्यालयों में परीक्षाफल रिकॉर्ड संधारण को व्यवस्थित करने के लिए अपने सुझाव साझा किए। समीक्षा बैठक में प्रखर राजस्थान के तहत कक्षा कक्षीय प्रक्रियाओं, शिक्षण योजनाओं एवं आगामी तीन माह की कार्य योजना पर चर्चा हुई। इसके लिए अभियान के अगले चरण में विद्यालय स्तर पर प्रभावी कार्यान्वयन के लिए विस्तृत चर्चा की गई।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात की



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री अमित शाह से मुलाकात की।

**जयपुर/नई दिल्ली**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नई दिल्ली के अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्रियों अमित शाह एवं पीयूष गोयल तथा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की।

शर्मा ने सोमवार को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं ने राजस्थान से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने मंगलवार को केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से शिष्टाचार मुलाकात की। चर्चा के दौरान दोनों नेताओं के मध्य राजस्थान में विभिन्न विकास परियोजनाओं, उद्योग क्षेत्र में निवेश संभावनाओं एवं राज्य के समग्र आर्थिक विकास पर विस्तार से बातचीत हुई। शर्मा मंगलवार को ही नई दिल्ली स्थित जोधपुर हाउस में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भी मिले। मुलाकात के दौरान दोनों राज्यों के बीच चल रहे विभिन्न विकास कार्यों, पारस्परिक सहयोग एवं आर्थिक संबंधों के विषय में विस्तृत चर्चा की गई।

# स्वदेशी शिक्षा प्रणाली के आंदोलन में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित किया



**प्राचीन भारतीय ज्ञान एवं परंपरा के आधुनिक शिक्षा में समावेशन के उद्देश्य से गठित भारत सरकार द्वारा स्थापित एवं पतंजलि योगपीठ द्वारा प्रायोजित नवीन राष्ट्रीय विद्यालय बोर्ड, भारतीय शिक्षा बोर्ड द्वारा हरिद्वार के पतंजलि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित परिवर्तनकारी शैक्षिणक संगोष्ठी उद्घाटन स्वामी रामदेव ने किया।**

■ **हरिद्वार में परिवर्तनकारी शैक्षिणक संगोष्ठी का समापन : परंपरा और नवाचार का समावेश**

**हरिद्वार/जयपुर**। प्राचीन भारतीय ज्ञान एवं परंपरा के आधुनिक शिक्षा में समावेशन के उद्देश्य से गठित भारत सरकार द्वारा स्थापित एवं पतंजलि योगपीठ द्वारा प्रायोजित नवीन राष्ट्रीय विद्यालय बोर्ड, भारतीय शिक्षा बोर्ड द्वारा हरिद्वार के पतंजलि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित परिवर्तनकारी दो दिवसीय शैक्षिणक संगोष्ठी, ''विद्यालयी शिक्षा में परिवर्तन: नवीन भारत निर्माण हेतु भारतीय मूल्यों का समावेशन'' का समापन किया गया। 14 और 15 दिसंबर को आयोजित इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक अंतर्दृष्टि को सुसंगत बनाने और पाठ्यक्रम में आधुनिक शैक्षिणक पद्धितयों के समावेशन हेतु अभिनव तरीकों पर संवाद करने के लिए अग्रणी शैक्षिणक संस्थानों और संगठनों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

संगोष्ठी में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान, भारतीय शिक्षण मंडल, ईशा योग फाउंडेशन, रामकृष्ण मिशन शैक्षिक और शोध संस्थान, अगस्त्य इंटरनेशनल फाउंडेशन, चिन्ना जीयर स्वामी संगठन, स्वामीनारायण गुरुकुल संस्थान, विवेकानंद केंद्र, श्री अरबिंदो सोसाइटी, भिक्खु संघ सेना, जैन एजुकेशन ट्रस्ट, देव संस्कृति विश्वविद्यालय, सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा और कई अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा भविष्योंन्मुखी शैक्षिणक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया। यह संगोष्ठी समग्र शिक्षा, अनुभवात्मक शिक्षा और पारंपरिक भारतीय ज्ञान को समकालीन शैक्षिणक तकनीकों में एकीकृत करने हेतु विचारों के आदान-प्रदान का एक मंच था। संगोष्ठी का उद्घाटन स्वामी रामदेव ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों को युवा पीढ़ी में भारतीय मूल्यों और दृष्टिकोणों के समावेशन के साथ उन्हें वैश्विक नेतृत्व में बदलने हेतु स्वदेशी शिक्षा प्रणाली के नवीन आंदोलन में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित किया। प्रतिभागियों ने संगोष्ठी के उद्देश्य को आत्मसात करते हुए नवीन भारत की आवश्यकताओं के अनुरूप निर्मित समकालीन शिक्षा में बदलाव की महत्ता को स्वीकार किया। उन्होंने रोचक और विचारशील प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए।

संगोष्ठी में संवाद के मुख्य तत्व थे, भारतीय शैक्षिणक पारिस्थितिकी तंत्र को भारतीय संवेदनाओं और मूल्यों के साथ पुनः निर्मित करना ताकि व्यावहारिक विज्ञान और कला शिक्षा के माध्यम से जिज्ञासा को बढ़ावा दिया जा सके; नवीन, अनुभवात्मक शिक्षण तकनीकों को बढ़ावा देना, समग्र विकास, गहन शिक्षक सहायता कार्यक्रमों के माध्यम से जमीनी स्तर पर शिक्षकों के साथ जुड़ाव, प्रौद्योगिकी और कौशल की महत्वपूर्ण भूमिका को समझना, छात्रों और शिक्षकों के सामाजिक और भावनात्मक विकास को मजबूत करना और बच्चों की शैक्षिणक यात्रा में माता-पिता एवं समाज की भागीदारी को बढ़ाना।

# कंट्रोल के कपड़े की 40 साल पहले कालाबाजारी की, अब सजा

■ **अदालत ने अभियुक्त पर पचास हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है**

**जयपुर**। सीबीआई मामलों की विशेष अदालत ने चालीस साल पहले कंट्रोल के कपडे की कालाबाजारी करने वाले 86 वर्षीय व्यापारी राधेश्याम को दो साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर पचास हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी जया अग्रवाल ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त ने गरीबों को वितरण के लिए मिले कपडे की कालाबाजारी की है। ऐसे में उसके खिलाफ नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता। वहीं अदालत ने प्रकरण में एक अन्य विष्णु कुमार को बरी कर दिया।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार के खाद्य आपूर्ति विभाग के तत्कालीन उपायुक्त ने घटना के चार साल बाद एक दिसंबर, 1988 को सीबीआई में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि गरीब जनता को वितरित किए जाने वाले कपडे पर भारत सरकार भारी अनुदान देती है। अभियुक्त व्यापारी ने कपडे की 1005 गांठों में से 98 गांठों के फर्जी बिल बनाकर बाजार में कालाबाजरी की। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए सीबीआई ने 19 दिसंबर, 1991 को राधेश्याम सहित चिरंजीलाल, मोहनलाल और विष्णु कुमार के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया। सुनवाई के दौरान चिरंजी और मोहनलाल की मौत हो गई। इस पर अदालत ने उनके खिलाफ पूर्व में भी कार्रवाई को ड्रॉप कर दिया।

## भांकरोटा में लकड़ी की फैक्ट्री में आग

**जयपुर** । भांकरोटा इलाके में सोमवार देर रात लकड़ी की एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग ने कुछ ही समय में विकराल रुप धारण कर लिया। आग की सूचना पर बिंदायक और मानसरोवर से आधा दर्जन दमकल मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया। आग से लाखों रुपए का कच्चा व तैयार माल जलकर स्वाहा हो गया। घटना के समय करीब आधा दर्जन मजदूर फैक्ट्री में सो रहे थे। समय रहते मजदूर बाहर निकल आए वरना बड़ा हादसा हो सकता है। फैक्ट्री मालिक ने आग बुझाने का प्रयास किया। आग बुझाने के प्रयास में फैक्ट्री मालिक झुलस गया। झुलसे फैक्ट्री मालिक का अस्पताल में उपचार जारी है।

पुलिस के अनुसार भांकरोटा में सूर्य नगर बी-3 स्थित एक लकडी की फैक्ट्री में रात करीब डेढ़ बजे अचानक आग लग गई। फैक्ट्री से धुआं निकलता देखकर आस-पास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। आग ने कुछ ही समय में विकराल रुप धारणकर लिया। आग लगते ही वहां पर सो रहे कर्मचारियों में अफरा तफरी मच गई।

# कांग्रेस ने बाबा साहब का किया अपमान, भाजपा ने दिया सम्मान : भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सत्ता लोलुप पार्टी है, केवल सत्ता हासिल करना उसका उद्देश्य है




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी का इतिहास हमेशा से बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को अपमानित करने का रहा है और आज यह पार्टी उनके नाम पर हक मांगने का ढ ोंग कर रही है।*

- **भाजपा के प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा सांसदों से धक्का-मुक्की करना बहुत शर्मनाक है।**

जयपुर, 24 दिसम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास हमेशा से बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को अपमानित करने और उनका मजाक उड़ाने का रहा है और आज यह पार्टी उनके नाम पर हक मांगने का ढोंग कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पत्रकारों से कहा कि कांग्रेस को अपने नेताओं और जवाहर लाल नेहरू द्वारा बाबा साहब डॉ. अंबेडकर के अपमान के लिए पूरे देश से बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के कारण ही देश के पहले कानून मंत्री बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर को मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने को मजबूर होना पड़ा। कांग्रेस पार्टी को जवाब देना चाहिए कि उसने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के त्यागपत्र को जनता के सामने क्यों नहीं आने दिया? उन्होंने कहा कि नेहरू ने एडविना माउंटबेटन को भी पत्र लिखकर बाबा साहब अंबेडकर के कैबिनेट में न रहने पर खुशी जाहिर की थी। ऐसी सोच वाली कांग्रेस पार्टी आज बाबा साहब के नाम पर झूठ की राजनीति कर रही है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब अंबेडकर को 1952 के लोकसभा चुनाव और 1954 के उपचुनाव में हरवाया। इस पार्टी के शासन में उन्हें भारत रत्न तक नहीं दिया गया। देशभर में नेहरू, इंदिरा गांधी, संजय गांधी और राजीव गांधी के नाम पर सैकड़ों स्मारक, अस्पताल और सड़कों के नाम रख दिए गए, मगर बाबा साहब का एक भी स्मारक नहीं बनने दिया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस पार्टी को सत्ता लोलुप बताते हुए कहा कि यह पार्टी सत्ता के बिना नहीं रह सकती। कांग्रेसी नेताओं का प्रयास रहता है कि येन-केन-प्रकारेण सत्ता हासिल करे, फिर चाहे झूठ, धर्म या जातिवाद की राजनीति ही क्यों न करनी पड़े। केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार आई, तो दिल्ली में अंबेडकर सेंटर बनकर तैयार हुआ। मोदी की सरकार ने लंदन में जहां बाबा साहब रहे थे, वहां उनकी एक स्मृति बनवाई, दिल्ली में उनके निवास स्थान पर स्मृति स्थापित की, नागपुर की दीक्षा भूमि और मुंबई की चैत्य भूमि में भी स्मृतियां बनाई। कांग्रेस लंबे समय तक शासन में रही, लेकिन उसने बाबा साहब को कभी सम्मान नहीं दिया, जबकि भाजपा समर्थित सरकार ने बाबा साहब को भारत रत्न देने का काम किया।

भजनलाल ने कहा कि राहुल गांधी ने सांसदों से धक्का-मुक्की की, जो बेहद शर्मनाक कृत्य है।

## 'पनामा कैनाल अमेरिका द्वारा अमेरिकी पैसे ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

का इतिहास शांति और सद्भाव से भरा हुआ नहीं है। अमेरिका ने पनामा के गठन के लिए राजनीतिक आंदोलन आयोजित किया था, जिसके परिणामस्वरुप पनामा कोलंबिया से अलग एक स्वतंत्र राष्ट्र बन गया था। पनामा के कोलंबिया से स्वतंत्र होने के बाद, संयुक्त राज्य अमेरिका ने नहर का निर्माण किया और उसके बाद पिछली सदी से लेकर 1964 तक नहर पर अमेरिकी नियंत्रण रहा इसके बाद, अमेरीकियों के लिए विरोध शुरु हुआ। लंबी वार्ताओं के बाद नहर पर संयुक्त नियंत्रण स्थापित हुआ, और 1999 में स्वामित्व और संचालन पनामी लोगों को सौंप दिया गया।

अब, डोनाल्ड ट्रम्प इसे फिर से वापस लेना चाहते हैं, ताकि यह अमेरिका के व्यापार और रणनीतिक हितों के लिए उपयोगी हो सके। लेकिन इससे भी ज्यादा चौंकाने वाला है ट्रम्प का ग्रीनलैंड पर स्वामित्व का दावा, जो दुनिया के एकदम दूसरी ओर स्थित है। डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ग्रीनलैंड अमेरिकी अस्तित्व और रणनीतिक हितों के लिए महत्वपूर्ण है। वे इसे अमेरिका द्वारा 19 वीं सदी में रुस से खरीदे गये अलास्का की तरह खरीदना चाहते हैं।

### कोलकाता हत्याकांडः

## एफ.एस.एल. के अनुसार, सेमिनार रूम में रेप व हत्या नहीं हुई

कोलकाता, 24 दिसंबर। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला जूनियर डॉक्टर की रेप और हत्या मामले में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। इसी साल 9 अगस्त को अस्पताल की चौथी मंजिल पर बने सेमिनार रूम से जूनियर डॉक्टर का शव बरामद किया गया था। वहीं, अब इस रूम में बलात्कार और हत्या के कोई सबूत नहीं मिले हैं। केंद्रीय फोरेंसिक अनुसंधान प्रयोगशाला (सी.एफ.एस.एल.) की रिपोर्ट के अनुसार घटनास्थल पर मृतका और हमलावर के बीच हाथापाई और मारपीट के कोई निशान नहीं मिले हैं। आरजी कर अस्पताल मामले की सीएफएसएल रिपोर्ट हाल ही में जांच एजेंसी सीबीआई को सौंपी गई है।

सी.एफ.एस.एल. की रिपोर्ट में विशेष रूप से उल्लेख किया गया कि सेमिनार कक्ष में नीले गद्दे पर मृतका और हमलावर के बीच संभावित हाथापाई के कोई संकेत नहीं मिले हैं।

## पत्नी के हत्यारे पति को आजीवन कारावास

- **अतिरिक्त सत्र न्यायालय ने आरोपी पर एक लाख रूपए का जुर्माना भी लगाया। ज्ञातव्य है कि उक्त आरोपी पर सालों तक पुत्री से दुष्कर्म करने का आरोप भी है, जिसका केस पॉक्सो कोर्ट में चल रहा है।**

जयपुर, 24 दिसंबर। अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-3 महानगर प्रथम ने आपसी विवाद में पत्नी की हत्या करने वाले अभियुक्त पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही, पीठासीन अधिकारी राजेश गोरा ने अभियुक्त पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। वहीं, अभियुक्त के खिलाफ अपनी बेटी से सालों तक दुष्कर्म करने को लेकर पॉक्सो कोर्ट में केस चल रहा है।

अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक ने अदालत को बताया कि अभियुक्त के बेटे ने 1 दिसंबर, 2020 को मानसरोवर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि वह दोपहर को बाजार गया था। शाम को वापस आने पर उसके भाई-बहन घर में थे और बेडरूम का गेट बंद था। जब उसने अपने पिता से मां के बारे में पूछा तो उन्होंने मां के हरिद्वार जाने की बात कही और मां को तलाश करने के नाम पर उसे साथ लेकर बस स्टैंड चले गए। इसके बाद, पिता वहां से कहीं चले गए। जब वह वापस आया तो भाई ने बताया कि मां की लाश पलंग में मिली थी और मामा उसे लेकर अस्पताल गए हैं। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार किया। सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता बेटे ने पुलिस रिपोर्ट से अलग बयान दिए। हालांकि अदालत के सामने आया कि अभियुक्त की बेटी ने पुलिस को बयान दिए थे कि उसके पिता ने करीब छह साल तक उसके साथ दुष्कर्म किया था और उसका मामला पॉक्सो कोर्ट में चल रहा है। इसकी जानकारी उसकी मां को हो गई थी और इसके कारण दोनों में झगड़ा होता था।

## विवाहिता बेटी...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

यह आदेश राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई करते हुए दिए।

मामले से जुड़े अधिवक्ता एस.जे. मूथा ने बताया कि एकलपीठ की याचिकाकर्ता मंजू लता के पिता पुलिस लाइन, बारां में ए.एस.आई. पद पर कार्यरत थे। ड्यूटी के दौरान 20 मार्च 2016 को उसके पिता की मौत हो गई। परिवार में अन्य कोई सक्षम आश्रित नहीं होने पर याचिकाकर्ता की मां ने मई 2016 में अपनी बेटी को मृतक पति के आश्रित के तौर पर अनुकंपा नियुक्ति देने के लिए आवेदन किया, लेकिन पुलिस प्रशासन ने उसका आवेदन यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि बेटी विवाहित है और वह अनुकंपा नियुक्ति की पात्र नहीं है। मंजु लता ने इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता के पक्ष में फैसला देते हुए विवाहित बेटी को अनुकंपा नियुक्ति का हकदार माना और राज्य सरकार को उसे नियुक्ति देने के लिए कहा, लेकिन राज्य सरकार ने आदेश की पालना नहीं की, जिसे याचिकाकर्ता ने अवमानना याचिका के जरिए चुनौती दी। वहीं, राज्य सरकार ने एकलपीठ के आदेश के खिलाफ खंडपीठ में अपील की। अब खंडपीठ ने भी एकलपीठ के आदेश को बरकरार रखते हुए, राज्य सरकार की अपील खारिज कर दी है।

## कार और बस की ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

5 जनों की मृत्यु हो गई। कार मध्यप्रदेश के नम्बर की बताई जा रही है। समाचार लिखे जाने तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है।

करौली चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रामकेश मीणा ने बताया कि दुर्घटना की सूचना जिला कलेक्टर से प्राप्त हुई थी। एंबुलेंस के जरिए मृतकों को अस्पताल लाया गया। 4 जनों को चिकित्सक ने मृत घोषित कर पोस्टमार्टम के लिए मुर्दाघर में रखवा दिया है।

उन्होंने बताया कि एक महिला, जो गंभीर रूप से घायल हुई थी, को गंगापुर ले गए, जहां अस्पताल पहुंचते ही उसकी मृत्यु हो गई।

डॉक्टर रामकेश मीणा ने बताया कि बस में सवार यात्रियों में से करीब डेढ़ दर्जन महिला पुरुष घायल हुए हैं, जिनको करौली चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। बस में सवार लोगों ने बताया कि एक ब्रेकर था, जिस पर कार चालक का संतुलन बिगड़ने से कार बस के सामने आ गई और टकरा गई।

## बेलगांव में 26 दिसम्बर...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सप्ताह के विरोध-प्रदर्शन आयोजित किये तथा उसके बाद राष्ट्रपति मुर्मू को एक ज्ञापन दिया, जिसमें गृह मंत्री अमित शाह द्वारा किये गये बाबासाहेब अंबेडकर के अपमान को लेकर, उनके इस्तीफे की माँग की गई।

वेणुगोपाल ने कहा, "देश यह अपेक्षा कर रहा है कि गृह मंत्री इस मुद्दे पर क्षमा याचना करेंगे, यह देश को आशा और अपेक्षा थी, लेकिन क्या हुआ। इसके बाद भी, वे दिन-पर-दिन अंबेडकर जी की विरासत का अपमान करने की कोशिश कर रहे हैं। हर दिन वे सवंधान की महत्ता को नष्ट करने की कोशिश करने की कोशिश कर रहे हैं। वे चुनाव-प्रक्रिया की पूरी तरह से जड़ काट रहे हैं। वे लोकतांत्रिक सिद्धांतों की काट-छाँट कर रहे हैं। यही कारण है कि हम बेलगांव में विस्तृत-चर्चा करेंगे तथा इस मुद्दे का निश्चित रूप से मजबूत "फॉलो अप" किया जायेगा।"

जयराम रमेश ने कहा कि बेलगांव का एक ऐतिहासिक महत्व है। इसका कारण केवल यही नहीं कि महात्मा गांधी 100 वर्ष पहले यहाँ कांग्रेस अध्यक्ष बने थे, एक कारण यह भी है कि 26 दिसम्बर, 1924 को डॉ.एन.एस. हार्दिकर ने सेवा दल का शुभारंभ यहीं से किया था। वेणुगोपाल ने कहा कि बेलगांव की सी.डब्ल्यू.सी. मीटिंग से राहुल गांधी की "नव सत्याग्रह यात्रा" का शुभारंभ होगी, उन्होंने कहा कि इस मीटिंग में साल-भर चलने वाले कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श एवं निर्णय होगा।

उन्होंने कहा, पार्टी की रणनीति बिल्कुल साफ है- भाजपा की योजना से लड़ना तथा अमित शाह के इस्तीफे पर जोर देना। उन्होंने कहा कि भाजपा रोजाना मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की रणनीति गुरुवार की संसद की सी.सी.टी.वी. फुटेज के लिये दबाव बनाने की है।

वेणुगोपाल ने यह घोषणा भी की कि बेलगांव में सी.डब्ल्यू.सी. पार्टी के संगठनात्मक ढाँचे तथा 2025 में संगठन में होने वाली फेरबदल के बारे में निर्णय लेगी।

## भारत अमेरिका के ...


( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आकर्षित करने का प्रयास कर रहा है जो चीन से बाहर जाने की योजना बना रहे हैं।

ध्यान देने वाली बात यह है कि ट्रम्प ने सभी आयातों पर 10 से 20 प्रतिशत का बेसलाइन शुल्क प्रस्तावित किया है और जो देश डॉलर पर निर्भरता घटाने जैसे अन्य अनुचित कार्यों में संलग्न होंगे, उन पर शुल्क बढ़ाया भी जा सकता है। इसके तहत कैनडा और मैक्सिको पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने और चीन पर दस प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की गई है। व्यापारिक नीतियों की अनिश्चितता अन्तर्राष्ट्रीय निवेश को हतोत्साहित कर सकती है। आर्थिक विकास को रोक सकती है, क्योंकि व्यवसायों को बदलते नियमों के अनुकूल योजना बनाने में मुश्किल आ सकती है। इसके अलावा दक्षिण कोरिया जैसे देश संभावित अमेरिकन शुल्कों को लेकर चिंतित है, जो उनकी अर्थव्यवस्थाओं को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकते है। इन देशों की राजनीतिक अस्थिरता अमेरिका को जवाब देने की उनकी क्षमता को और कमज़ोर कर सकती है।









राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 **जयपुर कार्यालय:** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 **कोटा कार्यालय :** पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033 **बीकानेर कार्यालय :** कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371 **अजमेर कार्यालय:** राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालय :** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908